संसेक्स 73,327.94 ▲ +759.48
डॉलर 82.851 ▼ -0.022

तापमान (डिग्री सेल्सियस)
आज का अनुमान

| | अधिकतम | न्यूनतम | (न्यूनतम) |
|---|---|---|---|
| रांची | 22.0 | 09.0 | 15.0 |
| धनबाद | 22.0 | 10.0 | 16.0 |
| जमशेदपुर | 27.0 | 12.0 | 19.0 |
| पलामू | 22.0 | 07.0 | 16.0 |


ईश्वर में हमारा विश्वास

# राष्ट्रीय नवीन मेल

सत्यमेव जयते





डालटनगंज (मेदिनीनगर), पौष शुक्ल पक्ष 05, विक्रम संवत 2080 डालटनगंज (मेदिनीनगर), मंगलवार, 16 जनवरी 2024, वर्ष-30, अंक- 91, पृष्ठ-12, मूल्य ₹2.00, रजिस्ट्रेशन नं: आरएनआई. 61316/94 www.rastriyanaveenmail.com




संपादकीय श्रीराम मंदिर सांस्कृतिक पुनर्जागरण का अमृतकाल...8


डालटनगंज (मेदिनीनगर) एवं रांची से एक साथ प्रकाशित


बिग बी ने घर बनाने के लिए अयोध्या में ...10 देश/विदेश







## पलामू सर्राफा

सोना (10 ग्राम) 62,710

चांदी (किलो) 72,610

## एक नजर

### लिंक रेक के विलंब से चलने की वजह से दो ट्रेनें रहेंगी रद्द

**रांची।** लिंक रेक के विलंब से चलने और रेक की अनुपलब्धता के कारण रांची रेल मंडल से होकर परिचालित दो ट्रेनें रद्द रहेंगी। सोमवार को रेलवे से मिली जानकारी के अनुसार ट्रेन संख्या 22823 भुवनेश्वर - नई दिल्ली राजधानी एक्सप्रेस ट्रेन (वाया - मूरी) यात्रा प्रारंभ 16 जनवरी को भुवनेश्वर से रद्द रहेगी। जबकि ट्रेन संख्या 22824 नई दिल्ली - भुवनेश्वर राजधानी एक्सप्रेस ट्रेन (वाया - मूरी) यात्रा प्रारंभ 17 जनवरी को नई दिल्ली से रद्द रहेगी।

### केसीआर की बेटी कविता को फिर ईडी का नोटिस

**दिल्ली/ हैदराबाद।** प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने दिल्ली शराब घोटाला मामले में आज (सोमवार) भारत राष्ट्र समिति (बीआरएस) एमएलसी कल्वाकुंतला कविता को नोटिस भेजा है। नोटिस में कल (मंगलवार) कल होने वाली पूछताछ में शामिल होने के लिए कहा गया है। नोटिस के बाद सभी की निगाहें इस बात पर हैं कि कविता इस समन के मुताबिक पूछताछ के लिए पहुंचेंगी या इसे नजरअंदाज करेंगी। उल्लेखनीय है कि पिछले साल मार्च में ईडी ने कविता से इस संबंध में कई बार पूछताछ की थी। इस बीच कविता ईडी के नोटिस के खिलाफ सुप्रीम कोर्ट का दरवाजा खटखटा चुकी हैं। सुप्रीम कोर्ट ने ईडी को निर्देश दिया था कि 20 नवंबर तक कविता को पूछताछ के लिए नहीं बुलाए जाय।

# मुख्यमंत्री फिर नहीं गये ईडी दफ्तर, आठवें समन का भेजा जवाब

## सीलबंद लिफाफा लेकर ईडी कार्यालय पहुंचा सचिवालय कर्मी

नवीन मेल संवाददाता

**रांची।** 1250 करोड़ रुपये के अवैध पत्थर खनन मामले व मनी लॉन्ड्रिंग के संदर्भ में ईडी द्वारा लिखे गए कड़े पत्र का जवाब सोमवार को मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने भी कड़ा रुख के साथ दिया। उन्होंने एक बार फिर से ईडी कार्यालय में जाने की हामी नहीं भरी और प्रवर्तन निदेशालय को पत्र भेजा है। केंद्रीय जांच एजेंसी ईडी साहिबगंज में हुए 1250 करोड़ रुपये के अवैध पत्थर खनन मामले व मनी लॉन्ड्रिंग की जांच में जुटी हुई है। इस सिलसिले में बारी-बारी से लोगों को तलब किया जा रहा, उनसे पूछताछ की जा रही है, कहीं-कहीं छापामारी भी जारी है। सीएम सोरेन से भी पूछताछ होनी है, लेकिन अब तक आठ समन भेजे जाने के बाद भी वह एक बार भी ईडी कार्यालय नहीं पहुंचे हैं। जमीन घोटाला मामले में ईडी ने मुख्यमंत्री को कड़ा पत्र लिखते हुए पीएमएल अधिनियम ▸▸ शेष पृष्ठ 11 पर



### सीएमओ कर्मी ईडी दफ्तर के बाहर दिखा

मुख्यमंत्री कार्यालय का एक कर्मी बंद लिफाफे में सीएम का जवाब लेकर ईडी कार्यालय पहुंचा था। ईडी कार्यालय के सामने उसने इस बात की पुष्टि की कि वह सीएमओ का पत्र लेकर आया है।

### मुख्यमंत्री को कब-कब भेजा गया समन

- 14-8-2023
- 24-8-2023
- 9-9-2023
- 23-9-2023
- 4-10-2023
- 12-12-2023
- 12-1-2024

### आर्किटेक्ट विनोद सिंह ईडी के समन के बावजूद नहीं पहुंचे कार्यालय

**रांची।** साहिबगंज में हुए अवैध खनन मामले में ग्रीड कंसल्टेंट के आर्किटेक्ट विनोद सिंह सोमवार को प्रवर्तन निदेशालय( ईडी) के समन के बावजूद ईडी के क्षेत्रीय कार्यालय नहीं पहुंचे। उनकी ओर से कोई सूचना भी ईडी को नहीं भेजी गई है। इससे पहले ईडी ने बीते 11 जनवरी को साहिबगंज डीसी रामनिवास यादव को पूछताछ के लिए बुलाया था। हालांकि वे ईडी के समक्ष उपस्थित नहीं हुए थे। ईडी ने गत छह जनवरी को समन जारी करते हुए साहिबगंज डीसी रामनिवास यादव को 11 जनवरी, विनोद सिंह को 15 जनवरी और मुख्यमंत्री के प्रेस सलाहकार अभिषेक प्रसाद उर्फ पिंटू को 16 जनवरी को ईडी के क्षेत्रीय कार्यालय में पूछताछ के लिए हाजिर होने को कहा था। उल्लेखनीय है कि ईडी ने ▸▸ शेष पृष्ठ 11 पर

# मेरी सरकार के 10 साल गरीबों को समर्पित : पीएम नरेन्द्र मोदी

## आदिवासी कल्याण योजना के तहत एक लाख लोगों को पहली किश्त जारी की

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने सोमवार को वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से प्रधानमंत्री जनजाति आदिवासी न्याय महा अभियान (पीएम-जनमन) के अंतर्गत प्रधानमंत्री आवास योजना-ग्रामीण (पीएमएवाई-जी) के 1 लाख लाभार्थियों को पहली किश्त जारी की। प्रधानमंत्री ने इस अवसर पर पीएम-जनमन के लाभार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि देश तभी विकसित हो सकता है जब सरकारी योजनाओं का लाभ सभी तक पहुंचे। उन्होंने कहा कि मेरी सरकार के 10 गरीबों को समर्पित रहे हैं। मोदी ने कहा कि पीएम-जनमन लाभार्थियों से बात करके खुशी हुई। हमारी सरकार ने आदिवासियों के कल्याण के लिए तत्परता से काम किया है।प्रधानमंत्री ने कहा कि आज एक ओर जब अयोध्या में दीपावली मनाई जा रही है, तो दूसरी ओर एक लाख अति पिछड़े जनजातीय भाई-बहन जो मेरे परिवार के ही सदस्य हैं, ये मेरे जनजातीय परिवार, अति पिछड़े जनजातीय परिवार उनके घर दिवाली मन रही है, यह अपनेआप में मेरे लिए बड़ी खुशी है।उन्होंने कहा कि आज की राज-कथा बिना गरीब, बिना वंचित, बिना वनवासी भाई-बहनों के कल्याण के संभव ही नहीं है। इसी सोच के साथ हम लगातार काम कर रहे हैं। हमने 10 साल गरीबों को समर्पित किए। गरीबों को 4 करोड़ से अधिक पक्के घर बनाकर के दिए हैं। जिनको कभी किसी ने पूछा नहीं, उनको मोदी आज पूछता भी है और पूजता भी है।प्रधानमंत्री ने कहा कि सरकार की योजनाएं अति पिछड़े जनजातीय भाई-बहन तक पहुंचे, यही पीएम जनमन महाअभियान का उद्देश्य है। हमारे देश का विकास तभी हो सकता है जब समाज में ▸▸ शेष पृष्ठ 11 पर




### प्रधानमंत्री ने शशि किरण बिरजिया से की बात

**गुमला।** पीएम जन मन महाअभियान के तहत सोमवार को देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बिशुनपुर प्रखंड के जोभी पाठ पंचायत अंतर्गत टूटवापानी निवासी विलुप्तप्राय आदिम जनजाति समुदाय की शशि किरण बिजिया से सीधी बात की। प्रधानमंत्री ने जिले के धरातलीय स्थिति की जानकारी ली एवं लाभार्थियों को मिलने वाले लाभ के बारें में पूछा। शशि किरण ने बताया कि वह एवं उनका परिवार कृषि कार्य ▸▸ शेष पृष्ठ 11 पर

#### बिहार में मॉब लिंचिंग में

# पलामू के तीन युवकों सहित चार की मौत

नवीन मेल संवाददाता



**मेदिनीनगर/हुसैनाबाद।** बिहार के औरंगाबाद जिले में सोमवार को घटित माब लिंचिंग की घटना में पलामू निवासी तीन युवकों की मौत हो गयी।कार पार्किंग विवाद में कार सवारों ने एक व्यक्ति की गोली मारकर हत्या कर दी। इससे उपजे आक्रोश के चलते स्थानीय लोगों ने कार सवार पलामू झारखंड निवासी तीन युवकों को पीट-पीटकर मार डाला। जबकि दो अन्य की स्थिति नाजुक बनी हुई है। जिला के हैदरनगर थाना क्षेत्र के वकील अंसारी, मुजाहिद राइन, चमन मंसूरी, लड्डू शर्मा उर्फ अजीत कार से सोमवार को बिहार में सासाराम स्थित शेरशाह सूरी का मकबरा देखने जा रहे थे। इसी बीच झारखंड-बिहार के सीमावर्ती क्षेत्र के नबीनगर थाना क्षेत्र के तेतरिया मोड़ के समीप एक दुकान के पास कार खड़ा करने को लेकर युवकों का दुकानदार से विवाद हो गया। बात बढ़ने पर कार सवार एक युवक ने पिस्टल से दुकानदार पर गोली चला दी। लेकिन गोली दुकानदार को न लगकर वहां बैठे बुजुर्ग रामशरण चौहान को लगी तथा मौके पर ही उनकी मौत हो गयी। इसकी ▸▸ शेष पृष्ठ 11 पर

### कार पार्किंग को लेकर दुकानदार से विवाद पर युवकों की गोली से वृद्ध की मौत से आक्रोशित ग्रामीणों ने दिया घटना को अंजाम

# पलामू में स्वच्छ मोहल्ला, स्वच्छ ग्राम, अयोध्या धाम अभियान शुरू

## सांसद के नेतृत्व में श्रीराम-जानकी मंदिर में की गयी सफाई

नवीन मेल संवाददाता

**मेदिनीनगर।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आह्वान पर सोमवार से जिले में मंदिरों में साफ-सफाई अभियान शुरू किया गया। सांसद पलामू विष्णु दयाल राम ने संसदीय क्षेत्र अंतर्गत मेदिनीनगर के जनकपुरी स्थित श्रीराम-जानकी मंदिर में साफ-सफाई की। भाजपा जिलाध्यक्ष विजया नंद पाठक, प्रदेश प्रशिक्षण प्रमुख मनोज सिंह, प्रथम उप ▸▸ शेष पृष्ठ 11 पर



# सुरक्षाबलों व टीएसपीसी नक्सलियों में भीषण मुठभेड़

- एरिया कमांडर को भी लगी गोली, साथ लेकर भाग निकले नक्सली
- बारूद और अमेरिकन व लूटे गये हथियार बरामद

## 25 लाख के इनामी नक्सलियों के दस्ते के साथ हुआ एनकाउंटर

## एसपी ने कहा, चिन्हित कर करेंगे कठोर कार्रवाई

नवीन मेल संवाददाता

**चतरा/कुंदा।** जिले के चतरा-पलामू बॉर्डर पर अहले सुबह नक्सल विरोधी अभियान पर निकली चतरा पुलिस, सीआरपीएफ और जगुआर की संयुक्त टीम की प्रतिबंधित टीएसपीसी नक्सलियों के साथ भीषण मुठभेड़ हुई, जिसमें सुरक्षा बलों को नक्सलियों के विरुद्ध बड़ी सफलता मिली है। हालांकि खुद पर पुलिस को भारी पड़ता देख नक्सली जंगल का लाभ उठाकर भागने में सफल रहे। इसके बाद सुरक्षाबलों द्वारा क्षेत्र में चलाए गए सर्च अभियान में नक्सलियों के हथियार और ▸▸ शेष पृष्ठ 11 पर



### मुठभेड़ में घायल एरिया कमांडर की तलाश में पुलिस, घेराबंदी तेज

पुलिस-नक्सली मुठभेड़ में एक एरिया कमांडर को भी गोली लगने की सूचना है, जिसे उसके साथी घायल अवस्था में अपने साथ लेकर भाग निकले हैं। नक्सली घायल एरिया कमांडर का इलाज करने का प्रयास कर रहे हैं। इस सूचना पर पुलिस सभी संभावित इलाकों की भी तलाशी ले रही है।

## इंडिया

# बढ़ते विकास के साथ बढ़ती दुर्घटनाओं से विचलित झारखंड



सुनील बादल

**रोटी** कपड़ा और मकान से निश्चिंत झारखंड में अगली मांग गाड़ी की होती है । धीरे झधीरे अदृश्य सा विकास गांवों तक पहुंच गया है और साइकिल से चलने वाला शायद ही कोई अधेड़ या युवा मिले क्योंकि दुपहिया वाहनों ने तेज सवारी से लेकर सामान ढोने जैसे बहुविकल्पों के कारण अपनी जगह बना ली है । बदले हुए झारखंड के गांवों में भी अब विदेशी मॉडल से लेकर महंगी बाइक आम हो गई हैं । शहरी क्षेत्र में भी फिल्मों ने युवाओं को जुनूनी बना दिया है जिससे वे किसी भी कीमत पर महंगी से महंगी मोटरसाइकिल खरीदना चाहते हैं । ऐसे अनेक मामले आए हैं जिसमें अभिभावकों को ब्लैकमेल कर स्कूली बच्चे महंगी बाइक लेते हैं । दूसरी तरफ न्यायालयों के कड़े निर्देशों और केंद्र और राज्य सरकारों के अनेक प्रयासों के बाद भी सड़क दुर्घटनाओं में लगातार वृद्धि होती जा रही है । 2021 की तुलना में 2022 में 16 प्रतिशत दुर्घटनाएं बढ़ी हैं। यहां सड़क दुर्घटनाओं से हुई मृत्यु के मामलों में 11 प्रतिशत की बढ़ोतरी दर्ज की गई थी। जबकि घायलों की संख्या में 16 प्रतिशत की बढ़ोतरी हुई है। गत वर्ष सरकार ने इसपर संज्ञान लेकर संबंधित अधिकारियों से सड़क हादसों में कमी लाने के लिए किए जा रहे प्रयासों को पूरी मुस्तैदी से करने का निर्देश दिया था। उन्होंने चिह्नित ब्लैक स्पॉट पर सुरक्षात्मक उपायों को पूरा करने, जागरूकता और यातायात नियमों की अनदेखी करने वालों के खिलाफ सख्ती करने का निर्देश दिया था। आंकड़ों की बात करें तो राज्य में 2021 में 4,728 सड़क दुर्घटनाओं में 3,513 लोगों की जानें गई और 3,227 घायल हुए। वहीं दूसरी ओर 2022 के दौरान 5,174 सड़क दुर्घटनाएं हुई। इनमें 3,898 लोगों की मौत हो गई और 3,745 घायल हुए।




कारणों की बात करें तो कुछ कारण बिल्कुल मामूली पर बहुत खतरनाक हैं जैसे लापरवाही और अज्ञानता से अधिकांश लोग छोटी सड़कों से लेकर सबसे तेज गति वाले एक्सप्रेस हाइवे तक में गांवों की पगडंडियों की तरह चलते ही नहीं हैं बल्कि बिना देखे सड़क पार करते हैं। ड्राइविंग लाइसेंस में अभी भले कड़ाई हुई हो पर दशकों से बिना किसी परीक्षण या प्रशिक्षण के लाइसेंस लेने वाले सिर्फ गाड़ी चलाना जानते हैं न कि सड़क की सुरक्षा या सिग्नल प्रणाली के बारे में । झारखंड की अधिकांश सड़कें पहले से बहुत अच्छी और चौड़ी हुईं हैं जिसमें हर आदमी की गति बढ़ गई है जबकि बिना सिग्नल दिए सड़कों के बाएं या दाएं घूमने वाले लोगों का प्रतिशत बहुत ज्यादा है जो अपने लिए ही नहीं बल्कि सभी के लिए खतरा बन जाते हैं ।इसी प्रकार पुरानी बिना डिवाइडर वाली सड़कों पर जहां चाहें उल्टा सीधा घूमने या मुड़ने वाले लोग आधा किलोमीटर बचाने के लिए रौंग साइड से जाकर कितने निदोर्षों की जान ले चुके हैं पर अभी भी इनपर रोक नहीं है । कुछ दिनों पूर्व ओरमांझी में इसी कारण बड़ी दुर्घटनाएं हुई थी । दुर्घटनाओं का बड़ा कारण नशापान तो है ही ओवरस्पीड और असुरक्षित ओवरटेक भी है । सड़कों पर जगह झजगह गति सीमा लिखी होती है पर इसे गंभीरता से नहीं लिया जाता साथ ही गति सीमा मापने वाली झारखंड सरकार की लाखों की गाड़ी भी हाइवे के बजाय रांची राजभवन और सीएम आवास के आसपास घूमती देखी जाती है जिससे लोगों को मनमानी स्पीड की छूट मिल जाती है । राज्य के किसी भी थाने या हाइवे में स्पीड की जांच नहीं हो रही जिससे आंधी तूफान की तरह चलने वाली लंबी दूरी की बसों के अलावा एसयूवी पर कोई रोक नहीं है । रांची की तरह हेल्मेट दोनों दुपहिया सवारों के लिए झारखंड के किसी भी शहर में आवश्यक नहीं है । दूसरे राज्यों की तरह गाड़ियों की नियमित जांच के बजाय पर्व त्योहारों या विशिष्ट लोगों की यात्रा के समय सघनता से जांच होती है जिससे लोग लापरवाह हो जाते हैं । एक बड़ा कारण घटिया हेल्मेट का प्रयोग और उसके फीते नहीं बांधना भी है जिससे हेल्मेट अनुपयोगी होकर रक्षा नहीं करता । अंत में कहा जा सकता है कि हे ईश्वर इन्हें क्षमा करना ये नहीं जानते कि ये क्या कर रहे हैं।

# दूसरे दिन सेकमाई से शुरू हुई भारत जोड़ो न्याय यात्रा, रात में नगालैंड में रुकी



**इंफाल (एजेंसी)।** कांग्रेस नेता राहुल गांधी की भारत जोड़ो न्याय यात्रा सोमवार को मणिपुर के इंफाल पश्चिम जिले के सेकमाई से दूसरे दिन में प्रवेश कर गई। नगालैंड में रात रुकने से पहले यात्रा सेकमाई से मणिपुर के कांगपोकपी और सेनापति तक जाएगी। कांग्रेस महासचिव जयराम रमेश ने सेवा दल और मणिपुर के पीसीसी अध्यक्ष कीशम मेघचंद्र ने ध्वजारोहण के साथ दिन की यात्रा शुरू होने की घोषणा की। पार्टी की सोशल मीडिया प्रतिनिधि सुप्रिया श्रीनेत ने बेरोजगारी, महंगाई, गरीबी, अपराध और असुरक्षा जैसे मुद्दों के खिलाफ एकजुट होने का आह्वान किया। रविवार को मणिपुर के थौबल से हरी झंडी दिखाकर रवाना की गई यात्रा 67 दिनों में 110 जिलों में 6,700 किलोमीटर से अधिक की दूरी तय करेगी। यात्रा शुरू होने से पहले पार्टी नेताओं और कार्यकताओं ने राज्य हिंसा के पीड़ितों के लिए कुछ क्षण का मौन रखा।

## एक नजर

### कल मनेगा एनपीयू का 15वां स्थापना दिवस

**मेदिनीनगर।** नीलांबर-पीतांबर विश्वविद्यालय का 15वां स्थापना दिवस 17 जनवरी को धूमधाम से मनाया जायेगा। इसमें कुलाधिपति के शिक्षा सलाहकार डॉ. ए बाला गुरुसामी बतौर मुख्य अतिथि मौजूद रहेंगे। विशिष्ट अतिथि के रूप में राजभवन के ओएसडी विश्वविद्यालय डा. संजीव राय होंगे। प्रभारी कुलपति डा. तपन कुमार शांडिल्य ने बताया कि विश्वविद्यालय की स्थापना 17 जनवरी 2009 को की गयी थी।

### मेला सह सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन

**पाटन।** मकर संक्रांति के अवसर पर छतरपुर विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत भिखी पल्हवा मे मेला सह सांस्कृतिक कार्यक्रम का उद्घाटन जिला कांग्रेस दलित प्रकोष्ठ के अध्यक्ष अशोक पासवान व मजदूर कांग्रेस जिला अध्यक्ष अनिल पासवान ने किया। मेले मे श्रद्धालुओं के साथ आसपास के लोगों की भारी भीड़ उमड़ी। इस दौरान सभी ने सांस्कृतिक कार्यक्रम का आनंद लिया। मौके पर अभय पांडे,कमलेश दुबे, संजय पासवान, छोटू यादव मोजूद रहे।

### होटल व रेस्टोरेंट का शुभारंभ

**पांकी।** पांकी शहीद भगत सिंह चौक के समीप केडी मार्केट में आज गुप्ता रेस्टोरेंट का पांकी पूर्वी मुखिया प्रेम प्रसाद गुप्ता, उप प्रमुख अमित कुमार चौहान ने विधिवत रूप से पूजा पाठ कर एवं फीता काटकर उद्घाटन किया। इस मौके पर प्रोपराइटर शंकर प्रसाद गुप्ता ने कहा कि शहर का यह इकलौता रेस्टोरेंट है। लजीज व्यंजनों के साथ-साथ चाइनिज व स्पेशल, छोले-बटूरे सहित ग्राहकों के मनपसंद व्यंजन उपलब्ध होंगे। मौके पर अखिलेश प्रसाद गुप्ता, उमेश प्रसाद गुप्ता, संजीव कुमार, उपेंद्र कुमार, सूरज कुमार उपस्थित थे।

### राम भक्तों और श्रद्धालुओं को निमंत्रण देने का कार्य शुरू

**पांकी।** प्रखंड मुख्यालय से लेकर विभिन्न गांवों में श्रीराम जन्मभूमि मंदिर में रामलला के प्राण प्रतिष्ठा समारोह में राम भक्तों और श्रद्धालुओं को निमंत्रण देने का आगाज हो गया है। देशभर के पांच लाख से अधिक गांवों और शहरी इलाकों में अक्षत वितरण किया जा रहा है। इसी कड़ी में आज पांकी पूर्वी पंचायत के मुखिया प्रेम प्रसाद गुप्ता एवं पांकी प्रखंड के भाजपाइयों ने अक्षत एवं निमंत्रण कार्ड वितरण किया।

### पलामू जिला कांग्रेस कार्यकारिणी की बैठक आज

**मेदिनीनगर।** झारखंड प्रदेश कांग्रेस के निर्देष पर 16 जनवरी को पलामू जिला कांग्रेस कार्यकारिणी सदस्यों की बैठक होगी। पलामू जिला कांग्रेस अध्यक्ष बिट्टू पाठक ने बताया कि पलामू परिसदन के सभागार में बैठक सुबह 11 बजे से होगी। बैठक में बतौर मुख्य अतिथि पलामू जिला प्रभारी विनय सिन्हा उपस्थित रहेंगे। जिलाध्यक्ष ने पलामू जिला के सभी सम्मानित विशेष आमंत्रण सदस्य, कार्यसमिति सदस्य, पलामू जिला कांग्रेस कमेटी के सभी पदाधिकारी, प्रखंड अध्यक्ष व कांग्रेस पार्टी सभी मोर्चा अध्यक्ष से बैठक में ससमय भाग लेने की अपील की है।

### चोरी का सामान के साथ आरोपी गिरफ्तार

**सतबरवा।** पलामू जिले के सतबरवा प्रखंड क्षेत्र के सेहरा गांव में नीलांबर-पीतांबरपुर थाना की पुलिस ने छापेमारी करके शनिवार को चोरी के सामान के साथ एक आरोपी को गिरफ्तार कर रविवार को जेल भेज दिया है। आरोपी के घर में शराब भी बनाई जा रही थी, जिसे पुलिस ने बहा दिया और शराब बनाने का सामान नष्ट कर दिया है। बीते साल गर्मी की छुट्टी के दौरान सेहरा गांव के मुखिया का भतीजा और पुतोहू, मेदिनीनगर के कचरवा डैम के पास किराए के मकान से अपने पैतृक आवास सेहरा आए थे। उसी दरमियान कचरवा डैम रोड के सूने घर में चोरी की घटना हुई थी। लेस्लीगंज के थाना प्रभारी बिट्टू कुमार ने बताया कि अशोक पासवान के घर से आठ सोलर प्लेट, तार काटने का मशीन आदि बरामद किया गया है।

### तरहसी के बेदानी चौक से पुलिस ने की कार्रवाई

# नशीली दवा बेचते मामा-भांजे गिरफ्तार


गिरफ्तार आरोपी

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** प्रतिबंधित नशीली दवा कोरेक्स की खरीद-बिक्री करने के आरोप में जिले के तरहसी के बेदानी चौक से मामा-भांजे को गिरफ्तार किया गया है। उनके पास से 90 बॉटल प्रतिबंधित कोरेक्स दवा बरामद की गयी है। प्रत्येक बॉटल में 100 एमएल दवा भरी हुई पाई गई है। दोनों को सोमवार को न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया। उनकी पहचान मटपुरही के 29 वर्षीय अमित कुमार पांडे पिता अंजनी पांडे एवं 20 वर्षीय चिलहो के नितेश पांडे के रूप में हुई है। दोनों बेदानी चौक पर गुमटीनुमा दुकान में नशीली दवा की खरीद-बिक्री करते थे। तरहसी थाने के पुलिस अवर निरीक्षक सुमित कुमार दास ने बताया कि गश्त के दौरान मिली गुप्त सूचना के आधार पर कार्रवाई की गयी है। उन्होंने कहा कि नशीले पदार्थों के कारोबार को लेकर पुलिस पूरी तरह सजगता बरत रही है। किसी भी स्थिति में क्षेत्र में उक्त कारोबार को नहीं होने दिया जायेगा।

### बिहार के गया का व्यक्ति देता था दवा

आरोपियों ने पुलिस के पूछताछ के दौरान बताया कि एक वर्ष पूर्व बिहार के गया से एक व्यक्ति पेट्रोल पंप पर तेल भरवाने के लिए आया था। उसने अधिक मुनाफा कमाने का लालच देकर उन्हें कोरेक्स दवा बेचने के लिए कहा था। उसके द्वारा लगातार दवा लाकर बेचने के लिए दिया जाता था। प्रत्येक दिन 8 से 10 बॉटल दवा बेच दी जाती थी।

### ग्रामीण क्षेत्रों में गोलीबारी से लोगों में दशहत



**पाटन।** स्थानीय राजहरा गांव निवासी 50 वर्षीय कंचन दुबे के किराना दुकान पर अज्ञात अपराधियों द्वारा रविवार की रात की गयी गोलीबारी से क्षेत्र में दहशत का माहौल कायम है। घटना में दुकानदार बाल-बाल बचे। कंचन ने बताया कि रविवार को रात में वे अपनी दुकान का शटर बंद कर अंदर सोये हुये थे। रात्रि मे करीब 12:30 बजे वहां पहुंचे दो-तीन अपराधियों ने दुकान खुलवाने का प्रयास किया। दुकान नहीं खोलने पर अपराधियों ने फायरिंग कर दी। जिससे दुकान के शटर में छेद हो गया तथा दुकान के काउंटर मे लगा शीशा चकनाचूर हो गया। इसकी सूचना मिलने पर तुरंत मौके पर पहुंचे किशुनपुर ओपी के एएसआई संतोष कुमार ने घटनास्थल पर पहुंचकर जांच-पड़ताल की। पुलिस ने घटनास्थल से गोली का दो खोखा बरामद किया है। पीड़ित ने अज्ञात अपराधियों के बीच थाने में मामला दर्ज कराया है।

### मकर संक्रांति पर सूर्य मंदिर में भव्य सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन

# सांस्कृतिक कार्यक्रम से भाईचारे को मिलता है बढ़ावा


कार्यक्रम का उद्घाटन करते मुख्य अतिथि

**नवीन मेल संवाददाता**

**हुसैनाबाद।** प्रखंड के दंगवार सुर्य मंदिर मेला कमेटी के तत्वावधान में मकरसंक्रांति के अवसर पर आयोजित भक्ति जागरण सांस्कृतिक कार्यक्रम का उद्घाटन सोमवार को भाजपा सैन्य प्रकोष्ठ के प्रदेश संयोजक सह किसान ब्रिगेड के संरक्षक कर्नल संजय कुमार सिंह ने दीप प्रज्ज्वलित कर किया। अपने संबोधन में उन्होंने कहा कि सांस्कृतिक कार्यक्रम से लोगों का जहां मनोरंजन होता है। वहीं दूसरी ओर लोगों के ज्ञान में वृद्धि होती है तथा आपसी भाईचारे को बढ़ावा मिलता है। भक्ति भावना से सोन नदी तट पर सूर्य को एक समान आदर और सम्मान देती हमारी सभ्यता हमें प्रकृति का पूजा करने की प्रेरणा देती है। उन्होंने उपस्थित लोगों से बाईस जनवरी को अपने घरों, मंदिरों आदि जगहों पर दीप जलाने का अनुरोध भी किया। सांस्कृतिक कार्यक्रम के दौरान बाहर से आये व स्थानीय कलाकारों ने एक से बढ़कर एक भक्ति कार्यक्रम प्रस्तुत कर लोगों की खूब वाहवाही लूटी। मौके पर मेला कमेटी के अध्यक्ष वकील सिंह, मनोज प्रसाद गुप्ता, विवेक गुप्ता, राजकुमार मेहता, संतलाल चौधरी, राकेश चौधरी, प्रमोद पासवान, बद्रीनारायण सिंह, मृत्युंजय सिंह मौजूद रहे।

# आरएसएस ने मकर संक्रान्ति उत्सव मनाया



**नवीन मेल संवाददाता**

**हुसैनाबाद।** सोमवार को हरिनगर खंड के बिलासपुर मंडल अंतर्गत स्वामी विवेकानंद संयुक्त शाखा (आरएसएस) लपेया में प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी बड़े ही धूम धाम और हर्षोल्लास के साथ मकर संक्रान्ति उत्सव मनाया गया। इस दौरान स्वयंसेवकों ने अपने-अपने घरों से तिलकुट, चूड़ा, गुड़,लाई लाकर एक साथ सहभोज किया। मौके पर आरएसएस के विभाग सेवा प्रमुख देवदत्त कुमार सिंह ने अपने संबोधन में उत्सव संबंधित जानकारी दी। उन्होंने कहा कि हमें जाति पंथ से उठकर राष्ट्र हित के उत्थान के लिए सदैव तत्पर रहना चाहिये। मौके पर हरिनगर खंड कार्यवाह संजय , राजकुमार राम,सोनू सिंह,देवेंद्र सिंह ,चंदन आदि उपस्थित रहे।

### ग्रासिम इंडस्ट्रीज प्रबंधन ने की पहल

# जरूरतमंदों के बीच कंबल का वितरण



**नवीन मेल संवाददाता**

**विश्रामपुर।** बढ़ती ठंड के मद्देनजर नगर परिषद क्षेत्र के रेहला में स्थित ग्रासिम इंडस्ट्रीज प्रबंधक के द्वारा बेलचंपा परिसर में जरूरत मंद वृद्ध, विधवा व बुजुर्ग महिलाओं के बीच कंबल का वितरण किया गया। वितरण से पूर्व ग्रासिम इंडस्ट्रीज के रेहला इकाई के एमडी हितेंद्र अवस्थी ने कहा की मानव कल्याण हमारी संस्थान की पहली प्राथमिकता है। जो की अब परंपरा बन चुकी है। समाजसेवा के क्षेत्र में हर वर्ष कुछ न कुछ नये जन कल्याणकारी कार्य होते हैं। मौके पर संस्थान के अनिल गिरी, नितेश पाण्डेय मौजूद थे।

### जांच में जुटी पुलिस, जमीन कब्जा करने की कोशिश से दहशत में परिवार

# विधवा ने थाने में दर्ज करायी जान से मारने की धमकी की शिकायत



**नवीन मेल संवाददाता**

**हुसैनाबाद।** पति की मौत के बाद महिला की जमीन को कब्जाने की कोशिश किये जाने का मामला प्रकाश में आया है। इस संबंध में शहर के अंबेडकर चौक निवासी स्वर्गीय सुरेंद्र सिंह की पत्नी ने हुसैनाबाद थाने में लिखित शिकायत की है। विधवा ने आरोप लगाया है कि उनके पति द्वारा जपला धरहरा में खाता नंबर 118 प्लॉट नंबर 158 , रकबा 2.78 एकड़ जमीन खरीदी है। पति की मृत्यु के बाद उन्होंने उक्त भूमि की कटीले तार से घेराबंदी भी की है। इसी बीच सिंदुरिया गांव के आठ लोग हथियारों से लैस होकर मेरे जमीन पर लगे कटीले तारों को काटने लगे। इसकी जानकारी मिलते ही हम अपने पुत्र के साथ जब जमीन पर पहुंची, तो देखा की लोग तार काट रहें हैं। मना करने पर गाली गलौज करते हुए उन लोगों ने पुत्र राजीव कुमार सिंह पर हमला बोल दिया। छुड़ाने पर उन्होंने उनके गले से सोने का चैन और 4600 रुपए भी छीन लिया। हमलावरों ने धमकी दी कि यहां से भाग जाओ, नहीं तो जान से मार देंगे। इस घटना के बाद मेरा पूरा परिवार दहशत में है। इस संबंध में हुसैनाबाद थाना प्रभारी समीर तिर्की ने बताया कि महिला के लिखित आवेदन के आधार पर प्राथमिकी दर्ज कर मामले की छानबीन शुरू कर दी गई है।

# वाहनों के माइनिंग चालान की जांच



**नवीन मेल संवाददाता**

**हरिहरगंज।** खनिज के अवैध परिवहन पर अंकुश लगाने को लेकर हरिहरगंज थाने के समीप इंटरस्टेट चेक पोस्ट पर सोमवार को हरिहरगंज सीओ यामुन रविदास तथा पुलिस इंस्पेक्टर सह थाना प्रभारी सुदामा कुमार दास ने खनिज परिवहन कर रहे वाहनों के माइनिंग चालान की सघन जांच की। इस दौरान हाईवा, ट्रक तथा अन्य वाहनों को रोककर जांच की गयी। सीओ ने बताया कि खनिज के अवैध परिवहन पर रोक लगाने के लिए लगातार माइनिंग चालान की जांच किया जाएगा। किसी भी सूरत में खनिज का अवैध परिवहन नहीं होने दिया जाएगा। इसे लेकर वाहन चालकों तथा मालिकों को सख्त हिदायत दे दी गयी है। बिना माइनिंग चालान के खनिज पदार्थ का परिवहन करने वाले वाहनों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जायेगी। इस मौके पर दंडाधिकारी जयप्रकाश सिंह, एसआई रेणुका टुडू, एएसआई संजय कुमार सिंह मौजूद थे।

# विकास की जगह धर्म पर राजनीति क्षेत्र के लिये घातक

### आम आदमी पार्टी के प्रदेश प्रवक्ता ने मकर संक्रांति मेले का किया भ्रमण



**नवीन मेल संवाददाता**

**सगालीम।** पांकी विधानसभा को विकास की जगह धर्म के नाम पर राजनीति का अड्डा बनाया जाना क्षेत्र के लिये घातक है। आम आदमी पार्टी के प्रदेश प्रवक्ता ओंकार नाथ जायसवाल ने विधान सभा क्षेत्र में लगे मकर संक्रांति मेले के भ्रमण के दौरान यह बातें कहीं। क्षेत्र के बांसगुरु, जोगियादह, चुनाका, डुगडुगीया पहाड़ मनातू के अलावा पचरुखिया शिव मंदिर प्रांगण में आयोजित मेला कार्यक्रम के दौरान श्री जायसवाल ने कहा कि इस विधानसभा में कुछ नेता धर्म के नाम पर राजनीतिक हवा खड़ा करना चाहते हैं। अपनी नाकामियों को छिपाने के लिये अनर्गल प्रलाप कर रहे हैं, किंतु अब जनता उनके झांसे में आने वाली नहीं है। पूर्व और वर्तमान बगडमरू नेताओं को जनता आगामी विधानसभा चुनाव में बाहर का रास्ता दिखाएगी। मौके पर अरुण वर्मा, राकेश रवि, दीपक कुमार, अमित गुप्ता, दिलीप कुमार मेहता, सत्येंद्र सिंह, अरुण गुप्ता मौजूद थे।

### चतुर्थ वर्गीय पद नियुक्ति को लेकर हुई चर्चा

**मेदिनीनगर।** बेरोजगार संघर्ष मोर्चा की बैठक में चतुर्थ वर्गीय पद पर सफल अभ्यर्थियों की नियुक्ति की मांग को लेकर चलाए जा रहे आंदोलन की समीक्षा की गई। रविवार को मेदिनीनगर के कचहरी परिसर में मोर्चा अध्यक्ष उदय राम की अध्यक्षता में हुई बैठक में कहा गया कि जिले में चतुर्थ वर्गीय कर्मचारियों की नियुक्ति के लिए 361 लोगों का मेरिट लिस्ट बना था। इसमें 255 लोगों को नियुक्ति की गई। नियुक्ति की आस में बेरोजगारों की उम्र सीमा समाप्ति के कगार पर है और कितने लोगों की समाप्त हो गई। दूसरी तरफ पलामू में 500 से अधिक पद रिक्त है। कर्मचारियों की कमी के कारण कामकाज प्रभावित हो रहा है। बैठक में जलील अंसारी, संतोष कुमार, संजय प्रसाद आदि उपस्थित थे।

# बीरनाथ बाबा की प्राण प्रतिष्ठा 17 को जल यात्रा आज, तैयारी पूरी

### नगर पंचायत के बगीचा में होगी बीरनाथ बाबा की प्राण प्रतिष्ठा सह अनुष्ठान



**नवीन मेल संवाददाता**

**हुसैनाबाद।** नगर पंचायत के बगीचा में बीरनाथ बाबा के प्राणप्रतिष्ठा को लेकर ग्रामीणों की बैठक हुई। बैठक में निर्णय लिया गया की बीरनाथ बाबा की प्राणप्रतिष्ठा को लेकर मंगलवार को भव्य जल यात्रा निकाली जाएगी। श्रद्धालु बागीचा से देवरी सोन नदी के लिए रवाना होंगे। जल उठाकर पुनः बगीचा स्थित बीरनाथ बाबा आयेंगे। वहीं 17 जनवरी को प्राणप्रतिष्ठा व अनुष्ठान होगा। इस मौके पर सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन भी किया जाएगा। सांस्कृतिक कार्यक्रम में गायक बिरहा सम्राट बिहारीलाल यादव गाजीपुर उत्तर प्रदेश व गायिका इंदू रागनी मोहनिया भभुआ बिहार के बीच मुकाबला होगा। इस प्राण प्रतिष्ठा समारोह के अध्यक्ष सुरेश प्रसाद यादव के अलावा मुखिया संघ के पूर्व अध्यक्ष विजय प्रसाद यादव,हुसैनबाद व्यापरमंडल अध्यक्ष कृष्णा बैठा ,समाजसेवी उदय सोनी ,अनुज चौधरी ,प्रमोद सिंह ,रणधीर सिंह ,मनोज वैद्य ,अजय यादव ,अशोक सिंह , अंजय सिंह ,बबलू कुमार ,हरेंद्र कुमार सिंह ,अमित केशरी ,नरेश हलवाई ,मिंटू सिंह ,अनूप सिंह ,नागेश्वर प्रसाद ,रामप्रवेश सिंह ,गोपाल बराट, मौजूद थे।

### आयोजन — सांस्कृतिक पाठशाला की 31वीं कड़ी में जयंती समारोह

# सामाजिक सरोकारों का दर्पण होता है साहित्य

### दोनों साहित्यकारों ने महिलाओं और मेहनतकस के दर्द को महसूस किया और उसी को केंद्र में रखकर साहित्य की रचना की : शिक्षक


समारोह को संबोधित करते वक्ता

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** इप्टा द्वारा संचालित सांस्कृतिक पाठशाला की 31वीं कड़ी में सोमवार को जन आंदोलन व जन नाट्य आन्दोलन से जुड़े साहित्यकर्मी कैफी आजमी व महाश्वेता देवी की जयंती पर समाज और साहित्य विषय पर विमर्श का आयोजन किया गया। विमर्श की अध्यक्षता डॉ. अशरफ जमाल अश्क ने की। शिक्षक गोविन्द प्रसाद ने साहित्यकारद्वय के कृतित्व पर प्रकाश डालते हुये कहा कि दोनों साहित्यकारों ने महिलाओं और मेहनतकस के दर्द को महसूस किया और उसी को केंद्र में रखकर साहित्य की रचना की। राजीव रंजन ने कहा कि महाश्वेता देवी की लोकप्रिय रचना जंगल के दावेदार का का नाट्य रूपांतरण पलामू इप्टा ने किया और महाश्वेता देवी के पलामू आगमन पर इप्टा पलामू के कलाकारों ने उनके सम्मान में उसे प्रस्तुत किया था। राजकीयकृत प्लस टू उच्च विद्यालय के शिक्षक व झारखण्ड प्लस टू शिक्षक संघ के जिला अध्यक्ष शैलेन्द्र कुमार शर्मा ने कहा कि कैफी आजमी और महाश्वेता देवी समकालीन थे। वरिष्ठ रंगकर्मी उपेन्द्र कुमार मिश्रा ने कहा कि जो साहित्य संघर्ष से जड़ा होता है वह अमर हो जाता है। शिक्षक संघ के जिला प्रवक्ता अच्छेलाल प्रजापति ने कहा कि जो साहित्य समाज से अलग होगा उसका कोई अस्तित्व नहीं होगा। ज्ञान विज्ञान समिति के प्रांतीय अध्यक्ष शिवशंकर प्रसाद ने कहा कि दोनों साहित्यकार आजीवन साहित्य और समाज की सेवा करते रहे। रंगकर्मी प्रेमप्रकाश ने कहा कि साहित्य समाज का दर्पण है। युवा साहित्यकार अनुभव मिश्र ने स्वरचित रचना पाठ किया। कार्यक्रम में शशि पाण्डेय, संजीव, अमित ठाकुर उपस्थित थे।

# सम्मान समारोह सह वनभोज का आयोजन


उपस्थित लोग

**नवीन मेल संवाददाता**

**सगालीम।** मकर संक्रांति के अवसर पर प्लस-टू हाईस्कूल प्रांगण में सोमवार को सम्मान समारोह सह वनभोज कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में विशेष रूप से मौजूद पांकी थाना इंस्पेक्टर अरुण महथा ने सभी को पर्व की शुभकामनायें दीं। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए भाजपा नेत्री लवली गुप्ता ने कहा कि वनभोज कार्यक्रम से परस्पर सद्भाव बढ़ता है। प्रमुख पंचम प्रसाद ने कहा कि ऐसा कार्यक्रम निश्चित ही सुखद भविष्य का संकेत है। भाजपा नेता लाल सूरज ने कहा कि सभी को क्षेत्र की समस्याओं को दूर करने के लिये अपने-अपने स्तर पर प्रयास करना चाहिये। कार्यक्रम का संचालन शिक्षक कपिलदेव सिंह ने किया। देर शाम तक आयोजित कार्यक्रम में सभी ने चूड़ा, तिलकुट, लाई, खिचड़ी का लुत्फ उठाया।

## एक नजर

### स्वदेशी हस्तशिल्प मेला का उद्घाटन कल

**मेदिनीनगर।** स्थानीय रेड़मा स्थित काली मंदिर के निकट स्वदेशी हस्तशिल्प मेला का उद्घाटन 17 जनवरी को किया जाएगा। यह जानकारी मेला के संस्थापक सुनील कुमार ने दी। उन्होंने बताया कि पांच फरवरी तक चलने वाले मेले में बच्चों के मनोरंजन सहित खाने-पीने का सामान भी उपलब्ध रहेगा। मेले में 14 राज्यों के शिल्पकार अपना स्टाल लगा रहे हैं। मेले का मुख्य आकर्षण खादी ग्राम उद्योग के वस्त्र, दवाइयां, कश्मीरी शॉल,भागलपुरी सिल्क साड़ी, भदोही का कार्पेट, राजस्थानी अचार,किचन वेयर, सहारनपुर के फर्नीचर रहेंगे।

### मनीष बने वैश्य महासम्मेलन के प्रदेश मंत्री



**मेदिनीनगर।** अखिल भारतीय वैश्य महासम्मेलन की प्रदेश कार्यसमिति की पहली बैठक श्री दिगंबर जैन भवन हरमू रोड रांची में आयोजित की गयी। इसमें मेदिनीनगर के मनीष भिवानिया को नव गठित कमेटी में प्रदेश मंत्री नियुक्त किया गया। पदाधिकारियों द्वारा उन्हें फूल माला एवं सर्टिफिकेट प्रदान कर आगामी तीन वर्षों के लिये दायित्व सौंपा गया। इससे शहर के व्यवसायियों में हर्ष व्याप्त है। इस मौके पर दिल्ली से आये राष्ट्रीय महामंत्री उमेश अग्रवाल व राष्ट्रीय मंत्री डॉक्टर विजय प्रकाश बरनवाल भी मौजूद थे। प्रदेश मंत्री श्री भिवानिया ने कहा कि संगठन को सशक्त बनाकर वैश्य समाज को एकजुट करना उनकी प्राथमिकता है। प्रदेश महामंत्री संजय चौधरी, संगठन मंत्री अरविंद गुप्ता, प्रदेश उपाध्यक्ष देवेंद्र प्रसाद गुप्ता, प्रदेश सलाहकार जुगल किशोर शरण, सुनील गुप्ता, लालबाबू, राजकुमार मद्धेशिया, सतीश सुमन, पलामू जिला अध्यक्ष प्रभात अग्रवाल ने नव नियुक्त प्रदेश मंत्री को बधाई दी है।

माला पहनाकर किया सचेत, एसपी के निर्देश पर चला जागरूकता अभियान

# हेलमेट न पहनने वालों के साथ पुलिस की गांधीगीरी



चालक को माला पहनाते प्रभारी

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** एसपी रिष्मा रमेशन के निर्देश पर ट्रैफिक प्रभारी रामजीत सिंह के नेतृत्व में छह मुहान चौक के पास सड़क सुरक्षा जागरूकता अभियान चलाया गया। जागरूकता अभियान के तहत सभी दो पहिया वाहनों को रोककर चालाकों को सड़क सुरक्षा नियमों के अनुपालन के लिये प्रेरित किया गया। ट्रैफिक प्रभारी ने इस दौरान गांधीगीरी करते हुये हेलमेट नहीं पहनने वाले चालकों को फूलों का माला पहना कर सचेत किया। इस दौरान उन्होंने लोगों को नसीहत दी कि यदि कोई भी व्यक्ति सड़क दुर्घटना में घायल हो जाता है तो उसकी मदद तुरंत करें। हो सकता है तत्काल मदद मिलने से उसकी जान बच जाये।

**दो पहिया वाहनों को रोककर चालाकों को सड़क सुरक्षा नियमों के अनुपालन के लिये प्रेरित किया गया**

### हेलमेट न पहनने वालों को सख्त हिदायत

**मेदिनीनगर।** शहर थाना प्रभारी अभय कुमार सिन्हा के निर्देश पर टीओपी वन टाइगर मोबाइल के जवानों ने हॉस्पिटल चौक के समीप एंटी क्राइम वाहन चेकिंग अभियान चलाया। इस दौरान सभी दो-पहिया वाहनों को रोककर उनकी गहनता पूर्वक तलाशी ली गयी। टाइगर मोबाइल के सरोज कुमार, इशरार खान और सहायक पुलिस प्रफुल्ल सिंह के द्वारा हेलमेट नहीं पहनने वाले बाइक चालकों को सख्त हिदायत दी गयी। थाना प्रभारी ने बताया कि सड़क सुरक्षा तथा एंटी क्राइम को लेकर लगातार वाहन चेकिंग अभियान चलता रहेगा।

## तस्वीर झूठ ना बोले



नदियों को प्रदूषण मुक्त बनाने के लिए देश में करोड़ों रूपये खर्च कर अभियान चलाया जा रहा है। मेदिनीनगर शहर के शिवाला घाट पर नाले का सीधे कोयल नदी में गिर रहा गंदा पानी अभियान को पलीता लगा रहा है।

नदियों में स्नान कर श्रद्धालुओं ने किया दान, घाटों पर उमड़ी भीड़

# हर्षोल्लास के साथ मनी मकर संक्रांति, चूड़ा-दही का चला दौर



मकर संक्रांति पर कोयल में स्नान करते श्रद्धालु



**मान्यता है कि मकर संक्रांति के दिन जलाशयों में स्नान कर खिचड़ी व तिल का दान करने से सारे पाप कट जाते है**

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** जिले में मकर संक्रांति का पर्व सोमवार को हर्षोल्लास पूर्वक मनाया गया। इस अवसर पर श्रद्धालुओं ने नदियों में स्नान के बाद मंदिरों में पहुंचकर पूजा-अर्चना कर दान-पुण्य किया। सुबह से ही मंदिरों में भक्तों का तांता लगा रहा। देर शाम तक शहर के विभिन्न मंदिरों में लोगों ने भगवान का दर्शन कर सुख-समृद्धि की कामना की। दिनभर चूड़ा-दही खाने-खिलाने का दौर चला। इस दिन दान का विशेष महत्व होने के कारण लोगों ने तिल, गुड़, चावल और अन्न आदि का दान किया। जगह-जगह पर खिचड़ी का प्रसाद भी वितरित किया गया। मान्यता है कि मकर संक्रांति के दिन जलाशयों में स्नान कर खिचड़ी व तिल का दान करने से सारे पाप कट जाते हैं। ऐसे में जगह-जगह भंडारे का आयोजन कर गरीबों को गर्म कपड़े व कंबल दान किये गये। ज्योतिषाचार्य के अनुसार इसी दिन सूर्य धनु राशि से मकर राशि में प्रवेश करता है और उत्तरायण हो जाता है। सूर्य मंदिर के पंडित छोटन मिश्रा ने बताया कि सूर्य के धनु से मकर राशि में जाने से खरमास भी समाप्त हो गया। मंगलवार से सारे मंगल कार्य शुरु होंगे। मकर संक्रांति के पर्व पर दान-पुण्य करने का विशेष महत्व है। खासकर तिल से बनी खाद्य सामग्री का। वहीं पण्डित पवन सागर ने बताया कि मकर सक्रांति पर दान-पुण्य का ऐतिहासिक महत्व है। इस दिन जरूरतमंद गरीब, असहायजनों को दान करने से पुण्य फलों की प्राप्ति होती है।

**पतंगबाजी की मची होड़ :** मकर संक्रांति पर सुबह से ही युवा एवं बच्चे पतंगों की दुकानों पर पतंग व मांझा खरीदते हुए नजर आए। घरों की छतों पर बच्चे व युवा पतंग उड़ाते हुए पतंगबाजी का आनंद लिया। पतंग उड़ाने के साथ ही इस दौरान डीजे की धुन पर नृत्य कर सभी ने पर्व का आनंद उठाया। इंटरनेट मीडिया पर शुभकामना व बधाई देने का सिलसिला देर रात तक जारी रहा।



### मजदूरों में चूड़ा-तिलकुट का वितरण

**मेदिनीनगर।** मकर संक्रांति के अवसर पर सोमवार को झारखंड मुक्ति मोर्चा व्यवसाय प्रकोष्ठ के जिला अध्यक्ष दीपू चौरसिया के द्वारा ठेला चलाने वाले, रिक्शा चलाने वाले व मजदूरों में चूड़ा, तिलकुट व गुड़ का वितरण किया गया। श्री चौरसिया ने कहा कि त्योहारों पर जरूरतमंदों की मदद करना हम सभी का नैतिक कर्तव्य है। मौके पर पंकज शर्मा, कमल जायसवाल, कमल मुरारका, सोनू आदि उपस्थित थे।



### शीतलहर प्रचंड, पांच डिग्री पर लुढ़का पारा



**मेदिनीनगर।** जिले में शीतलहर प्रचंड हो गया है। सोमवार को न्यूनतम तापमान लुढ़ककर पांच डिग्री सेल्सियस पहुंच जाने से जनजीवन अस्त-व्यस्त हो गया है। चार दिन राहत के बाद मकर संक्रांति पर सोमवार को एक बार फिर से पलामू जिला मुख्या मेदिनीनगर दिन चढ़ने तक घने कोहरे के आगोश में रहा। इससे पुण्य फल की कामना के साथ नदियों में स्नान करने की तैयारी में जुटे श्रद्धालुओं को भी भारी परेशानी का सामना करना पड़ा। दिनभर बेतहाशा कनकनी का क्रम जारी रहने के कारण नागरिक गर्माहट के लिये आग का सहारा लेने के लिये विवश हो गये। दोपहर बाद निकली हल्की धूप भी लोगों को राहत पहुंचाने में नाकाम रही। मौसम के प्रचंड रूप को देखते हुये नागरिक अब भगवान से राहत की प्रार्थना कर रहे हैं।

# 25 ग्राम हेरोइन के साथ महिला सहित तीन गिरफ्तार



**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** शहर थाना की पुलिस ने सोमवार को 25 ग्राम हेरोइन के साथ महिला सहित तीन व्यक्तियों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। शहर थाना प्रभारी अभय कुमार सिन्हा ने बताया कि मुखबिर से मिली सूचना के आधार पर पुलिस ने जेलहाता चौक के पास झोपड़ी निवासी मोहित कुमार पिता स्व. मदन साव, अजन्ती देवी पति अप्पू उरांव, एवं अप्पू उरॉव पिता गेन्दा उरॉव को 25.25 ग्राम हेरोइन के साथ धर दबोचा। कार्रवाई में टीओपी- 1 प्रभारी अशोक कुमार दुबे, सहायक अवर निरीक्षक समाल अहमद, आरक्षी धर्मेंद्र कुमार, महिला आरक्षी सुषमा कुमारी शामिल रहीं। बताते चलें कि गिरफ्तार महिला मादक पदार्थों की तस्करी में पहले भी जेल जा चुकी है। थाना प्रभारी ने बताया कि मादक पदार्थों के कारोबार के खिलाफ अभियान लगातार जारी रहेगा।

मकर संक्रांति पर फैंसी क्रिकेट महामुकाबले का आयोजन

# औरंगा रिवर ने कोयल रिवर को तीन विकेट से किया पराजित

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** दुबियाखाड़ चौक स्थित कैंब्रिज पब्लिक स्कूल के मैदान पर मकर संक्रांति के शुभ अवसर पर कैंब्रिज पब्लिक स्कूल दुबियाखड़ एवं पोखराहा खुर्द स्थित ओरिएंट पब्लिक स्कूल के संयुक्त तत्वावधान में फैंसी क्रिकेट मैच का आयोजन किया गया। 20-20 क्रिकेट मैच कोयल रिवर टीम एवं औरंगा रिवर टीम के बीच खेला गया। मैच का उद्घाटन सीडीपीओ सुरजीत कुमार ने बल्लेबाजी कर किया। खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त करते हुए उन्होंने कहा कि यह गर्व का विषय है कि एक साथ पलामू के सभी शिक्षाविद इस तरह के क्रिकेट मैच का आनंद उठा रहे हैं। मैच के प्रारंभ में विशिष्ट अतिथि ओरिएंट पब्लिक स्कूल के चेयरमैन रमाकांत मेहता, निदेशक सुधीर कुमार मेहता एवं कैंब्रिज स्कूल के निदेशक सियाचरण सिंह ने लकी ड्रा के माध्यम से खिलाड़ियों का चयन किया। कोयल रिवर टीम के कप्तान कुंदन वर्मा ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी का फैसला लिया। टीम ने निर्धारित 20 ओवर में 219 रन का विशाल स्कोर खड़ा किया। सलामी बल्लेबाज करुणाकरण एवं ओरिएंट पब्लिक स्कूल के प्राचार्य धीरज मेहता ने तीन ओवर में 30 रन बनाकर अपनी टीम को आशातीत शुरूआत दिलाई। लक्ष्य का पीछा करने उतरी औरंगा टीम ने तीन विकेट से मुकाबला अपने नाम किया। मैन ऑफ द मैच धीरज मैथमेटिक्स क्लासेस के निदेशक धीरज उपाध्याय,सर्वश्रेष्ठ बल्लेबाज नीरज कुमार विश्वकर्मा एवं सर्वश्रेष्ठ गेंदबाज के रूप में एईके एकेडमी सतबरवा के निदेशक आफताब आलम को मोमेंटो देकर सम्मानित किया। मौके पर सनातन विद्या निकेतन के निदेशक धनंजय पांडे, इनोवेटिव स्कूल के निदेशक राकेश वर्मा, कैटमॉस के निदेशक अभिषेक राज सहित जिले से लगभग 50 विद्यालयों के प्राचार्य मौजूद थे। अंपायर की भूमिका में चंदन कुमार एवं साजिद अनवर रहे।



खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त करते अतिथि

जिला कांग्रेस का ज्वाला न्याय की ज्योति प्रेम की कार्यक्रम

# मशाल प्रज्ज्वलित कर मांगा न्याय का हक

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** जिला कांग्रेस कमेटी के तत्वावधान में सोमवार को ज्वाला न्याय की ज्योति प्रेम की कार्यक्रम के तहत मशाल प्रज्ज्वलित किया गया। जिलाध्यक्ष जैश रंजन पाठक उर्फ बिट्टू पाठक की अध्यक्षता में आयोजित कार्यक्रम के माध्यम से यह संकल्प लिया गया कि हर घर, हर गली, हर मोहल्ले तक न्याय का हक मिलने तक अभियान जारी रहेगा। इस ज्योति के प्रकाश में अन्याय के अंधेरे को मिटना पड़ेगा। अध्यक्ष श्री पाठक ने आरोप लगाया कि मोदी सरकार के 10 वर्षों के कार्यकाल में महिला अपराधों में लगातार इजाफा हुआ है। देश में बेरोजगारो-किसानों के साथ अत्याचार हो रहा है। महंगाई बेलगाम है। मौके पर विनोद तिवारी, संतोष चौबे, ईश्वरी प्रसाद सिंह, ओम प्रकाश, शमीम अहमद, विश्राम दुबे, सत्येंद्र सिंह, जितेंद्र कमलापुरी, अजय साहू, रामाशीष मेहता आदि उपस्थित थे।



मशाल प्रज्ज्वलित करते कार्यकर्ता

# पूर्वडीहा में कोयल घाट पर लगा मेला

**नवीन मेल संवाददाता**

**चैनपुर।** प्रखंड क्षेत्र के पूर्वडीहा में कोयल नदी के तट पर श्रीश्री 1008 सुखदेवाचार्य स्वामी जी महाराज की 28 वीं पुण्यतिथि व मकर संक्रांति के अवसर पर पारम्परिक मेला एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन मुख्य अतिथि सह पलामू के सांसद वीडी राम तथा विशिष्ट अतिथि सह पूर्व मंत्री केएन त्रिपाठी ने दीप प्रज्ज्वलित कर किया। इस अवसर पर सांसद श्री राम ने कहा कि पूरे देश में लोग विभिन्न नामों से मकर संक्रांति का त्योहार मनाते हैं। उन्होंने मेला स्थल पर सामुदायिक भवन बनाने की घोषणा की। पूर्व मंत्री ने रात्रि में बिहार के शिवशंकर व्यास और बूढा व्यास के शानदार भोजपुरी दूगोला में कड़ाके की ठंड के बावजूद बड़ी संख्या में श्रोता घंटों झूमते रहे। मौके पर भाजपा के प्रदेश प्रशिक्षण प्रमुख मनोज सिंह, युवा मोर्चा जिलाध्यक्ष ज्योति पाण्डेय, ब्रजेश शुक्ल, भीष्म चौरसिया, कृष्णमणि दुबे, पूर्व मुखिया अरुण दुबे,मेला समिति के अध्यक्ष विवेकानंद दुबे, कोषाध्यक्ष नवनीत कुमार दुबे, सचिव विकास चन्द्र दुबे, मेला समिति के संरक्षक रामसरेख दूबे मौजूद थे।

देश के प्रख्यात शायर के जाने से साहित्य जगत मर्माहत, नहीं हो पायेगी भरपायी

# मुनव्वर राना के निधन से साहित्य ने नायाब हीरा खोया: अजहर

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** बादशाहों को सिखाया है कलंदर होना, आप आसान समझते हैं मुनव्वर होना। सोमवार सुबह मुनव्वर के निधन की खबर लगते ही उनके द्वारा लिखी गयी पंक्ति जेहन में ताजा हो गयी। उन्होंने सही लिखा था। उनके अल्फाजों को बयां करना किसी के लिये संभव नहीं है। मशहूर शायर के निधन से पलामू का साहित्य जगत मर्माहत है। लखनऊ के एसजीपीजीआई में रविवार की11:00 बजे उन्होंने अंतिम सांस ली। अदबी संसार के संस्थापक एमजे अजहर ने बताया कि मुनव्वर राना लंबे समय से कैंसर सहित फेफड़े की गंभीर बीमारी से ग्रसित थे। उन्होंने कहा कि मुनव्वर राना के निधन से भारतीय साहित्य ने नायाब हीरा खो दिया है। निकट भविष्य में उनकी भरपाई असंभव है। बताते चलें कि यूपी के रायबरेली में पैदा हुये मुनव्वर ने कोलकाता को अपना कार्यक्षेत्र बनाया था। मां पर लिखी उनकी रचनायें उन्हें सबसे अलग बनाती हैं। उन्हें 2014 में गजल-संग्रह 'शहदाबा' के लिए साहित्य अकादमी पुरस्कार मिला था। अदबी संसार के अध्यक्ष इमरान शाद, सरपरस्त अमीन रहबर, खजांची अदनान काशिफ, कमर गयावी, नफीस पाशा, मनीषा नारायण, सुनीता लुल्लो, सुशीला इटखोरी, बसंत ठाकुर, प्रो. नसीम रियाजी, डॉ. अबरार सादिक, रहबर पलामुवी, डॉ. मुबीन कुरैशी, अताउर्रहमान आरवी, गुरमीत सिंह मीत, आकाश गिरी आदि ने उनके निधन पर श्रद्धांजलि अर्पित की है।

**लखनऊ के एसजीपीजीआई में रविवार की 11:00 बजे उन्होंने अंतिम सांस ली**

## पहल

सुरक्षा प्रबंध को चाक-चौबंद करने में मिलेगी मदद

# बेतला नेशनल पार्क में लगे 15 नये सीसीटीवी कैमरे



पार्क में लगा हुआ नया कैमरा

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** सुरक्षा को चाक-चौबंद रखने के उद्देश्य से बेतला नेशनल पार्क में 15 नये सीसीटीवी कैमरे लगाये गये हैं। ये सभी सिम कार्ड से संचालित होंगे। इसका सीधा प्रसारण पलामू टाइगर रिजर्व के उत्तरी प्रमंडल के उपनिदेशक पीके जैना के मोबाइल फोन से जुड़ा है। उपनिदेशक श्री जैना ने बताया कि वह सीधे तौर पर इन 15 सीसीटीवी कैमरो की मॉनीटरिंग कर रहे हैं। यह 15 सीसीटीवी कैमरे टिकट काउंटर, चिल्ड्रन पार्क, डायरेक्टर लॉज और न्यू ट्री हाउस में लगाये गये हैं। इसके अतिरिक्त बेतला नेशनल पार्क में स्थित नोवा बांध घास पट्टी में भी सीसीटीवी कैमरे लगाये गये हैं। इससे जहां पार्क में सुरक्षा प्रबंध और बेहतर करने में मदद मिलेगी। वहीं पर्यटकों के लिये भी आवश्यक प्रबंध करने में सहूलियत होगी। साथ ही वन्य जीवों व मनुष्य के बीच तालमेल प्रणाली की भी निगरानी हो सकेगी।

### सौर ऊर्जा संचालित कैमरे लगाने की योजना

उपनिदेशक ने बताया कि पार्क के चैन गेट के पास बिजली की सुविधा उपलब्ध नहीं है। इसलिए चैन गेट पर जो सीसीटीवी कैमरे लगाये जाएंगे वह सौर ऊर्जा से संचालित होंगे। इस दिशा में पहल की जा रही है। जल्द ही योजना पर कार्य शुरू किया जायेगा।

**इसका सीधा प्रसारण पलामू टाइगर रिजर्व के उत्तरी प्रमंडल के उपनिदेशक पीके जैना के मोबाइल फोन से जुड़ा है**

### आज रवाना होगा पिछड़ा वर्ग का अधिकार रथ



**मेदिनीनगर।** पिछड़ा वर्ग एकता एवं अधिकार मंच के संयोजक मंडल द्वारा सोमवार को वार्ता कर अवगत कराया गया है कि पिछड़ा वर्ग को एकजुट व जागरूक बनाने के उद्देश्य से मंगलवार को टाउन हाल में महात्मा गांधी की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर अधिकार व एकता रथ को रवाना किया जायेगा। जिले के सभी गांवों में रथ के माध्यम से समाज के लोगों में चेतना जागृत की जायेगी। मौके पर संयोजक ब्रह्मदेव प्रसाद एवं रामदास साहू, युगल पाल, सतीश कुमार, अशर्फी

## आवश्यकता है

1994 से प्रकाशित आइपीआरडी और डीएवीपी से मान्यताप्राप्त प्रतिष्ठित दैनिक **'राष्ट्रीय नवीन मेल'** को अपने रांची और डाल्टनगंज संस्करण के लिए उत्साही और ऊर्जावान चीफ रिपोर्टर, समाचार संपादक, पेजिनेटर/सब एडिटर, मार्केटिंग कार्यकारी और प्रखंड स्तर से लेकर ब्यूरो स्तर के रिपोर्टर की आवश्यकता है। ससमय उचित पारिश्रमिक और अन्य सुविधाएं। शैक्षणिक योग्यता, अनुभव, स्थान और मानदेय की मांग के विवरण के साथ शीघ्रातिशीघ्र आवेदन करें। पत्राचार पूर्णतः गोपनीय रहेगा। hr.rnmail@gmail.com या प्रधान संपादक 'राष्ट्रीय नवीन मेल', 502 बी, मंगलमूर्ति हाइट्स, विशाल मेगामार्ट के पास हरमू रोड रांची 834001 (झारखंड)।

## एक नजर

### कनकनी बढ़ी, अलाव की नहीं हुई व्यवस्था

**भवनाथपुर।** प्रखंड में ठंड का कहर थमने का नाम नहीं ले रहा है। इसके बावजूद प्रखंड प्रशासन अलाव की व्यवस्था चौक चौराहों पर नहीं कर रहा है। बता दें कि पछुआ हवा से आम जनजीवन प्रभावित है। उपायुक्त शेखर जमुवार ने कहा कि कुछ दिनों से ठंड बढ़ी है। अलाव की व्यवस्था होनी चाहिए। बीडीओ सीओ को निर्देशित कर अलाव का प्रबंध चौक चौराहों पर कराया जायेगा।

### मुकुंदपुर गांव में अलाव की व्यवस्था

**केतार।** केतार प्रखंड क्षेत्र के मुकुन्दपुर गांव में चौक के पास समाजसेवी प्रिया सिंह (डोली) के द्वारा अलाव की व्यवस्था की गई है। मौके पर चंदन प्रसाद, बिष्णु प्रसाद, मनीष सिंह, सौरभ सिंह, रघुवीर चंद्रवंशी, दिलकिशोर प्रसाद,सुरेन्द्र सिंह, अखलेश बियार, भोलू सहित अन्य लोग मौजूद थे।

### विद्यालय परिसर से दो समेत तीन हरे पेड़ काटे



**भवनाथपुर।** प्रखंड के झगडा खांड में सरकारी विद्यालय परिसर से अवैध रूप से पेड़ कटने का मामला प्रकाश में आया है। ग्रामीण नित्या नंद पाठक की सूचना पर पाया गया कि गांव के प्रबंधन समिति के सदस्य जनक राम द्वारा इलेक्ट्रिक मशीन से विद्यालय परिसर से दो हरे पेड़ काटे गये है। वहीं सड़क के किनारे से भी एक पेड़ काट लिया गया है। इस बाबत विद्यालय के प्रधानाध्यापक मिथिलेश दुबे ने बताया कि पेड़ छांटने की बात हुई थी पेड़ काटने नहीं। वहीं जनक राम ने बताया कि बिजली तार में पेड़ सटने से बराबर फॉल्ट होता था। इस लिए पेड़ कटवाया गया है। इसमें किसी से परमिशन नहीं ली गई है।

### जनसेवक दीपक ने ग्रहण किया गोदाम प्रबंधक का पदभार

**मेराल।** प्रखंड आपूर्ति विभाग के गोदाम प्रबंधक के पद पर जन सेवक दीपक चंचल ने बीडीओ सह एमओ जागो महतो की उपस्थिति में पदभार ग्रहण किया। जन सेवक दीपक चंचल प्रखंड में ही कार्यरत हैं। उन्होंने एजीएम सतीश कुमार सिंह से एजीएम पद का प्रभार लिया। विगत दिनों डीलर द्वारा लगाए गए आरोप की जांच एसडीओ द्वारा की गई थी। इसके आधार पर डीसी ने सतीश कुमार सिंह को गोदाम प्रबंधक के पद से हटाया था। दीपक चंचल ने बताया कि समय पर सभी डीलरों को राशन उपलब्ध करा दिया जाएगा। खाद्यान्न वितरण में अब कोई शिकायत नहीं मिलेगी।

### केमिस्ट एवं ड्रगिस्ट एसो. के अध्यक्ष ने की दुकानदारों संग बैठक

**भावनाथपुर।** बीते गुरुवार को ड्रग इंस्पेक्टर के निरीक्षण के दौरान भावनाथपुर के मेडिकल संचालकों द्वारा दुकान को बंद करने को लेकर गढ़वा जिला के केमिस्ट एवं ड्रगिस्ट एसोसिएशन के अध्यक्ष अध्याशंकर पांडेय ने भवनाथपुर के मेडिकल दुकान के संचालकों के साथ बैठक की। सहमती बनी कि आगे से अब कभी भी दुकान बंद नहीं करेंगे। मौके पर जिला सचिव नंदकिशोर श्रीवास्तव, मनीष कश्यप, वीरेंद्र सिंह, पंकज जायसवाल, संजय गुप्ता, रामशंकर मेहता, दामोदर गुप्ता, सरफराज अहमद, दिवाकर गुप्ता, संजय आदि मौजूद थे।

# डालटनगंज के शौर्य व शांतनु ने जीता बैडमिंटन टूर्नामेंट-2



**नवीन मेल संवाददाता। मझिआंव**

नगर पंचायत क्षेत्र अंतर्गत मुख्य बाजार स्थित सेंट्रल बैंक आफ इंडिया के पीछे गढ़ प्रांगण में बैडमिंटन टूर्नामेंट सीजन 2 का सेमीफाइनल एवं फाइनल मैच खेला गया। पहले सेमीफाइनल में डालटनगंज के गुरमीत सिंह ने मझिआंव टीम को दो सेट में हराया। दूसरे सेमीफानल में डालटनगंज के शौर्य ने गढ़वा को दो सेट में पराजित किया। फाइनल में डालटनगंज के शौर्य और शांतनु ने डालटनगंज के ही गुरमीत सिंह और अजय ठाकुर की जोड़ी को दो सेट में शिकस्त दी। अध्यक्ष गढ़वा जिला ओलिंपिक संघ शैलेन्द्र कुमार पाठक, सचिव गढ़वा जिला बास्केटबॉल संघ किशोर कुणाल, सचिव गढ़वा जिला कुश्ती संघ चंद्रबहादुर सिंह, कोषाध्यक्ष गढ़वा जिला वेटलिफ्टिंग संघ निलेश ठाकुर ने हरफनमौला खिलाड़ी शौर्य कुमार सोनी को मैन ऑफ द मैच, तो संयुक्त रूप से मैन ऑफ द सीरीज का पुरस्कार शौर्य कुमार सोनी एवं शांतनु कुमार को दिया गया। आयोजन में मौके पर मारुति नंदन सोनी, व्यवस्थापक पप्पू जायसवाल, रिंकू तिवारी, चंदन कमलापुरी, दिनेश सोनी, केशव नारायण दास, अशोक कमलापुरी का योगदान रहा।

## राष्ट्रीय नवीन मेल ने सोमवार के अंक में किया था गड़बड़झाले का खुलासा

# खेल मैदान निर्माण में जेसीबी से काम कराने की हुई पुष्टि

**नवीन मेल संवाददाता। केतार**

हिंदी दैनिक 'राष्ट्रीय नवीन मेल' में सोमवार को प्रमुखता से प्रकाशित खबर 'मनरेगा योजना में जेसीबी मशीन व ट्रैक्टर से हो रहा है कार्य' के आलोक में बीडीओ के निर्देश पर बीपीओ मनोज कुमार और कनीय अभियंता अमर भारती ने योजना स्थल पर जाकर योजना की जांच की। जांच में खेल मैदान निर्माण योजना में जेसीबी मशीन और ट्रैक्टर से कार्य कराने की पुष्टि हुई। उच्च विद्यालय छाताकुड़ में खेल मैदान निर्माण योजना मनरेगा की राशि 1.20 लाख रुपये की लागत से कराना है।

इस योजना में मजदूरों की डिमांड हाजिरी भरकर अब तक मजदूरी की राशि 43 हजार 605 रुपये की निकासी भी कर ली गई है। उक्त योजना में जेसीबी मशीन और ट्रैक्टर से कार्य कराने





मनरेगा योजना में मजदूरों के बजाय जेसीबी व ट्रैक्टर से हो रहा है काम

नवीन मेल संवाददाता। केतार

का गांव के ग्रामीणों ने सोमवार को विरोध करते हुए काम भी रोक दिया था। इसके बावजूद रात्रि में मजदूरों को लगाकर जेसीबी मशीन का निशान साफ कराने का प्रयास किया गया, लेकिन रात्रि में भी ग्रामीणों ने इसका विरोध किया। उल्लेखनीय है कि सरकार मजदूरों को मनरेगा योजना से जोड़कर गांव में ही रोजगार देने का प्रयास कर रही है, लेकिन प्रखंड के मनरेगा कर्मियों की मिलीभगत से लाभुक और मेठ मजदूरों के पेट पर लात मारकर जेसीबी मशीन और ट्रैक्टर से काम करा रहे हैं, जिस कारण मजदूर दूसरे राज्यों में पलायन करने को विवश हैं। हालांकि इससे पहले भी परती कुशवानी, केतार और परसोडीह पंचायत में मनरेगा योजना में जेसीबी से कार्य कराने का मामला सामने आया था और योजना को बंद कर लाभुक और मेठ को प्रतिबंधित किया गया था। इस संबंध में बीपीओ मनोज कुमार ने बताया कि इसकी जांच रिपोर्ट प्रखंड विकास पदाधिकारी को सौंपी जायेगी। जांच टीम में परती कुशवानी पंचायत के रोजगार सेवक दीपक जयसवाल, रामकुमार प्रजापति, कनीय अभियंता राजीव आदि शामिल थे।

# पवित्र सतबहिनी झरने में हजारों लोगों ने लगाई आस्था की डुबकी

## कड़ाके की ठंड के बीच मकर संक्रांति पर्व पर दूसरे दिन के मेले में 25 हजार श्रद्धालु हुए शामिल

**नवीन मेल संवाददाता। कांडी**

प्रसिद्ध पर्यटन स्थल सतबहिनी झरना तीर्थ में मकर संक्रांति पर मेला लगा। मालूम हो कि सदियों से यहां वैशाख पूर्णिमा, कार्तिक पूर्णिमा, मकर संक्रांति, माघ पूर्णिमा व महाशिवरात्रि के अवसर पर साल में पांच बार मेला लगता है। सोमवार सुबह भगवान सूर्य के मकर राशि में प्रवेश व उनके उत्तरायण होने के पवित्र मौके पर अहले सुबह से ही श्रद्धालुओं का झरना में स्नान शुरू हो गया। कड़ाके की ठंड व कनकनी में भी सुबह से ही लोग झरना में स्नान करते देखे गए। दिन चढ़ते ही यह भीड़ और बढ़ गई। इसके बाद लोगों ने सतबहिनी भगवती माता महा दुर्गा, महालक्ष्मी व महाकाली, भैरवनाथ, भगवान भास्कर, बजरंग बली, भगवान शिव, साक्षी गणेश व नंदी महाराज के मंदिरों में दर्शन पूजन किया। उन्होंने तिल, चावल, द्रव्य आदि दान भी किया। भगवती मंदिर के निकट काफी संख्या में लोगों ने श्री सत्यनारायण व्रत कथा सुनी। इधर मेला में विभिन्न चीजों की सैकड़ों दुकानों पर लोग प्रसाद, मिठाई, सिंगार, खिलौना, चाट चाउमीन, होटल, रेडीमेड, जूता चप्पल, रसोई सामग्री, सजावट, फोटो, स्टूडियो, सब्जी, कृषि उपकरण, पान, एलेक्ट्रिक मसाज सहित अन्य



दुकानों पर हजारों लोग देर शाम तक खरीदारी करते रहे। सेतू मार्ग पर पांच रुपये में ललाट पर तिलक के साथ जय श्री राम लिखाने के लिए युवाओं का पूरे दिन तांता लगा रहा। दूसरे दिन स्थानीय गावों के साथ साथ पलामू, लातेहार, लोहरदगा, रांची सहित यूपी, बिहार, छत्तीसगढ़, एमपी, बंगाल, राजस्थान, ओडिशा आदि राज्यों के करीब 25 हजार पर्यटकों ने मेले में भाग लिया।

### काफी प्राचीन है स्थल

यह स्थल प्राचीन काल का एक धार्मिक व प्राकृतिक धरोहर है। यहां मनोरम झरना, कलकल बहती नदिया, मीलों तक फैली टीलों व बिहड़ों की सुंदर वादियां, हरियाली, भव्य मंदिरों की श्रृंखला लोगों को आकर्षित करती है। साथ ही झरना से उत्तर तरफ रहस्यमयी सातमंजिली साधना सह समाधि गुफा अवस्थित है। इस गुफा पर्वत के नीचे कोई न कोई महल या मंदिर छिपा हुआ है जो खोज का विषय है। तीन सौ साल पहले एक ऋषि बाबा शामदास ने इसी में वर्षों साधना की थी। उन्होंने यहीं समाधि भी ली थी। इस मौके पर मां सतबहिनी झरना तीर्थ एवं पर्यटन स्थल विकास समिति के अध्यक्ष नरेश प्रसाद सिंह, सचिव पं. मुरलीधर मिश्र, कोषाध्यक्ष विभूति नारायण द्विवेदी, सुदर्शन तिवारी, प्रियरंजन सिन्हा, डॉ प्रमोद कुमार सिंह, जयकिशुन राम, रघुनंदन राम, अशर्फी सिंह, राम जन्म पांडेय, रामदास दुबे, अवधेश गुप्ता, सुखदेव साव सहित काफी संख्या में लोग उपस्थित थे। उद्घोषणा व संचालन प्रियरंजन सिन्हा व दिलीप कुमार पांडेय ने की।

### मानस महायज्ञ के आयोजन को लेकर हुई बैठक

**कांडी।** मां सतबहिनी झरना तीर्थ एवं पर्यटन स्थल विकास समिति के तत्वावधान में 24वें मानस महायज्ञ के आयोजन को लेकर बैठक की गई। समिति के अध्यक्ष नरेश प्रसाद सिंह ने बैठक की अध्यक्षता की। पूरे परिसर सहित सभी मंदिरों, स्थापित प्रतिमाओं की सफाई व सुंदरीकरण का कार्य बनारस के विशेषज्ञों से कराया जाएगा। इसके लिए अरुण सिंह व ददुआ को अधिकृत किया गया। सचिव पं. मुरलीधर मिश्र ने कहा कि 25 फरवरी को विराट कलश यात्रा निकाली जाएगी। 26 फरवरी की सुबह पंचांग पूजन, मंडप प्रवेश व मंत्र शक्ति से अग्नि प्राकट्य के साथ विधिवत यज्ञारंभ हो जाएगा। दोपहर तक श्रीराम चरित मानस का पारायण पाठ किया जाएगा, जबकि 26 फरवरी से 5 मार्च तक दोपहर से संध्या तक भारत के कई विशिष्ट मंचों के विद्वानों के द्वारा प्रवचन प्रस्तुत किया जाएगा। वहीं 6 मार्च को महाभंडारा होगा। मौके पर अध्यक्ष नरेश प्रसाद सिंह, सचिव मुरलीधर मिश्र, कोषाध्यक्ष विभूति नारायण दुबे, अरुण सिंह, विकास उपाध्याय, सुदर्शन तिवारी, डॉ प्रमोद कुमार सिंह, सुरेश राम, रघुनंदन राम, जयकिशुन राम, दुदून उपाध्याय, दुर्गा राम राजस्थानी, प्रमोद आदि उपस्थित थे।

### मंदिर कमेटी को 11000 का दिया सहयोग



**मेराल।** प्रखंड के लातदाग गांव में चूड़ा मणि पहाड़ी पर मकर संक्रांति पर लगने वाले मेले का आयोजन में झारखंड मुक्ति मोर्चा पार्टी के लोगो ने मंत्री मिथिलेश कुमार ठाकुर के निर्देश पर मेला कमेटी सह मंदिर कमेटी के लोगों को 11000 रुपये का आर्थिक सहयोग दिया। मौके पर अनुमंडल उपाध्यक्ष जैनेंद्र कुमार सिंह उर्फ बबलू सिंह, दशरथ प्रसाद राजेश बैठा, सूर्य प्रकाश, विनोद प्रसाद, प्रमोद कुमार गुप्ता, कामता सिंह खरवार आदि शामिल थे।

# गढ़वा में भाजपा नेता के घर से लाखों रु. के जेवर उड़ाए

## बंद घर में दिया गया घटना को अंजाम, प्राथमिकी दर्ज

**नवीन मेल संवाददाता। गढ़वा**

थाना क्षेत्र के पिपरा कला निवासी भाजपा नेता राजीव रंजन तिवारी के आवास से चोरों ने करीब 12 लाख रुपये के जेवर की चोरी कर ली। तिवारी ने इसकी शिकायत गढ़वा थाने में दर्ज कराई गई है। उन्होंने बताया कि 14 जनवरी की रात भवनाथपुर के भगवान घाटी में बनिहार कार्यक्रम में शामिल होने गए थे। घर के तमाम लोग रिश्तेदार में गए हुए थे। इसी बीच घर को सुना पाकर अज्ञात चोरों द्वारा घर का ताला तोड़कर घर में प्रवेश किया गया। अलमीरा सहित विभिन्न जगहों पर तोड़फोड़ कर घर रखे तमाम जेवर उठा कर ले गए। उन्होंने बताया कि घर में लगा सीसीटीवी भी पिछले कुछ दिनों से खराब चल रहा था। घटना में करीब 12 लख रुपये जेवर चुराए गए हैं। थाना प्रभारी केके साहू ने बताया कि मामले में आवेदन के आधार पर प्राथमिकी दर्ज कर छानबीन शुरू दी गई है।

# लेखपाल पर शिक्षकों ने लगाया वसूली का आरोप

## बीईईओ को आवेदन सौंप कर की कार्रवाई की मांग

**नवीन मेल संवाददाता। डंडई**

न्यू प्राथमिक विद्यालय बहेरवा डंडई के प्राचार्य आदित्य लाल ने बीआरसी डंडई के लेखपाल राकेश कुमार पर जिला कार्यालय का धौंस दिखा कर अवैध राशि की वसूली करने के साथ-साथ शिक्षकों को बेवजह परेशान करने का भी आरोप लगाया है। इतना ही नहीं, विद्यालय में पोशाक वितरण को लेकर व्यक्ति विशेष एजेंसी से पोशाक की खरीदारी करने का दबाव देने का आरोप भी उन्होंने लेखपाल पर लगाया है। मामले की लिखित शिकायत प्राचार्य ने बीईईओ के पास की है। बीईईओ को दिए आवेदन में उन्होंने लिखा है कि विद्यालय विकास अनुदान एवं पोशाक की खरीदारी मद में उनके द्वारा 10 प्रतिशत कमीशन की मांग की जाती है। साथ ही उनके द्वारा व्यक्ति विशेष एजेंसी से पोशाक की खरीदारी करने का भी काफी दबाव बनाया जाता है। वहीं उनके कहे अनुसार नहीं करने पर मेरे अलावा प्रखंड के अन्य शिक्षकों को भी बेवजह परेशान करने का काम किया जाता है। संबंधित विषयों पर उन्होंने बीईईओ से लेखपाल पर उचित करवाई करने की मांग की है। वहीं लेखपाल राकेश ने कहा कि न तो किसी से कमीशन की मांग करता हूं और न ही किसी भी शिक्षक को परेशान करता हूं। आरोप गलत है।

# झारखंड विकास पार्टी का गठन विकास दुबे बने केंद्रीय अध्यक्ष

## वर्तमान विधायकों ने क्षेत्र को ठगने का काम किया : दुबे




**नवीन मेल संवाददाता। गढ़वा**

रजनीश रंजन दुबे उर्फ विकास दुबे के आवास पर आयोजित बैठक में झारखंड विकास पार्टी का गठन किया गया, जिसमें दुबे को पार्टी का केंद्रीय अध्यक्ष बनाया गया। बैठक को संबोधित करते हुए दुबे ने कहा कि विश्रामपुर विधानसभा क्षेत्र को कांग्रेस और भाजपा के वर्तमान विधायकों ठगने का काम किया गया है। क्षेत्र में अराजकता का माहौल है। सभी क्षेत्रों में व्यापक भ्रष्टाचार है। जनजनप्रतिनिधि सिर्फ अपना विकास कर रहे हैं। जनता बदहाल है। सड़कें जर्जर हैं। अस्पताल की स्थिति काफी बदहाल है। न तो चिकित्सक है, न ही कोई व्यवस्था है। आने वाले दिनों में झारखंड विकास पार्टी का एक-एक कार्यकर्ता व्यापक भ्रष्टाचार के खिलाफ आवाज को बुलंद करेंगे। उन्होने कहा कि किसी भी परिस्थिति में विश्रामपुर विधानसभा क्षेत्र में भ्रष्टाचार नहीं होने दिया जाएगा। मौके पर शंकर दुबे, शौकत अंसारी, विजय राम, हैदर खान, इमरान खान, चुन्नू दुबे, वाहिद अंसारी, प्रणव कुमार, अजय बेटा, अरविंद दुबे, विपुल धर दुबे, रूपेश पांडे, अरुण दुबे, पंकज दुबे, बसंत दुबे, प्रिंस सिंह, पिंटू गुप्ता, राजेंद्र तिवारी, कृष्णा राम आदि उपस्थित थे।

### मनरेगा का सामाजिक अंकेक्षण आज से

**केतार।** प्रखंड में मनरेगा कार्यों के सामाजिक अंकेक्षण की तिथि निर्धारित की गयी है। प्रखंड के सभी सात पंचायतों में मनरेगा कार्यों का सामाजिक अंकेक्षण किया जायेगा। प्रभारी प्रखंड कार्यक्रम पदाधिकारी मनोज कुमार ने बताया कि प्रखंड क्षेत्र के बलिगढ़, केतार, लोहरगाडा, मुकुंदपुर, पाचाडुमर,परसोडीह एवं परती कुशवानी पंचायत का सामाजिक अंकेक्षण 16-21 जनवरी तक किया जायेगा, जबकि पंचायत स्तर पर 22 जनवरी को और इसके उपरांत प्रखंड स्तर पर 16 फरवरी को सामाजिक अंकेक्षण किया जायेगा। उन्होंने बताया कि लोहरगाडा, पाचाडुमर, परती कुशवानी, एवं परसोडीह पंचायत में वित्तिय वर्ष 2020-21,21-22,22-23 का अंकेक्षण किया जायेगा, जबकि मुकुंदपुर, बलिगढ़, केतार एवं मुकुंदपुर पंचायत में वित्तिय वर्ष 2021-22, एवं 22-23 का सामाजिक अंकेक्षण किया जायेगा।

# एसएनसी होटल प्रांगण में संक्रांति पर 500 लोगों के बीच कंबल व चूड़ा-गुड़ का वितरण

**नवीन मेल संवाददाता। गढ़वा**



शहर के सोनपुरवा मोहल्ला स्थित एसएनसी होटल के प्रांगण में सोमवार को मकर संक्रांति के अवसर पर 500 जरूरतमंद लोगों के बीच कंबल, चूड़ा व गुड़ का वितरण किया गया। यह कार्य होटल संचालक राजीव चौबे व युवा समाजसेवी सह प्रतिष्ठित व्यवसायी राकेश पाल के सहयोग से किया गया। इस मौके पर राकेश पाल ने कहा कि कड़ाके की ठंड में गरीब व असहाय लोगों की परेशानी को देखते हुए उक्त कार्यक्रम का आयोजन किया किया गया। राजीव चौबे ने कहा कि संक्रांति आर्थिक तंगी के कारण कई लोग चूड़ा व गुड़ की खरीदारी नहीं कर पाते हैं, जिसके कारण वे मकर संक्रांति का त्योहार नहीं मना पाते हैं। ऐसे लोगों को ध्यान में रखते हुए आज मकर संक्रांति के अवसर पर चूड़ा व गुड़ का भी वितरण किया गया। रामनाथ गोंड, सुषमा देवी, लालती देवी, उपेंद्र पासवान, कुमारी देवी, देवंती कुंवर, अनिल गोंड, अनीता देवी, लक्ष्मी देवी, मुन्नी देवी, दीनानाथ गोंड, पूनम देवी आदि के बीच कंबल, चूड़ा व गुड़ का वितरण किया गया। मौके पर संजीव दत्त चौबे, बैजनाथ सिंह, संतोष मिश्रा, गौरव कुमार, हिमांशू मिश्रा, मयंक कुमार, दिनेश कुमार, सुमित कुमार आदि उपस्थित थे।

### प्रखंड प्रमुख ने किया कंबल वितरण

**श्री बंशीधर नगर।** प्रखंड प्रमुख उर्मिला देवी ने सोमवार को प्रखंड के विलासपुर पंचायत के 50 जरूरतमंद लोगों के बीच कंबल का वितरण किया। मौके पर पूर्व प्रखंड प्रमुख रविन्द्र कुमार पासवान, सुखदेव विश्वकर्मा, राजेश्वर विश्वकर्मा, मदन यादव, विवेक पासवान, विनोद चौधरी आदि उपस्थित थे।

## धर्म-कर्म

## गायत्री परिवार की जिलास्तरीय गोष्ठी में वार्षिक कार्यक्रमों की घोषणा

# राममंदिर की प्राण प्रतिष्ठा पर गायत्री शक्तिपीठों में होगा दीपयज्ञ

**नवीन मेल संवाददाता। गढ़वा**

अखिल विश्व गायत्री परिवार गढ़वा शाखा की जिलास्तरीय वार्षिक गोष्ठी कल्याणपुर शक्तिपीठ स्थल में की गयी। इसमें संगठन के विस्तार एवं वार्षिक कार्यक्रमों की रूपरेखा तय की गयी। वर्ष 2024 में प्रत्येक महीने क्रमवार ढंग से सभी प्रखंडों में यज्ञ का आयोजन करने, सभी प्रखंडों में मंडल इकाई का गठन करते हुये युग निर्माण आंदोलन व संस्कार परंपरा को घर-घर तक पहुंचाने, भारतीय संस्कृति ज्ञान परीक्षा में विद्यार्थियों की भागीदारी बढ़ाने, कल्याणपुर शक्तिपीठ निर्माण को पूरा करने आदि का निर्णय लिया गया। इसके साथ ही



आगामी 22 जनवरी को अयोध्या में रामलला की प्राण प्रतिष्ठा के दिन जिले के सभी शक्तिपीठों में कार्यक्रम आयोजित किया जायेगा। शांतिकुंज हरिद्वार के निर्देश पर शाम में शक्तिपीठों में विराट दीपयज्ञ का आयोजन किया जायेगा। गोष्ठी में गढ़वा प्रखंड से अखिलेश कुमार कुशवाहा, मझिआंव से अच्युतानंद तिवारी, बरडीहा से डॉ राम नरेश प्रसाद, विशुनपुरा से पंकज गुप्ता, रंका से बजेंद्र चौधरी, भवनाथपुर से बजरंगी प्रसाद, कांडी से रामरेखा प्रजापति, महिला मंडल से अनिता देवी आदि ने अपने-अपने प्रतिवेदन प्रस्तुत किये। मौके पर युवा समन्वयक वीरेंद्र सोनी, संतन मिश्र, सहायक प्रबंध ट्रस्टी डॉ आलोक रंजन दूबे, डॉ जयप्रकाश ठाकुर, प्रभुदयाल प्रजापति, अशोक प्रसाद, संजय कमलापुरी, रामाशंकर सोनी, अनिल विश्वकर्मा, वृंदा ठाकुर, मिथिलेश कुशवाहा, चंद्रमणि कुमार, पप्पू, शोभा पाठक, मीना कमलापुरी, कांति दूबे, सुनंदा दुबे उपस्थित थे।

### शांति व्यवस्था बनाए रखने को लेकर पुलिस अधिकारियों ने की बैठक

**मेराल।** प्रशिक्षु डीएसपी चिरंजीव मंडल सोमवार को थाना प्रभारी नितिश कुमार से मेराल थाना के प्रभार लेने के बाद अयोध्या में 22 जनवरी को आयोजित होने वाले भगवान राम के प्राण प्रतिष्ठा एवं धार्मिक आयोजन के अवसर पर थाना क्षेत्र में शांति व्यवस्था बनाए रखने के मद्देनजर प्रशिक्षु डीएसपी चिरंजीव मंडल तथा थाना प्रभारी नीतीश कुमार ने प्रखंड के सभी मुखियाओं के साथ बैठक की। बताया गया कि जहां भी गड़बड़ी की आशंका हो इसकी सूचना थाना को तुरंत उपलब्ध कराएं ताकि ससमय उचित कार्रवाई की जा सके। वहीं लोकसभा चुनाव के मद्देनजर पंचायत क्षेत्र के सभी बूथों पर निरीक्षण कर पेयजल की सुविधा, बिजली, रैंप आदि आवश्यक सुविधाओं को दुरुस्त कराने को कहा गया। मौके पर मुखिया रामसागर महतो वीरेंद्र नाथ तिवारी, अनिल चौधरी, मनदीप सिंह, प्रतिमा देवी, राम प्रताप शाह, अजीज अंसारी, संजय राम, मुखिया प्रतिनिधि राजेंद्र चौधरी, धर्मराज राम, शंभू राम, हरेंद्र चौधरी, मुन्ना राम, दिलजान अंसारी आदि मौजूद थे।

# सूर्य मंदिर की स्थापना को लेकर निकली कलश यात्रा



**नवीन मेल संवाददाता। खरौंधी**

प्रखंड के करीवाडीह में सूर्य मंदिर कमेटी ने बनारस से आये आचार्य सौरव भारद्वाज तथा दिल्ली पूर्व मेयर विपिन बिहारी के नेतृत्व में कलश शोभा यात्रा निकाली गई। यात्रा नव निर्मित सूर्य मंदिर से चलकर करिवाडीह होते हुये पंडा नदी पुल के समीप पंडा नदी तट पर गई, जहां वैदिक मंत्रोचारण के साथ श्रद्धालुओं ने कलश में जल उठाया। इसके बाद पुनः वापस आकर सूर्य मंदिर में कलश को स्थापित किया। बनारस से आये आचार्य सौरभ भारद्वाज ने कहा 17 जरवरी को भगवान सूर्य नारायण की प्राण प्रतिष्ठा है। मुख्य कलश गांव के ही गुडडू सिंह व उनके पत्नी शारदा सिन्हा लेकर चल रहे थे। इस दौरान राजेश कुमार सिंह उर्फ राजा सिंह, अमरेंद्र सिंह, विनोद सिंह, रामचंद्र सिंह, अरुण कुमार सिंह बीड़ीसी विकास कुमार सिंह, मुखिया मंशा देवी, राकेश सिंह, आशुतोष शरण सिंह, मंटू सिंह, बबलू सिंह, बाबूलाल यादव, शर्मा यादव, अमरेश सिंह, बुलबुल सिंह, चंदन सिंह, अभिजीत सिंह, अक्षय कुमार रजक, सोनू चंद्रवंशी आदि उपस्थित थे।

## एक नजर

### अबुआ आवास प्रक्रिया से वंचित लोगों ने जताई नाराजगी

**चंदवा।** प्रखंड के सेरक गांव में अबुआ आवास योजना प्रक्रिया से वंचित दर्जनों महिला-पुरुष सोमवार को सेरक पंचायत सचिवालय पहुंच पंचायत की मुखिया के पास नाराजगी जाहिर कर अबुआ आवास योजना का लाभ दिलाने की मांग की। खैरून निशा, अफसाना परवीन, प्रमीला देवी, राजेंद्र यादव ने कहा कि जरूरतमंद लोगों का नाम अबुआ आवास की सूची से हटा दिया गया है। वही वैसे लोगों का लाभुक सूची में नाम जोड़ दिया गया जिनको पूर्व में भी आवास समेत अन्य योजनाओं का लाभ मिल चुका है। मुखिया अनिता देवी ने कहा कि मेरा प्रयास है कि जो सही मायने में आवास के हकदार हैं उनको आवास योजना का लाभ मिले। पूर्व में आवास योजना का लाभ पाने वालों का नाम जांच कर हटाया जाएगा।

### 'सैदुप के देवरी नदी पर पुल का निर्माण करवाया जाए'

**बरवाडीह।** प्रखंड की मोरवाई पंचायत के सैदुप ग्राम में झारखंड आंदोलनकारी संघर्ष मोर्चा के सदस्यों एवं सैदुप के ग्रामीणों की बैठक ग्राम प्रधान अमीन सिंह की अध्यक्षता में हुई। इसमें सर्वसम्मति से यह प्रस्ताव पारित किया गया कि सैदुप के देवरी नदी पर पुल का निर्माण करवाया जाए एवं देवरी नदी का पुल ततहा ग्राम से निकलकर गरम झरना तक सड़क निर्माण कार्य कराया जाए। वहीं जर्जर बरवाडीह मंडल मार्ग का अविलंब निर्माण करवाया जाए। बैठक में आंदोलनकारी सदस्य मुरलीधर प्रसाद, राकेश अग्रवाल, वीरेंद्र ठाकुर, सोहन सिंह, लाल मुनी तुरी आदि मौजूद थे।

### शहादत दिवस पर आज होंगे कार्यक्रम

**बरवाडीह।** भाकपा माले की ओर से चलाए जा रहे राज्यव्यापी कार्यक्रम के तहत बरवाडीह प्रखंड में भी भाजपा हटाओ, लोकतंत्र बचाओ, शहीदों के सपनों का भारत बनाओ नारा के तहत जननायक कॉमरेड महेंद्र सिंह का 19वां शहादत दिवस संकल्प दिवस के रूप में मंगलवार को मनाया जायगा। इसकी जानकारी जिला सचिव बिरजू राम ने दी।

### प्रजापति समाज की बैठक में हुई चर्चा

**बालूमाथ।** प्रखंड मुख्यालय स्थित प्रजापति भवन में झारखंड प्रजापति कुमार महासंघ की बैठक बालगोविंद प्रजापति की अध्यक्षता में हुई। इसमें प्रखंड कोर कमेटी का गठन करने व पंचायत स्तर तक विस्तार कर नियमावली सुनिश्चित करने का निर्णय लिया गया। मौके पर आदित्या प्रजापति, पंचम प्रजापति, अनिल कुमार प्रजापति, अशोक प्रजापती, अपील प्रजापति, संदीप प्रजापती, बीरबल प्रजापती, नीरा देवी, जगननाथ प्रजापती, राजेंद्र प्रजापती, सुदामा प्रजापती, रामप्रसाद प्रजापती, बाल गोविंद प्रजापती आदि उपस्थित थे।

### कृषि फार्म में लोहरा समुदाय की बैठक

**चंदवा।** शहर के कुसुमटोली स्थित कृषिफार्म के प्रांगण में सोमवार को लौह युग के प्रवर्तक लोहरा समुदाय की बैठक हुई। इसकी अध्यक्षता उषा उद ने की जबकि संचालन सुरेश नाथ लोहरा ने किया। इसमें कुरीतियों को त्याग करने को लेकर लोगों को प्रेरित करने पर जोर दिया गया। बैठक में राकेश लोहरा, सुष्मिता लोहरा, मंजू देवी, मनोज लोहरा, रीता देवी, संदीप लोहरा आदि लोग मौजूद थे।

---

मकर संक्रांति पर पूर्व विधायक जयप्रकाश सिंह ने किया मेले का भ्रमण, लगी हैं 200 अस्थायी दुकानें

# बलबल गर्म कुंड में उमड़ी भीड़

**नवीन मेल संवाददाता। गिद्धौर**



मकर संक्रांति पर सोमवार को बलबल गर्म कुंड में स्नान व दस दिवसीय मेले में उमड़ी भारी भीड़। वहीं पूर्व विधायक जयप्रकाश सिंह भोगता मेले का भ्रमण कर सुरक्षा व्यवस्था के साथ स्वास्थ्य सहित उपलब्ध अन्य सुविधाओं का जायजा लिया। साथ ही मेला समिति सदस्यों को संपूर्ण मेला स्थल में नजर रखने की सलाह दिया। इसके अलावे मेले से 500 मीटर दूरी पर मांस मदिरा की दुकान लगाने की बात कही। वहीं मकर संक्रांति के अवसर पर सोमवार को भारी संख्या में पहुंचे लोगों ने गर्म जलकुंड में स्नान किया तथा विधि विधान से पूजा अर्चना कर चूड़ा, गुड, दही व तिलकुट का सेवन किया। साथ ही यथाशक्ति ब्राह्मणों को दान भी दिया। भीड़ अहले सुबह से पहुंचने लगी थी। ज्ञात हो कि बलबल में मकर संक्रांति पर पिछले सात दशक से पशु मेला का आयोजन किया जा रहा है। प्रारंभ में मेला में काफी कम भीड़ लगती थी। परंतु दस से बारह वर्ष के बाद इसका विस्तार हो गया और अब यहां वृहद पैमाने पर खरीद बिक्री होती है। यहां पर झारखंड-बिहार के अलावा बंगाल, उत्तर प्रदेश, ओडिशा, मध्य प्रदेश सहित अन्य प्रदेशों से व्यापारी खरीद बिक्री के लिए पहुंचते हैं। मेला में दो सौ के करीब अस्थायी दुकानें लगाई गई हैं।

### सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम

**गिद्धौर।** मेला में उमड़ी भीड़ सुरक्षा को लेकर पुलिस प्रशासन द्वारा सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किये गये थे। वहीं थाना प्रभारी गुलाम सरवर, पुलिस अवर निरीक्षक रामदेव वर्मा, सहायक पुलिस निरीक्षक रंजय सिंह सहित अन्य पुलिस पदाधिकारी द्वारा समय-समय पर मेले की गस्ती की जा रही है। जबकि सोमवार को इंस्पेक्टर सुधीर चौधरी द्वारा भी मेला का दौरा कर सुरक्षा इंतजाम का जायजा लिया गया। उन्होंने मेला परिसर के साथ अन्य जगहों पर जवान को मुस्तैद रहने का निर्देश दिया। किसी भी अप्रिय घटना की सूचना पर तत्काल वरीय पदाधिकारी को सूचित करने का भी निर्देश दिया। वहीं दूसरी ओर मंदिर प्रबंध समिति द्वारा गठित 100 सदस्यी सुरक्षा दल भी सिविल ड्रेस में जगह-जगह पर सुरक्षा को लेकर लगाए गए हैं। थाना प्रभारी ने कहा बताया कि मेला में उमड़ी भीड़ की सुरक्षा के लिए पुख्ता इंतजाम किए गए हैं।

### मकर संक्रांति पर बाबा कुटी मेले में उमड़ी भीड़, श्रम मंत्री भी हुए शामिल

**नवीन मेल संवाददाता। प्रतापपुर**




प्रखंड अंतर्गत जोगियारा गांव के समीप बाबा कुटी आश्रम में प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी मेले का आयोजन हुआ। यह आयोजन सतनाम बापू के पुण्यतिथि पर 14 जनवरी को आयोजित हुआ जो 15 जनवरी को भव्य भंडारे के साथ सम्पन्न हो गया। मेले में बिहार व झारखंड के भारी संख्या में श्रद्धालु बाबा कुटी आश्रम पहुंचकर सतनाम बापू के समाधि स्थल पर माथा टेका तथा लंगर का प्रसाद ग्रहण किया। दो दिवसीय मेले के आयोजन में भजन किर्तन के साथ साधु संतों द्वारा प्रस्तुत प्रवचन का भी आनन्द लोगों ने उठाया। इस बीच आश्रम के द्वारा गरीब असहायों के बीच कम्बल का भी वितरण किया गया। वहीं संमापन पर सोमवार को राज्य के मंत्री सत्यानन्द भोक्ता बाबाकुटी आश्रम पहुंच क्षेत्र की सलामती व खुशहाली के लिए मन्नते मांगी। साथ आश्रम का प्रसाद भी ग्रहण किया। उनके साथ अंचलाधिकारी नित्यानंद दास के अलावे कई राजद कार्यकर्ता आदि शामिल थे।

---

# मैराथन दौड़ में बेसरा के बेटे ने प्रथम स्थान लाकर किया क्षेत्र का नाम रोशन

**नवीन मेल संवाददाता। बारियातु**



थाना क्षेत्र के बेसरा ग्राम निवासी योगेंद्र यादव (छोटू) बीएसएफ के जवान ने मध्य प्रदेश के इंदौर इंदिरा गांधी स्पोर्ट्स स्टेडियम में पांच किमी लंबी मैराथन दौड़ में प्रथम स्थान लाकर क्षेत्र का नाम रोशन किया। जानकारी देते हुए योगेंद्र के पिता मदन यादव, माता सुखमनी देवी, बड़े भाई मुरारी यादव ने कहा कि हमलोग गांव में रहते हैं। एक साधारण परिवार है।

कृषि उत्पादन कर योगेंद्र यादव छोटू को प्रथम से आठवीं वर्ग तक उत्क्रमित मध्य विद्यालय भाटचतरा में पढ़ाई करवाया। उसके बाद मैट्रिक बालूमाथ से पास की। बारहवीं की पढ़ाई हजारीबाग संत कोलंबस से पूर्ण की। 27 अक्टूबर 2023 में बीएसएफ में नौकरी मिली। विभाग द्वारा प्रशिक्षण के लिए हजारीबाग स्थित मैरु कैम्प में भेजा गया था। पोस्टिंग के बाद इंदौर मध्य प्रदेश में था। एक यूनिट में ढाई सौ जवान रहते थे, जहां रनिंग ट्रेनर द्वारा योगेंद्र के बेहतर प्रदर्शन को देखते हुए सेलेक्ट किया। 14 जनवरी को मध्य प्रदेश के इंदौर स्थित इंदिरा गांधी एक्सपोर्ट स्टेडियम में योगेंद्र ने मैराथन दौड़ में प्रथम स्थान लाकर क्षेत्र का नाम रोशन किया। उन्हें सीओ, सीएचओ, सीएचएसएम ने गोल्ड मेडल देकर सम्मानित किया। क्षेत्रवासियों ने योगेंद्र के उज्वल भविष्य की कामना की।

## बाइक दुर्घटनाओं में आधा दर्जन लोग हुए घायल

**गिद्धौर।** थाना क्षेत्र में सोमवार को हुई बाइक दुर्घटनाओं में आधा दर्जन लोग घायल हो गए। घायलों को हजारीबाग रेफर कर दिया गया। पहली घटना बलबल मेला के समीप इंदिरा मोड़ के पास घटी, जहां दो बाइक आपस में टकरा गई, जिसमें हंटरगंज थाना क्षेत्र के दंतार गांव के रविंद्र भुईयां, मुंशी भुईयां, गिद्धौर थाना क्षेत्र के इंद्रा निवासी सेपू यादव व रामखेलावन यादव घायल हो गए। दूसरी घटना बलबल पुल के समीप घटी, जहां बाइक अनियंत्रित होकर दुर्घटनाग्रस्त हो गई। इसमें कटकमसांडी के दो युवक गंभीर रूप से घायल हो गए। दोनों युवकों को भी बेहतर इलाज के लिए हजारीबाग रेफर कर दिया गया।

## फॉर्मेट को लेकर दो गुटों में झड़प, कुछ लोग चोटिल

**नवीन मेल संवाददाता। बालूमाथ**



थाना क्षेत्र के शेरेगड़ा ग्राम में सोमवार सुबह लगभग 11:00 बजे दो गुटों में झड़प हो गई। बताया जाता है कि मगध माइंस का फॉर्मेट ट्रांसपोर्टर के प्रतिनिधि द्वारा नहीं दिए जाने पर ट्रक ऑनर और ट्रांसपोर्टर प्रतिनिधि के बीच विवाद हो गया, जो देखते ही देखते हिंसक रूप ले लिया। दोनों पक्ष हाथों में डंडे लेकर सड़क पर उतर आए और शेरेगड़ा मुख्य बाजार पहुंच कर शोर गुल करने लगे। इसको देखते हुए आसपास के दुकानदारों ने अपनी दुकानें बंद कर दीं। इधर घटना की जानकारी मिलते ही फूलबसिया पीकेट प्रभारी कुबेर साव दलबल के साथ मौके पर पहुंचे। लोगों की भीड़ और आक्रोश देखकर पीकेट प्रभारी ने बालूमाथ थाना फोन कर और भी फोर्स मंगवाया। इसके बाद मामले को शांत कराया गया। सूत्रों के मुताबिक झड़प में कुछ लोग चोटिल भी हुए हैं। इसको लेकर थाने में शिकायत देने पर भी चर्चा चल रही थी। थाना प्रभारी धर्मेंद्र कुमार महतो ने बताया कि दो गुटों में झड़प होने की सूचना मिली थी। पुलिस के हस्तक्षेप से मामला शांत हो गया है। शिकायत मिलने पर कार्रवाई की जाएगी।

---

# श्री वैष्णव दुर्गा मंदिर में राम मदिर की प्राण प्रतिष्ठा के दिन कार्यक्रमों की रूपरेखा तय

**नवीन मेल संवाददाता। लातेहार**



श्री वैष्णव दुर्गा मंदिर समिति, लातेहार की बैठक मंदिर परिसर में सचिव आशीष टैगोर की अध्यक्षता में आयोजित की गयी। बैठक में 22 जनवरी को अयोध्या के श्रीरामजन्म भूमि मंदिर प्राण प्रतिष्ठा के मौके पर मंदिर में आयोजित किये जाने वाले कार्यक्रमों की समीक्षा और रूपरेखा तय की गयी। सह सचिव रंजीत कुमार ने बताया कि इस मौके पर मंदिर में भव्य विद्युत सज्जा की जायेगी। थाना चौक से बाइपास चौक तक प्रकाश व ध्वनि की व्यवस्था की जायेगी। 22 जनवरी को पूर्वाह्न 11 बजे से मंदिर परिसर में भजन कीर्तन का आयोजन किया जायेगा, जबकि 12 बजे से अयोध्या के श्रीरामजन्म भूमि प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम का सीधा प्रसारण किया जायेगा। इसके बाद मंदिर में भंडारा का आयोजन किया जायेगा. संध्या में मंदिर में दीप जलाई जायेगी। वहीं मंदिर के 30वें स्थापना दिवस के कार्यक्रमों पर भी चर्चा की गयी। 20 फरवरी को कलश यात्रा, 21 फरवरी को दुर्गा सप्तशति पाठ एवं 22 फरवरी स्थापना दिवस पर भंडारा एवं रात्रि में भगवती जागरण का आयोजन किया जायेगा। बैठक में उपाध्यक्ष कन्हाई प्रसाद अग्रवाल, सह सचिव रविंद्र प्रजापति, कोषाध्यक्ष राजू रंजन सिंह, दीपक विश्वकर्मा, प्रदीप प्रसाद, संतोष कुमार पिंटू, पंकज कुमार, सतीष कुमार, धनेश्वर प्रसाद व पारितोष ठाकुर आदि मौजूद थे। बैठक में मंदिर समिति का सदस्यता अभियान तेज करने का निर्णय लिया गया। सचिव आशीष टैगोर ने बताया कि 11 सौ रुपये वार्षिक शुल्क देकर श्री वैष्णव दुर्गा मंदिर का सदस्य बना जा सकता है।

### अयोध्या से आए अक्षत एवं आमंत्रण पत्र का वितरण

**बरवाडीह।** बरवाडीह भाजपा मंडल द्वारा सोमवार को प्रखंड मुख्यालय पंचायत के कई क्षेत्रों में अयोध्या में श्रीराम मंदिर के उद्घाटन पूजित अक्षत एवं आमंत्रण पत्र वितरण किया गया। इसकी शुरुआत जिप सदस्य संतोषी शेखर के आवास से की गई। कार्यक्रम में मुखिया कालो देवी, सेवानिवृत्त शिक्षकअमरेंद्र सिंह, लक्ष्मण मिस्त्री, सांसद प्रतिनिधि कन्हाई प्रसाद, विकास कुमार सिंह, दिलीप सिंह यादव, वीरेंद्र कुमार जायसवाल, पारस कुमार जायसवाल, शिबू साव, यमुना राम, सुनील कुमार सिंह, मनोज प्रसाद, मनोज यादव, हेमंत कश्यप आदि मौजूद थे।

### पूजित अक्षत व आमंत्रण पत्र का किया वितरण

**लातेहार।** अयोध्या में 22 जनवरी को भगवान श्रीराम की होने वाली प्राण प्रतिष्ठा को लेकर रविवार को अम्वाटीकर मोड़ से लातेहार के मुख्य पथ से थाना चौक होते हुए चटनाही के पंचमुखी मंदिर तक भाजपा के प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य राजधनी प्रसाद यादव के नेतृत्व में पूजित अक्षत एवं आमंत्रण पत्रक का वितरण किया गया। मौके पर महिला मोर्चा के जिलाध्यक्ष शिला देवी, श्याम अग्रवाल, संजय तिवारी, बजरंग दल के सह संयोजक नीतीश यादव, गौरव दास, विटू कुमार, कंचन कुमारी, सुकन्या देवी, हैपी शाहू आदि मौजूद थे।

### अयोध्या से आए पूजित अक्षत का किया वितरण

**बारियातु।** शिबला पंचायत के ग्राम मकरा स्थित बघौता, ब्रह्मदेवता, नकटी घोघर, खुठनिया में शोभा यात्रा निकालकर अयोध्या से आए अक्षत आदि का वितरण किया गया। मौके पर ग्राम प्रधान दिलीप सिंह, समाज सेवी जयप्रकाश सिंह, कुंदन सिंह, डब्लू सिंह, दिलीप सिंह, आनंद सिंह व विशेश्वर कुमार आदि मौजूद थे।

---

# सिंदुवारी गुरुमठ में दीपोत्सव मनाने की तैयारी

**नवीन मेल संवाददाता। मयूरहंड**



मयूरहंड प्रखंड क्षेत्र के सिंदुवारी गुरूमढ रामजानकी मंदिर में महंत रामकिशोर तिवारी के अगुआई में अयोध्या में श्रीराम मंदिर में प्राण प्रतिष्ठा के सुअवसर पर 22 जनवरी को 1001 दीपक जलाकर उत्सव का आयोजन किया जाएगा। जिसकी तैयारी रामजानकी मंदिर निर्माण समिति द्वारा की जा रही है। इस अवसर पर समिति द्वारा अखंड हरीकृतन के साथ भव्य भण्डारे का भी आयोजन किया जाएगा। उत्सव में चय प्रगणा के अलावा चम्पा प्रगणा के लोग भाग लेंगे। मठ के महंत श्री तिवारी ने बताया कि सिंदुवारी गुरुमठ रामजनकी मंदिर में श्रीराम, जानकी लक्ष्मण एवं वीर हनुमान जी स्थापीत हैं। सनानत धर्मावलंबी के लोगों को वर्षों से बहुप्रतिक्षित अयोध्या में श्रीराम भगवान को अपने घर में प्रतिष्ठित कर प्राण प्रतिष्ठा 22 जनवरी को की जा रही है। इस पावन दिन को हम सनातनी धर्मावलंबी उत्सव के रुप में मनाएंगे, घर दीप प्रज्वलित कर हरीभजन की जाएगी। इस अवसर पर बारह तपे के तपेदार समेत सनातन धर्मावलंबियों को आमंत्रण दिया गया है।

### अयोध्या से आए पूजित अक्षत का किया वितरण

**मयूरहंड।** श्री राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव गृह सम्पर्क अभियान में अयोध्या से आए हुए पुजित अक्षत वितरण कार्यक्रम मयूरहंड प्रखंड में संघन रुप से चलाया जा रहा है। प्रखंड क्षेत्र के सोकी, चेरी, बेलखोरी समेत अन्य गांवों में अक्षत वितरण में लोग बढ़ चढ़ कर भाग लिए। सोकी में अयोध्या के पूजित अक्षत को शिव मंदिर में रखा गया था। जहां प्रतिदिन पूजा अर्चना की जाती रही। उसके बाद विशाल शोभ यात्रा का आयोजन कर गांवों के लिए अक्षत कलश रवाना किया गया। प्रखंड क्षेत्र में पूरी निष्ठा से कार्यकर्ता अक्षत वितरण में अहम भूमिका निभा रहे हैं। कार्यकर्ता लोगों के घर-घर जा कर अक्षत के साथ अयोध्या पहुंचने का निमंत्रण दे रहे हैं।

## मंदिर में होगा चारदिनी कार्यक्रम

**लातेहार।** शहर के मेन रोड सित्थ राधाकृष्ण मंदिर, ठाकुरबाड़ी में श्रीरामजन्म भूमि मंदिर प्राण प्रतिष्ठा के मौके पर चार दिवसीय कार्यक्रम का आयोजन किया जायेगा। मंदिर समिति के राजेश कुमार अग्रवाल ने बताया कि 19 जनवरी से मंदिर में अखंड कीर्तन का आयोजन किया जायेगा। 20 जनवरी को भंडारा का आयोजन किया जायेगा। 21 जनवरी को सध्या छह बजे महाआरती की जाएगी। 22 जनवरी को प्रातः नौ बजे से सुंदर कांड पाठ किया जायेगा। अपराह्न एक से पांच बजे तक भंडारा और रात्रि में सात बजे से जागरण का आयोजन किया जायेगा। मंदिर समिति की बैठक में रवि कुमार गुप्ता, रंजन प्रसाद, अरविंद कुमार, विजय प्रसाद, अशोक कुमार, रामरेश कुमार, आंनद कुमार व ब्रजेश अग्रवाल आदि शामिल थे।

## राजद युवा प्रखंड अध्यक्षों को दिया गया नियुक्ति पत्र

**नवीन मेल संवाददाता। लातेहार**



नवनियुक्त युवा प्रखंड अध्यक्ष को नियुक्ति एवं प्रमाण पत्र देने को लेकर सोमवार को युवा राष्ट्रीय जनता दल जिला कार्यालय लातेहार में बैठक की गई। इसमें नवनियुक्त प्रखंड युवा प्रखंड अध्यक्षों बालूमाथ युवा प्रखंड अध्यक्ष मोहम्मद अल्ताफ, लातेहार युवा प्रखंड अध्यक्ष योगेंद्र कुमार यादव एवं सरयू प्रखंड अध्यक्ष मो, साबिर खान को को नियुक्त पत्र दिया गया। मौके पर जिला उपाध्यक्ष भोला सिंह, युवा जिला अध्यक्ष दिलेश्वर कुमार यादव, युवा जिला सचिव संजीत यादव, बालूमाथ प्रखंड अध्यक्ष प्रीत लाल यादव, प्रवीण दास नगर अध्यक्ष आदि उपस्थित थे।

---

# गोशाला का स्थापना दिवस सह संक्रांति पर्व मनाया गया

**नवीन मेल संवाददाता। चतरा**



गोशाला का स्थापना दिवस सह मकर संक्रांति का पर्व सोमवार को मनाया गया। गोशाला परिवार के पदाधिकारियों, कार्यकारिणी सदस्यों एवं उपस्थित गोभक्तों ने गोशाला में हुए विकास कार्यों की सराहना करते हुए कुछ अन्य विकास कार्यों को संचालित करने का सुझाव दिया। कार्यक्रम में उपस्थित नदी बचाओ अभियान से जुड़े अधिकारी गण भी शामिल हुए जो औरंगाबाद बिहार से चलकर आए थे। उन्होंने भी अपना महत्वपूर्ण सुझाव गोशाला को लेकर दिया। कार्यक्रम में सुरही, नगवां, बुचीडाड़ी, नयकी तालाब और मारवाड़ी मुहल्ला शामिल लोगों ने अपना विचार देते हुए कहा कि इस तरह के कार्यक्रम से लोगों का गोशाला के प्रति लगाव बढ़ता है। कार्यक्रम में जितेंद्र पाठक, ओमप्रकाश पाठक, गंगाधर शास्त्री, प्रशांत, मोहित कुमार, सुशील सिंह, आलोक रंजन सिंह, राजेश पांडे, सतिश कुमार मिश्रा, प्रदीप रावत, आशिष प्रजापति आदि उपस्थित थे।

---

**समस्या** चारों ओर गंदगी का अंबार, हो रहा मिट्टी का भराव, घट रहा जल स्तर, विभाग उदासीन

# नेतरहाट तालाब का अस्तित्व खतरे में, बढ़ सकता है जल संकट

**नवीन मेल संवाददाता। महुआडांड़**



नेतरहाट में लाइफ लाइन के तौर पर एक तालाब है जहां से नेतरहाट के सभी लोगों के लिए पानी की सप्लाई की जाती है। इस तालाब से ही पूरे नेतरहाट में पानी की आपूर्ति होती है, लेकिन देखा जा रहा है कि इस तालाब का अस्तित्व अब खतरे में पड़ने लगा है। लोगों द्वारा इसे गंदा किया जा रहा है। चारों ओर गंदगी का अंबार लगा हुआ है, जिसके कारण पानी भी दूषित हो सकता है। मिट्टी का भराव होता जा रहा है, जिसके कारण जल स्तर भी घटता जा रहा है। बीते कई सालों से पीएचडी विभाग द्वारा पानी की सप्लाई को लेकर वॉटर टैंक एवं सप्लाई से संबंधित कार्य किये जा रहे हैं, लेकिन अभी तक कोई कार्य पूरा नहीं हो पाया है।

विभाग द्वारा कछुए की चाल से कार्य किये जा रहे है, जिसके कारण भी लोगों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। बता दें कि नेतरहाट में देश-विदेश से पर्यटक घूमने आते हैं और यहां के शुद्ध वातावरण में रहना चाहते हैं। पर्यटकों के लिए तो यहां सील पैक पानी बोतल की व्यवस्था होटलों में हो जाती है लेकिन यहां रह रहे लोगों के लिए इस तरह का व्यवस्था संभव नहीं है। स्थानीय लोग तालाब के पानी पर ही आश्रित हैं। अगर नेतरहाट तालाब का पानी ही दूषित हो जाए, जल स्तर ही घट जाए तो यहां के लोगों के लिए पानी को लेकर संकट बढ़ जाएगा और हाहाकार मच जाएगा। ठंड और बरसात को छोड़ दे तो गर्मी के दिनों के लिए लोगों को पाने के लिए दर-दर भटकना पड़ जाएगा, क्योंकि उस समय पानी का जलस्तर काफी घट जाता है। जल संकट के खतरे को विभाग द्वारा भी नजरअंदाज किया जा रहा है, जबकि झारखंड सरकार नेतरहाट में पर्यटक स्थल को बढ़ावा देने के लिए भिन्न-भिन्न तरह के कार्य कर रही है।

घटते पानी के स्तर, तालाब के चारों ओर गंदगी की सफाई, गहरीकरण कराने की मांग, साथ ही पीएचडी विभाग द्वारा धीमी गति से कार्य को लेकर नाराजगी जताते हुए कार्य को जल्द से जल्द करने की मांग नेतरहाट के समाजसेवी सह पूर्व पंसस अजय प्रसाद, पूर्व मुखिया सुधीर बृजिया, ग्राम प्रधान सत्येंद्र किसान, सुदामा प्रसाद, राजु यादव, गजेंद्र किसान, संतोष प्रसाद, मुकेश किसान, गुलु किसान, अयुन रॉय, तेज नारायण किसान आदि ग्रामीणों ने उपयुक्त से की है।

## एक नजर

### ट्रक व पिकअप की सीधी भिड़ंत, पिकअप चालक गंभीर

**कुडू।** कुडू - चंदवा नेशनल हाईवे 75 टीको पुल के समीप ट्रक व पिकअप में टक्कर हो गई। दुर्घटना में पिकअप चालक गंभीर रूप से घायल हो गया। जिसे कुडू सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती करवाया गया, जहां से प्रथमिक उपचार के बाद रिम्स रेफर कर दिया गया, जबकि ट्रक चालक मौके से फरार हो गया। जानकारी के अनुसार सोमवार की शाम लगभग 6 बजे टीको पुल के पास चंदवा की ओर जा रहा ट्रक निबंधन संख्या सीजी 13एल - 8300 की विपरीत दिशा से आ रहे पिकअप से सीधी भिड़ंत हो गयी। हादसे में पिकअप चालक लातेहार जिले के सुकरी गांव निवासी सूर्यदेव सिंह (25) गंभीर रूप से घायल हो गया। उसका दाहिना पैर टूट गया जबकि शरीर के कई हिस्सों में गंभीर चोट आई है। पुलिस ने दोनों वाहनों को कब्जे में ले लिया है।

### राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा का अक्षत मिलना सौभाग्य की बात

**लोहरदगा।** राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा को लेकर लोहरदगा जिला में अक्षत वितरण का कार्य चल रहा है। इधर लोहरदगा पहुंचे केंद्रीय कृषि मंत्री अर्जुन मुंडा को भी अक्षत और निमंत्रण पत्र दिया गया। विश्व हिंदू परिषद प्रांत प्रवर्तन प्रमुख अनिल गुप्ता ने चुनरी ओढ़ाकर सम्मानित किया। मौके पर जिला कार्यालय प्रमुख सत्यम कुमार ने कहा कि बहुत ही सौभाग्य की बात है जो भाजपा केंद्रीय कृषि मंत्री एवं आदिवासी जनजातीय कल्याण मंत्री अर्जुन मुंडा का आगमन लोहरदगा के पावन धरती पर हुआ और उन्हें अक्षत निमंत्रण पत्र देने का सौभाग्य प्राप्त हुआ। मौके पर कुडू बजरंग दल संयोजक मिथिलेश प्रजापति भी उपस्थित थे।

### जिप सदस्य ने किसान रथ को दिखाई हरी झंडी



**भंडरा।** प्रखंड मुख्यालय परिसर से सोमवार को जिप सदस्य राजमनी उरांव ने बिरसा किसान रथ को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इस दौरान बीटीएम प्रियांसु मिंज ने जिप सदस्य को बिरसा किसान रथ के परिचालन के संबंध में जानकारी दी। राज्य सरकार के चार वर्ष पूरा होने के अवसर पर कृषि, पशुपालन एवं सहकारिता विभाग, झारखंड के द्वारा बिरसा किसान रथ का परिचालन शुरू किया गया है। कृषि प्रोद्यौगिकी प्रबंधन अभिकरण ह्यआत्माह्न, लोहरदगा के माध्यम से कार्य कराया जा रहा है। किसानों के लिए राज्य सरकार द्वारा चलाई जा रही कल्याणकारी योजनाओं के प्रचार-प्रसार के साथ-साथ मृदा स्वास्थ्य, जैविक खेती, जल प्रबंधन, बीज उपचार, यांत्रिकरण, किसान क्रेडिट कार्ड का वितरण, मछली पालन, पशुओं का टीकाकरण, मृदा स्वास्थ्य कार्ड के वितरण आदि की जानकारी बिरसा किसान रथ के माध्यम से किसानों को दी जाएगी। साथ ही सरकार द्वारा विगत चार वर्षों में किये गये कार्यों का प्रचार प्रसार किया जाएगा। इसके अलावा विभिन्न योजनाओं की जानकारी भी बिरसा किसान रथ के माध्यम से दी जायेगी। इस मौके पर सहायक अजय कुमार, एटीएम अंजु कुमारी आदि मौजूद थे।

# पीएम जनमन के लाभार्थियों से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने की ऑनलाइन बातचीत

**नवीन मेल संवाददाता। गुमला**

अंत्योदय मिशन के तहत, समाज के अंतिम पायदान पर खड़े अंतिम व्यक्ति को सशक्त बनाने के उद्देश्य से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के प्रयासों के तहत जनजातीय गौरव दिवस के अवसर पर 15 नवंबर 2023 को विशेष रूप से कमजोर जनजातीय समूहों के सामाजिक-आर्थिक कल्याण के लिए पीएम-जनमन योजना की शरुआत की गई थी। 2 माह के पूर्ण होने एवं आज देश भर के विभिन्न हिस्सों में विभिन्न त्योहारों के अवसर पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आज दोपहर 12.25 बजे वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से प्रधानमंत्री जनजाति आदिवासी न्याय महा अभियान के तहत प्रधानमंत्री आवास योजना- ग्रामीण के एक लाख लाभार्थियों को पहली किस्त जारी की। प्रधानमंत्री ने इस अवसर पर पीएम-जनमन के



लाभार्थियों से बातचीत भी की। प्रधानमंत्री के बातचीत के क्रम में उन्होंने गुमला जिले के विशनपुर प्रखंड के लाभुकों से भी ऑनलाइन माध्यम से सीधा संवाद किया। ज्ञात हो कि गुमला जिले में विशुनपुर प्रखंड कार्यालय परिसर में प्रधानमंत्री के लाभुकों के बीच परस्पर संवाद कार्यक्रम का आयोजन किया गया था, जहां मुख्य अतिथि के रूप में केंद्रीय मंत्री अर्जुन मुंडा उपस्थित रहे। इसके अलावा कार्यक्रम में राज्य सभा सांसद समीर उरांव, सांसद सुदर्शन भगत, पूर्व मेयर रांची आशा लकड़ा सहित जिला उपायुक्त कर्ण सत्यार्थी, पुलिस अधीक्षक हरविंदर सिंह आदि मौजूद रहे।

## प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में प्रगति की ओर में बढ़ रहा देश : अर्जुन मुंडा

**नवीन मेल संवाददाता। लोहरदगा**

बिशुनपुर से रांची जाने के क्रम में केंद्रीय मंत्री अर्जुन मुंडा गुरुकुल शांति आश्रम में एक साधारण कार्यक्रम पर उपस्थित हुए। इस दौरान सेवा भारती लोहरदगा के जिला अध्यक्ष दीपक सर्राफ, उपाध्यक्ष शशि भूषण सिंह, सचिव जय प्रकाश शर्मा ने अंग वस्त्र एवं श्रीमद्भागवत गीता की पुस्तिका देकर सम्मानित किया। भारतीय जनता पार्टी, विश्व हिंदू परिषद,आर्य वीर एवं महिला शक्ति ने भी अंग वस्त्र एवं पुष्प देकर उन्हें सम्मानित किया। केंद्रीय मंत्री अर्जुन मुंडा ने कहा कि आज हमारे देश के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश प्रगति की ओर में बढ़ते चला जा रहा है।

गुमला जिला के बिशनपुर में प्रधानमंत्री से वीडियो कॉन्फ्रेंस के माध्यम से सीधा संवाद किया गया, जिसमें इन जिलों में कई योजनाओं पर प्रधानमंत्री ने सहमति प्रदान की। किसानों के उत्थान, कई सड़कों के साथ-साथ इस क्षेत्र में बनने वाले प्रधानमंत्री आवासीय योजना के राशि में बढ़ोतरी करने की सहमति दी है। मंच का



संचालन दीपक मुखर्जी एवं धन्यवाद ज्ञापन ओमप्रकाश सिंह ने किया। कार्यक्रम पर आचार्य शरद चंद्र आर्य, ओम प्रकाश सिंह, प्रवीण कुमार सिंह, दीपक मुखर्जी, दीपक सर्राफ, राजमोहन राम, अजय पंकज, जयप्रकाश शर्मा, लाल रविंद्र नाथ शाहदेव, बेगन मुंडा, राणा गोवर्धन शर्मा, राजेश महतो, राज किशोर महतो, शशि भूषण सिंह, अवधेश मित्तल, निधिकांत प्रसाद, रामप्रकाश यादव, मनोज गुप्ता, विनोद सिंह, संतोष माली, राम मुंडा, सुरेश राव, बालेश्वर मुंडा, दिलीप कुमार साहू, कर्म भगत, पहलाद उरांव, विश्वनाथ उरांव, मांडू राव, लाल मनोज नाथ शाहदेव, अतुल सर्राफ, सतीश जायसवाल, जय गोविंद प्रसाद, अनिल कुमार गुप्ता, सचिन कुमार साहू, सत्यम कुमार, सुखदेव मुंडा, शशि भारती, मानसी भारती, रीमा केसरी, दीपक कुमार, सुनीता मुंडा, गुप्तेश्वर प्रसाद गुप्ता, हीरा देवीसाह, अनीता साहू आदि थे।

## मकर संक्रांति पर लोगों ने नदियों के बीच चट्टानों पर बैठ पिकनिक का भी उठाया आनंद

# सेन्हा के चितरी घाघ मेले में उमड़े भक्त

**नवीन मेल संवाददाता। लोहरदगा**

उत्तरायण सूर्य का पर्व मकर संक्रांति सेन्हा प्रखंड के चितरी घाघ में धूमधाम से संपन्न हुआ। सेन्हा प्रखंड के चितरीडांडू कोयल नदी तट पर मकर संक्रांति पर्व के मौके पर सोमवार को चितरी घाघ मेला लगा। प्रकृति की अनुपम छटाओं के बीच यहां के जीवन में सादगी, सच्चाई, सहजता, स्नेह, आपसी प्रेम और भाईचारे को संजोया है। इसका धार्मिक व आध्यात्मिक महत्व इसलिए है कि नदी उत्तर से दक्षिण की ओर बहकर जाती है। पूरब और पश्चिम में भगवान भोलेनाथ का मंदिर अवस्थित है। हर धर्म के लोगों की भागीदारी के कारण यह मेला सामाजिक समरसता का प्रतीक बन गया है।

इस ऐतिहासिक चितरी मेला में शहर से लेकर ग्रामीण क्षेत्र से हजारों की संख्या में लोग सेन्हा प्रखंड के चितरी गांव स्थित कोयल नदी तट पर पहुंचे। पूजा-अर्चना के बाद लोगों ने नदियों के बीच चट्टानों पर बैठ पिकनिक का आनंद लिया. लोहरदगा जिले के अलावा अन्य स्थानों से भी लोग पहुंचे थे। मेला में झूले लगाये गये थे, जहां बच्चों ने मस्ती की। मेला में महिलाओं ने जम कर खरीदारी की। हर ओर उत्साह का माहौल नजर आ रहा था. मेले में सुरक्षा के व्यापक बंदोबस्त किये गये थे, जहां पर श्रद्धालुओं ने कोयल नदी में डुबकी लगाकर मकर संक्रांति का पवित्र स्नान करने के बाद नदी के पूर्वी छोर पर स्थित भगवान शिव के





मंदिर में पूजा-अर्चना कर सुख-समृद्धि की कामना की। बताया गया कि यहां पर ऐसी मान्यता है कि मकर संक्रांति के दिन इस शिव मंदिर में पूजा करने वाले सभी व्यक्ति की मनोकामना भगवान भोले-शंकर पूरा करते हैं। कोयल नदी तट के पूर्वी छोर के मंदिर के पास कई पाषाण आकृति को लोग प्राचीन मंदिर का अवशेष मानकर श्रद्धा पूर्वक पूजा-अर्चना करते आ रहे है। मेला में आने वाले श्रद्धालुओं ने कोयल नदी में स्नान कर मंदिर में जल अर्पण कर प्रसाद चढ़ाकर दान-पुण्य किया। कोयल नदी तट पर मकर संक्रांति एवं महाशिवरात्रि के दिन हजारों की भीड़ उमड़ती है। मेला आने वाले ज्यादातर लोग घर से खाद्य पदार्थ लेकर आते है और पूजनोपरांत दही-चूड़ा व तिलकुट मिल-बांटकर खाते है। मेला स्थल पर लोगों का आना अहले सुबह से ही शुरू हुआ, जो शाम तक जारी रहा। कोयल नदी के बीचोबीच आड़े-तिरछे चट्टानों पर लगने वाला यह मेला खुद में अनोखा है। आकर्षण व रीझ-रंग से प्रभावित मेले में बच्चों का झूला, रंग-बिरंगे गुब्बारे, फिरकी, युवाओं के लिए तरह-तरह के मनोरंजक खेल, गन्ना एवं तिलकुट की दुकानें शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्र के लोगों को अपनी ओर आकर्षित करने के लिए काफी थे। मेले में भीड़ को नियंत्रित करने और किसी भी अनहोनी को लेकर सशस्त्र बल के साथ सेन्हा थाना पुलिस जगह-जगह पर दिखी। इसके साथ जिले की पुलिस सादे लिबास में मुस्तैद नजर आई।

### पुलिस रही मुस्तैद

चितरी घाघ मेला में लोगों की उमड़ी भीड़ को देखते हुए एसपी हारिस बिन जमां ने सुरक्षा के चाक-चौबंध व्यवस्था किए थे। मेला स्थल के साथ-साथ चितरी जाने वाले रास्ते में सशस्त्र बलों के साथ सादे लिबास में महिला व पुरुष बल की तैनाती की गई थी। शस्त्र पुलिस बल द्वारा कोयल नदी के चारों ओर, आवागमन स्थल एवं मेले में भ्रमण कर लगातार सुरक्षा व्यवस्था की जानकारी ली जा रही थी। महिलाओं के साथ छेड़छाड़ की घटना को रोकने के लिए पुलिस पैनी नजर के साथ पूरी तरह से मुस्तैद नजर आई।

### खूब हुई खरीदारी

कोयल नदी तट पर स्थित मेला स्थल में हजारों की संख्या में लोगों की भीड़ उमड़ पड़ी थी। लोगों ने मेले में पारंपरिक रूप से तिलकूट, ईख, मटर की खरीददारी की। मेला में लगे झूलों का बच्चों ने खूब आनंद लिया। अन्य खाद्य पदार्थो की दुकानों पर भी लोगों की भीड़ उमड़ी थी।

### स्नान व पूजा की

चितरी मेले में पहुंचने वाले लोगों ने कोयल नदी में स्नान कर नदी तट पर स्थित मंदिर में कतारबद्ध होकर पूजा-अर्चना की। मान्यता स्वरूप लोगों ने भोले नाथ के मंदिर में पूजा-अर्चना कर अपनी मनोकामना पूरी होने को लेकर प्रार्थना की। सुबह से लेकर देर शाम तक यह दौर चलता रहा।

### पिकनिक का आनंद

ऐतिहासिक चितरी घाघ मेला में पहुंचे लोगों ने पिकनिक का भी आनंद उठाया। पूरे परिवार के साथ मकर संक्रांति के दिन चितरी में लगे मेला में ज्यादातर लोग अपने साथ खाद्य पदार्थ लेकर पहुंचे थे। लोगों ने नदी की रेत एवं पत्थरों के टिलों पर बैठकर मेला के साथ पिकनिक का आनंद उठाया।

### सड़क जाम से परेशान

लोहरदगा शहर से भी बड़ी संख्या में परिजनों के साथ चितरी मेला गये थे। मेला में खाने-खिलाने का दौर देर शाम तक चलता रहा। मेले में जानेवाले लोगों को सड़क की बदहाली से परेशानी का सामना करना पड़ा। जगह-जगह टूटी सड़क उस पर टेंपो चालकों से सड़क जाम से लोग परेशान रहें।

## चूड़ा-तिलकुट की दुकानों पर ग्राहकों की भीड़ उमड़ी

**नवीन मेल संवाददाता। लोहरदगा**

मकर संक्रांति पर्व को लेंकर स्थानीय बाजारो में चहल पहल दिन भर रही। तिलकुट की दुकानों पर सुबह दुकान खुलते ही लोगों की भीड़ उमड़नी शुरू हो गयी थी। देर शाम तक लोगों ने जमकर चूड़ा तिलकुट खरीदा। शहरी क्षेत्र के सड़क किनारे लाई, चूरा, गट्टा, गजक व पतंग की दुकानें एक सप्ताह पहले से ही लग जाने से बाजार ग्राहकों से गुलजार दिख रहा था। दुकानों पर लोग जमकर खरीदारी करते देखे गए। लोहरदगा में हर वर्ष करीब तीन टन तिलकुट का कारोबार होता है। लोग तिलकुट की खरीदारी के लिए दुकान पर पहुंच रहे थे। शहरी क्षेत्र के महावीर चैक, बरवाटोली, मिषन चैक, गुदरी बाजार, राणा चैक, पावरगंज चैक आदि दुकानों में गया की प्रसिद्ध तिलकुट बिकी। लोहरदगा में गया जिले की बनी तिलकुट की मांगें अधिक रहीं। दुकानों पर त्यौहार के मद्देनजर खरीदारों की भारी भीड़ देखने को मिली। दुकानों पर गुड़ से बने खाद्य पदार्थ 120 से 150 तो चीनी निर्मित गट्टा 70 से 80 रुपये भाव के बिकते नजर आए। लाई 40 रुपए तो चूड़ा 50 रुपए प्रति किलो की दर से उपलब्ध रहे। भेली की कीमत भी 40 रुपए है। साथ ही तिल के लड्डू, तिलकूट, बादाम पापड़ी, गजक, रेवड़ी आदि के दाम 160 से 180 रुपए प्रति किलो की दर से बाजार में उपलब्ध रहे। बाजारो में खोवा वाली तिलकुट 250 किलो से लेकर 350 रुपये किलो तक बिके। वहीं सामान्य तिल वाली तिलकुट 150 रुपये से 250 रुपये तक बिक रही है। ग्रामीण क्षेत्रों में भी मकर संक्रांति पर्व के प्रति लोगों में उत्साह नजर आया। ग्रामीण क्षेत्रों में लोग लाई भूनाने के लिए घरों से निकल पड़े थे। इस पर्व पर बहू-बेटियों के यहां खिचड़ी पहुंचाने की परंपरा का भी लोगों ने खूब निर्वाह करते देखे जा रहे हैं। वहीं पतंग की दुकानों पर भी बच्चों की जबरदस्त भीड़ देखने को मिली। बाजार में चाइना निर्मित पतंगे आकर्षण का केंद्र बनी हुई हैं। दुकानों पर 2 रुपए से तीन सौ रुपए तक की पतंगे उपलब्ध हैं। चायनीज मांझा की भी बच्चों में खूब मांग रही।

### मकर संक्रांति पर विशेष सूर्योपासना

दही चुड़ा, तिल गुड़ व तिलकुट की खूब हुई बिक्री

लोहरदगा। मकर संक्रांति का त्योहार जिले के शहरी और ग्रामीण इलाकों में पूरे श्रद्धा, उमंग और परंपरागत तरीके से मनाया गया। श्रद्धालुओं ने संगम स्थल समेत नदियों और जलाषयों में सुबह स्नान ध्यान कर विषेष सूर्योपासना की। घर घर सूर्य को जल अर्पित कर पूजा की गई। दही, चूड़ा, तिल, गुड़ व तिलकुट का प्रसाद लोगो ने श्रद्धापूर्वक ग्रहण किया और गरीब समुदाय के लोगों में इनका दान भी किया। दिन भर दही चूड़ा, तिल, गुड़ की भेंट से लोगों का अभिवादन किया गया। म्स्थानीय भक्सो स्थित शंख और कोयल नदी के संगम स्थल समेत विभिन्न नदियों और जलाषयों के किनारे श्रद्धालुओं की भीड़ स्नान ध्यान करने के लिए अहले सुबह से उमड़ने लगी।

## आरएसएस ने मनाया मकर संक्रांति उत्सव

**नवीन मेल संवाददाता। लोहरदगा**

राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ, लोहरदगा नगर इकाई के तत्वाधान में स्थानीय चिल्ड्रेन पैराडाइस पब्लिक स्कूल, राजा बांग्ला के प्रांगण में मकर संक्रांति का उत्सव मनाया गया। इस उत्सव में वरिष्ठ स्वयंसेवक अजय मित्तल का उद्बोधन स्वयंसेवकों को प्राप्त हुआ। इस उत्सव में नगर संघचालक पुष्कर महतो और सह विभाग संचालक मनोज दास, सह प्रांत बौद्धिक शिक्षण प्रमुख किनेश्वर महतो, सह नगर कार्यवाह विपुल तमेड़ा, जिला प्रचारक दीपक जी, वीर शिवाजी व्यवसायी प्रौढ़ शाखा कार्यवाह डॉ. पी पी सिन्हा, जिला बौद्धिक शिक्षण प्रमुख देवेंद्र मंडल, सह जिला बौद्धिक शिक्षण प्रमुख सचित सिंह, जिला व्यवस्था प्रमुख



हिमांशु केसरी, सह नगर बौद्धिक शिक्षण प्रमुख सौरभ समीर, नगर शारीरिक शिक्षण प्रमुख विक्रांत, नगर संपर्क प्रमुख राकेश कुमार, नगर प्रचार प्रमुख संजय दीक्षित, दुःखहरण साहू, राजकुमार दीक्षित, कार्यालय प्रमुख धनेश्वर साहू, सुजीत साहू, सुरेश पासवान, सह नगर सेवा प्रमुख श्रीकांत मित्तल, नगर गौ सेवा संयोजक आशुतोष पाठक के अलावे अनेक कार्यकर्ता उत्सव में सम्मिलित हुए।

## श्रद्धालुओं ने अखिलेश्वर धाम में लगाई डुबकी

**भंडरा।** मकर संक्रांति पर प्रखंड के प्रसिद्ध अखिलेश्वर धाम में सैकड़ों श्रद्धालु ने आस्था की डुबकी लगाई। बढ़ी कनकनी के बावजूद भी बड़ी संख्या में श्रद्धालुओ ने अखिलेश्वर धाम, नंदनी डैम में सूर्योदय के साथ ही आस्था की डुबकी लगाते हुए पूजा अर्चना किया। मकर संक्रांति को ले प्रखंड में भक्ति का माहौल बना रहा। श्रद्धालुओं ने स्नान के पश्चात अखिलेश्वर धाम पर स्तिथ मंदिर में कतारबद्ध हो पूजा अर्चना करते हुए सुख, समृद्धि और शांति की प्रार्थना की। अखिलेश्वर धाम, नंदनी डैम, पांडे बांध में स्नान करते हुए मंदिरों में पूजा-अर्चना कर दान की परंपरा निभाई। प्रखंड के कई गांवों में घरों में पूजा कर सुख, समृद्धि के लिए प्रार्थना की।

## चितरी घाघ मेले में हुआ सूर्य उत्तरायण महायज्ञ

**नवीन मेल संवाददाता। लोहरदगा**

सेन्हा प्रखंड के अंतर्गत चितरी घाघ में लगने वाले मेले में सोमवार को सूर्य उत्तरायण महायज्ञ का आयोजन किया गया है। यह आयोजन वैदिक विश्व मंगल ट्रस्ट के तत्वावधान में किया गया, जिसमें मंत्र पाठ व हवन पूजन के बाद भव्य भंडारे का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मंत्र पाठ मुगो स्कूल के विद्यार्थियों द्वारा किया गया। यज्ञ के ब्रह्मा युवा विद्वान योग गुरु आचार्य अशोक, मुख्य वक्ता डॉ रजित कौशल किशोर( शिक्षक एवं सामाजिक कार्यकर्ता, भजन प्रस्तुति- सुलेखा, मुख्य यजमान उदय सिंह सह धर्मपत्नी, शिव शंकर साहू थे।

वहीं ट्रस्ट के सदस्य रंजन समतानी एवं सहयोगियों के द्वारा 151 किलो चावल के खिचड़ी का भंडारे का महाप्रसाद का वितरण



मेला में किया गया। वक्ताओं ने बताया गया कि मकर संक्रांति के दिन खिचड़ी खिलाने का बहुत महत्व है। मकर संक्रांति की खिचड़ी में चावल, उड़द की दाल, कुर्थी के दाल,घी, हरी सब्जियों का उपयोग किया गया है। भंडारे में सुधीर अग्रवाल, राजन आहूजा, संजय नागपाल, जसप्रीत वालिया, बिहारी प्रसाद आदि का विशेष सहयोग मिला। यज्ञ प्रबंध समिति में शीतांशु भूषण, सुरेश सिंह चितरी, करण कु सिंह चितरी, रत्नेश प्रकाश, निर्मला साहू हरमू, महेश कुमार शिक्षक, रोहित साहू नदिया, निलेश गुप्ता आदि शामिल होकर कार्यक्रम को सफल बनाने में भूमिका निभाई। मकर संक्रांति पर यज्ञ अनुष्ठान करने का कई लाभ है। संसार का सबसे श्रेष्ठ कर्म है यज्ञ करना। अग्नि में आरती डालने से अभी सूक्ष्म होकर सूर्य तक फैल जाती हैं। दक्षिणायन से उत्तरायण में प्रवेश करता है। मकर संक्रांति के बाद सभी शुभ कार्य प्रारंभ हो जाते हैं। यज्ञ करने वाले व्यक्ति की सार्वभौमिक उन्नति होती है, हानिकारक रोग विषाणु का नाश होता है। पर्यावरण की शुद्धि होती है। यज्ञ मंत्र का सामूहिक उच्चारण से अलौकिक शक्तियों का प्रादुर्भाव होता है। ऑक्सीजन में वृद्धि, ओजोन परत की सुरक्षा होती है, वृष्टि की कमी दूर होती है, इस दिन पवित्र मित्रों का जाप करना चाहिए।

**पहल** बालिका उच्च विद्यालय में जरूरतमंदों के बीच 1000 कंबल का वितरण

# गरीबों व जरूरतमंदों की मदद जरूर करें : एसपी

**नवीन मेल संवाददाता। लोहरदगा**

जिले में लगातार ठंड बढ़ती जा रही है। साथ ही तापमान में भी गिरावट देखने को मिल रही है। ठंड को देखते हुए कई जगहों पर अलाव का इंतजाम किया जा रहा है।

वहीं जिले के शहरी क्षेत्र के बालिका उच्च विद्यालय प्रांगण में जरूरतमंदों के बीच 1000 कंबल का वितरण बलराम साहू द्वारा किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में पुलिस कप्तान हारिस बिन जमां शामिल हुए। जमां ने कहा सभी धर्मों में मानव कल्याण के लिए सिखाया



जाता है ताकि लोग गरीबों का मदद कर सके। एक दूसरे की मदद करना ही मानव धर्म है। इसलिए जब भी मौका मिले गरीब और जरूरतमंदों की मदद जरूर करें, जिससे समाज में एक नई ऊर्जा स्थापित होगी। कार्यक्रम में लोहरदगा थाना प्रभारी है अनिल उरांव, रुद्र कुमार, संजय प्रसाद, मुकेश गुप्ता, रीता देवी, आनंद कुमार साहू, महेश साहू, शंभू साहू, चंदन साहू, परमानंद मिश्र, अमित वर्मा, देशराज गोयल, धनपति कुमारी, रामजतन साहू, दयानंद गुप्ता, वसी अंसारी, दीपक कुमार, रामकुमार महतो, रितेश कुमार, रितेंद्र महतो, देवेश साहू, निश्चय वर्मा, सौरभ समीर, शुभम जायसवाल, सूरज वर्मा, नितेश वर्मा, ऋषभ खत्री, अनुराग वर्मा, विवेक वर्मा, शुभम वर्मा, रवि वर्मा, प्रशांत खत्री, विकास वर्मा (विकी) आदि बड़ी संख्या में लोग उपस्थित हुए।

## विद्यार्थियों को विकास भारती ने कराया भ्रमण

**नवीन मेल संवाददाता। सेन्हा**

प्रखंड क्षेत्र अन्तर्गत स्थित जवाहर नवोदय विद्यालय जोगना के लगभग छात्र छात्राओं का दल 15 जनवरी को पीएमश्री कार्यक्रम योजना के तहत गुमला जिला के बिशुनपुर प्रखंड में स्वयं सेवी संस्था विकास भारती मुख्यालय विशुनपुर प्राचार्य अवनीश चन्द्र झा के नेतृत्व में एक दिवसीय प्रशिक्षण के उद्देश्य से शैक्षिणक भ्रमण के लिये पहुंचे। वहीं कार्यक्रम का उद्घाटन केंद्रीय मंत्री अर्जुन मुंडा व राज्य सभा सदस्य समीर उरांव द्वारा किया गया। वहीं समीर उरांव ने कहा कि जवाहर नवोदय विद्यालय जोगना लोहरदगा के बच्चे बच्चियां यहां से कुछ नैतिक व सामाजिक ज्ञान की शिक्षा को सिख कर जाएं और अपने



समाज, घर, परिवार तथा आस पड़ोस में भी लोगों को बतायें सिखायें। साथ ही कहा कि आप जो पढ़ाई में सिख रहे हैं उसे भी लोगों के बीच साझा करें जिसे गांव घर समाज और देश का उत्थान हो सकेगा। वहीं अर्जुन मुंडा ने प्राचार्य अवनीश चन्द्र झा से पीएमश्री स्कूल के बारे में जानकारी ली और कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा जवाहर नवोदय विद्यालय के छात्र-छात्राओं के लिये कौशल विकास हेतु संचालित कल्याणकारी योजना मिल का पत्थर साबित होगी।

## शर्मिष्ठा मुखर्जी ने पीएम को भेंट की पुस्तक



**नई दिल्ली। पूर्व राष्ट्रपति प्रणब मुखर्जी की बेटी शर्मिष्ठा मुखर्जी ने सोमवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से मुलाकात की। शर्मिष्ठा मुखर्जी ने प्रधानमंत्री मोदी को अपनी किताब 'प्रणब माई फादर : ए डॉटर रिमेम्बर्स' की एक प्रति भी भेंट की। शर्मिष्ठा मुखर्जी ने प्रधानमंत्री मोदी के साथ अपनी मुलाकात की तस्वीरों को शेयर करते हुए एक्स पर पोस्ट कर कहा, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से मेरी पुस्तक 'प्रणब माई फादर : ए डॉटर रिमेम्बर्स' की एक प्रति भेंट करने के लिए मुलाकात की। वह हमेशा की तरह मेरे प्रति दयालु थे और बाबा के प्रति उनका सम्मान कम नहीं हुआ। धन्यवाद सर।**

# विभिन्न तीर्थस्थानों में श्रद्धालुओं ने लगाई आस्था की डुबकी

### गंगासागर में 65 लाख श्रद्धालुओं ने किया स्नान



**कोलकाता।** गंगासागर में मकर संक्रांति के मौके पर सोमवार को लाखों श्रद्धालुओं ने आस्था की डुबकी लगाई। राज्य सरकार के एक मंत्री ने दावा किया है कि इस बार सागर मेले में काम से कम 65 लाख लोग शामिल हुए। मकर संक्रांति के अवसर पर सोमवार तड़के देशभर से आए श्रद्धालुओं ने गंगा नदी और बंगाल की खाड़ी के संगम पर स्नान किया। राज्य सरकार के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि इस साल गंगासागर आने वाले श्रद्धालुओं की संख्या 65 लाख से अधिक है। श्रद्धालुओं ने कपिल मुनि मंदिर में प्रार्थना भी की। हर साल मकर संक्रांति के अवसर पर लाखों श्रद्धालु स्नान और कपिल मुनि मंदिर में पूजा करने के लिए गंगासागर आते हैं। इतनी बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं के जुटने के कारण राज्य सरकार ने सागर द्वीप पर सुरक्षा व्यवस्था बढ़ा दी है।

### मकर संक्रांति पर स्नान के साथ माघ मेला शुरू



**प्रयागराज।** सर्द हवाओं और ठंडे तापमान का सामना करते हुए, लाखों श्रद्धालुओं ने सोमवार को उत्तर प्रदेश के प्रयागराज में नदियों में पवित्र डुबकी लगाई, जो माघ मेले की शुरूआत का प्रतीक है। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक (एसएसपी) (माघ मेला) राजीव नारायण मिश्रा ने कहा, "अर्धसैनिक बलों की कंपनियों सहित लगभग 5,000 कर्मियों की तैनाती के बाद पूरा मेला परिसर एक किले में तब्दील हो गया है और श्रद्धालुओं ने आधी रात से ही पवित्र स्नान करना शुरू कर दिया है।" मेला पुलिस ने 15 जनवरी के स्नान के लिए पर्याप्त सुरक्षा व्यवस्था की है और इस अवसर पर लगभग 70 लाख श्रद्धालुओं के पवित्र स्नान करने की संभावना है। मकर संक्रांति 53 दिवसीय माघ मेले का पहला प्रमुख स्नान दिवस है।

### दर्जनों देव डोलियों संग उत्तरकाशी में पवित्र स्नान



**उत्तरकाशी।** आज पूरे देश में मकर संक्रांति का पर्व धूमधाम से मनाया जा रहा है। हजारों श्रद्धालु गंगा नदी में डुबकी लगा रहे हैं। उत्तरकाशी में मकर संक्रांति पर भागीरथी नदी के घाटों पर गंगा स्नान करने वाले श्रद्धालुओं की सुबह से ही भीड़ उमड़ पड़ी। सुबह से ही श्रद्धालुओं का गंगा घाटों पर आना शुरू हो गया। श्रद्धालुओं ने गंगा स्नान के बाद पूजा-अर्चना कर सुख समृद्धि की कामना की। इतना ही नहीं, मकर संक्रांति यानी स्नान पर्व पर दर्जनों देव डोलियों ने भी नगाड़ों की धुन पर गंगा स्नान किया। घाटों पर पुलिस ने सुरक्षा व्यवस्था चाक चौबंद रखी। ठंड को देखते हुए गंगा घरों पर अलाव की भी व्यवस्था की गई है। उत्तरकाशी के मणिकर्णिका घाट, जडभरत, केदार घाट, लक्षेश्वर, शंकर मठ, नाकुरी, देवीधार, गंगोरी अस्सी गंगा तट सहित स्नान घाटों पर तड़के चार बजे ही श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़नी शुरू हो गई थी।

## एक नजर

### कर्नाटक सड़क दुर्घटना में 3 की मौत, 6 घायल

**बेंगलुरु।** कर्नाटक के दावणगेरे जिले में सोमवार को एक बोलेरो वाहन के पलट जाने से तीन लोगों की मौत हो गई, जबकि छह अन्य गंभीर रूप से घायल हो गए। पुलिस ने बताया कि हादसा तब हुआ जब ड्राइवर ने गाय से टकराने से बचने की कोशिश की। मृतकों की पहचान नागराज (38), मंजूनाथ (45) और गौतम (17) के रूप में हुई है। सभी भद्रावती के चंदनकेरे गांव के रहने वाले थे। पुलिस ने बताया कि यह घटना दावणगेरे जिले के न्यामती तालुक के चिन्निकट्टी गांव के पास हुई। मृतक काम से लौट रहे थे। न्यामथी पुलिस मौके पर पहुंची और घायलों को अस्पताल पहुंचाया। पुलिस ने बताया कि जांच चल रही है।

### छात्रों से स्कूल का शौचालय साफ कराने पर प्रधानाध्यापिका के खिलाफ दर्ज

**कालाबुरागी, (कर्नाटक)।** कर्नाटक पुलिस ने राज्य के कालाबुरागी जिले में छात्रों से स्कूल का शौचालय साफ कराने के आरोप में सोमवार को एक प्रधानाध्यापिका के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की। पुलिस ने माता-पिता की शिकायत पर मौलाना आजाद मॉडल इंग्लिश स्कूल की प्रधानाध्यापिका जौहर जबीना के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की है। अभिभावकों का आरोप है कि कई महीने से छात्रों से स्कूल का शौचालय साफ कराया जा रहा था। उन्होंने छात्रों से अपने घर के बगीचे की सफाई भी कराई। माता-पिता ने पुलिस को दी शिकायत में कहा है कि स्कूल में बच्चों से काम कराने के लिए उसे बार-बार चेतावनी देने के बाद भी वह अपनी हरकतों पर कायम रही।

### तेलंगाना में पतंगबाजी से पांच लोगों की मौत

**हैदराबाद।** तेलंगाना में कुछ परिवारों के लिए मकर संक्रांति की खुशियां मातम में बदल गईं। पिछले कुछ दिनों के दौरान पतंगबाजी से जुड़ी घटनाओं में कम से कम पांच लोगों की मौत हो गई। जहां चार युवाओं की मौत करंट लगने और छत से गिरने के कारण हुई। वहीं, एक सैनिक खतरनाक 'चीनी मांझे' का शिकार हो गया। इनमें से चार मौत हैदराबाद में हुईं जबकि पड़ोसी संगारेड्डी जिले में एक युवक की मौत हुई। रविवार शाम हैदराबाद के पेट बशीराबाद में अपने अपार्टमेंट परिसर की छत से गिरने के बाद 20 वर्षीय युवक की मौत हो गई।

## ईडी अधिकारियों पर हमला

# कलकत्ता हाईकोर्ट ने कमजोर जांच पर बंगाल पुलिस को लगाई फटकार

**एजेंसी। कोलकाता**

कलकत्ता उच्च न्यायालय ने ईडी और सीएपीएफ कर्मियों पर 5 जनवरी को हुए हमले की जांच में ढुलमुल रवैये के लिए पश्चिम बंगाल पुलिस को कड़ी फटकार लगाई। ईडी और सीएपीएफ कर्मियों पर उस समय हमला किया गया, जब उन्होंने राशन वितरण मामले के सिलसिले में पश्चिम बंगाल के उत्तर 24 परगना जिले के संदेशखाली में स्थानीय तृणमूल कांग्रेस नेता शेख शाहजहां के आवास पर छापेमारी और तलाशी का प्रयास किया। जैसे ही मामले से संबंधित एक मामला न्यायमूर्ति जय सेनगुप्ता की एकल-न्यायाधीश पीठ में सुनवाई के लिए आया, उन्होंने मामले मे अब तक केवल चार लोगों को गिरफ्तार करने पर आपत्ति? जताई। न्यायमूर्ति सेनगुप्ता ने इस बात पर निराशा व्यक्त की कि जब हमले का आरोप हजारों लोगों की भीड़ पर है, तो हमले के दस दिन बीत जाने के बाद केवल चार लोगों को कैसे गिरफ्तार किया गया है। उन्होंने इस बात पर भी निराशा व्यक्त की कि राज्य सरकार ने अभी तक इस मामले में केस डायरी अदालत में जमा नहीं की है। ह्केवल केस डायरी ही बता सकती है कि मामले की जांच में अब तक क्या प्रगति हुई है।



### मास्टरमाइंड ने कलकत्ता एचसी से किया संपर्क

**कोलकाता।** उत्तर 24 परगना जिले के संदेशखली में ईडी और सीएपीएफ कर्मियों पर 5 जनवरी को हुए हमले के कथित मास्टरमाइंड तृणमूल कांग्रेस नेता शेख शाहजहां ने सोमवार को कलकत्ता उच्च न्यायालय की एकल-न्यायाधीश पीठ से संबंधित मामले में पक्षकार बनाया जाने की अनुमति मांगी। शेख शाहजहां हमले के दिन से ही फरार है, उसने सोमवार दोपहर को अपने वकील के माध्यम से न्यायमूर्ति जय सेनगुप्ता की एकल-न्यायाधीश पीठ में यह आवेदन दिया। शाहजहां के वकील ने तर्क दिया कि उनका मुवक्किल मामले में एक पक्ष बनना चाहता है, क्योंकि उसे लगता है कि केंद्रीय एजेंसी की कार्रवाई के कारण उसकी व्यक्तिगत स्वतंत्रता का उल्लंघन हुआ है।

### ईडी ने शंकर आध्या के दफ्तर समेत चार जगहों पर की छापेमारी

**कोलकाता।** प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने पश्चिम बंगाल में राशन वितरण मामले की जांच के सिलसिले में सोमवार सुबह कोलकाता में छह स्थानों पर एक साथ छापेमारी शुरू की। ईडी जिन छह स्थानों पर तलाशी अभियान चला रही है, उनमें चार्टर्ड अकाउंटेंट अरविंद सिंह का साल्ट लेक कार्यालय भी शामिल है, जो उत्तर 24 परगना जिले के बनगांव में तृणमूल कांग्रेस नेता शंकर आध्या के खातों का प्रबंधन करता है। ईडी के अधिकारी विदेशी मुद्रा का कारोबार करने वाली एक इकाई के कार्यालय पर भी छापेमारी और तलाशी अभियान चला रहे हैं, जो आध्या की भाभी तानिया आध्या से जुड़ी है, जो फर्म में भागीदार है। केंद्रीय एजेंसी द्वारा मध्य कोलकाता में पार्क स्ट्रीट क्षेत्र के पास एक गेस्ट हाउस की भी तलाशी ली जा रही है। प्रत्येक ईडी टीम के साथ केंद्रीय सशस्त्र पुलिस बल के जवान तैनात हैं। आध्या को इस महीने की शुरूआत में राशन वितरण मामले में गिरफ्तार किया गया था और फिलहाल वह ईडी की हिरासत में हैं।

### पायलट से मारपीट के मामले में माफी मांगता नजर आया आरोपी

**नई दिल्ली।** फ्लाइट में देरी से नाराज एक पैसेंजर ने इंडिगो पायलट के साथ मारपीट की, जिसका वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। मामले पर तूल पकड़ने पर आरोपी शख्स ने पायलट को सॉरी बोला, लेकिन सुरक्षा का हवाला देते हुए पायलट ने उसके सॉरी को स्वीकार करने से इनकार कर दिया। घटना रविवार को दिल्ली से गोवा जाने वाली इंडिगो की फ्लाइट के अंदर हुई। पायलट विमान में देरी के संबंध की जानकारी दे रहा था, इस दौरान नाराज एक यात्री ने उस पर हमला कर दिया। बाद में पायलट ने शिकायत दर्ज कराई जिसके बाद दिल्ली पुलिस ने एफआईआर दर्ज की। वीडियो वायरल में येलो कलर की हुडी पहने हुए शख्स यह कहते हुए सुना जा सकता है, चलना है तो चल, नहीं तो गेट खोल।" इस वीडियो को कोई तीसरा व्यक्ति शूट कर रहा था। आरोपी की पहचान साहिल कटारिया के रूप में हुई है। एक अन्य वायरल वीडियो में कटारिया पायलट से माफी मांगते नजर आ रहा है। उतरते समय कटारिया ने सॉरी सर कहा, जवाब में वीडियो शूट कर रहे व्यक्ति को नो सॉरी कहते हुए सुना जा सकता है। गोवा जाने वाली इंडिगो की फ्लाइट (6ई-2175) में देरी कथित तौर पर हवाई अड्डे पर घने कोहरे और ट्रेफिक के कारण हुई।



### पोंगल पर 'जल्लीकट्टू' प्रतियोगिता

**अवनियापुरम (तमिलनाडु)।** अवनियापुरम में सोमवार को जल्लीकट्टू प्रतियोगिता शुरू हुई। अवनियापुरम जल्लीकट्टू प्रतियोगिता के दौरान दो पुलिसकर्मी समेत 45 लोग घायल हो गए। मदुरै के अवनियापुरम में जल्लीकट्टू प्रतियोगिता शुरू होने से पहले बैलों के स्वास्थ्य की जांच की गई। इसके बाद जल्लीकट्टू प्रतियोगिता शुरू की गई। जल्लीकट्टू प्रतियोगिता के दौरान एक बैल को भीड़ में छोड़ दिया जाता है। प्रतियोगिता में शामिल लोग बैल को रोकने के लिए उसके कूबड़ का सहारा लेते हैं। इस खेल का इतिहास 400-100 ईसा पूर्व का है।

### चुनावी दौर में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को याद आ रहे हैं आदिवासी समाज के लोग : खरगे

**नई दिल्ली।** कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने कहा कि प्रधानमंत्री



मोदी को लोकसभा चुनाव के ठीक पहले आदिवासियों की याद आई है। इनके विकास के लिए बीते 10 वर्षों में केन्द्र सरकार ने कोई काम नहीं किया है। खरगे सोमवार को एक्स पर लिखा वर्ष 2013 के मुकाबले आदिवासियों के खिलाफ अपराधों में 48.15 फीसदी की वृद्धि हुई है। मोदी सरकार वन अधिकार कानून-2006 को लागू करने में विफल रही है। इस सरकार ने आदिवासियों के हित में खर्च होने वाली धनराशि में भी कटौती की है। खड़गे ने कहा कि मोदी सरकार पुरानी विफल हुई योजनाओं का नाम बदलकर, चुनावी मौसम में आदिवासी समाज को ठगने की कोशिश कर रही है। उन्होंने कहा कि जल-जंगल-जमीन और आदिवासी सभ्यता का संरक्षण हमारा कर्तव्य है और कांग्रेस पार्टी देश के आदिवासी समाज के अधिकारों के लिए लड़ती रहेगी। उल्लेखनीय है कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने आज को वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से प्रधानमंत्री जनजाति आदिवासी न्याय महा अभियान (पीएम-जनमन) के अंतर्गत प्रधानमंत्री आवास योजना - ग्रामीण (पीएमएवाई - जी) के 01 लाख लाभार्थियों को पहली किस्त जारी की है।

## उद्धव ठाकरे के आवास के सामने बम विस्फोट की धमकी

**एजेंसी। मुंबई**



शिवसेना (उद्धव बालासाहेब ठाकरे) पार्टी के अध्यक्ष उद्धव ठाकरे के आवास मातोश्री बंगले के बाहर बम विस्फोट की धमकी मुंबई पुलिस कंट्रोल रूम को मिली है। इस धमकी के बाद मुंबई पुलिस ने मातोश्री के बाहर सुरक्षा व्यवस्था बढ़ा दी है। इसके साथ ही तमिलनाडु पुलिस नियंत्रण कक्ष में भी मुंबई में बम विस्फोट की धमकी मिली है। इसके बाद मुंबई क्राइम ने मुंबई के संवेदनशील ठिकानों पर भी सुरक्षा तगड़ी कर दी है। पुलिस के अनुसार किसी अज्ञात व्यक्ति ने पुलिस कंट्रोल रूम में फोन कर बताया कि वह मुंबई-गुजरात ट्रेन में यात्रा कर रहा था। अज्ञात व्यक्ति ने उस ट्रेन में यात्रा कर रहे 4 से 5 मुस्लिम व्यक्तियों की बातचीत सुनने के बाद कंट्रोल रूम को यह जानकारी दी है। फोन करने वाले ने बताया कि यह मुस्लिम युवक उर्दू में दक्षिण मुंबई के मोहम्मद अली रोड पर किराये पर कमरा लेने की चर्चा कर रहे थे।

### गुजरात में पतंगबाजी ने ली 7 लोगों की जान

**अहमदाबाद।** मक्रर संक्रांति के पर्व पर पतंगबाजी के शौक ने गुजरात में 7 लोगों की जान ले ली। पतंग के मांझे की चपेट में आने से लोगों की मौत हुई है। गुजरात में मकर संक्रांति (उत्तरायण) पर पतंगबाजी को त्योहार का हिस्सा माना जाता है। राज्य के दाहोद, पंचमहाल, भावनगर और वलसाड में सात लोगों की जान जाने की खबर है। दाहोद के कंथोलिया में 10 वर्षीय बालक सिद्धार्थ पतंग लूटने के दौरान अपनी जान गंवा बैठा। वलसाड के खाटकीवाल में पतंग उड़ाने के दौरान 6 वर्षीय बालक छत से नीचे गिरा। इससे उसकी मौत हो गई।

### रुद्र राजू ने शर्मिला के लिए आंध्र प्रदेश कांग्रेस प्रमुख का पद छोड़ा

**अमरावती।** गिड्डुगु रुद्र राजू ने आंध्र प्रदेश कांग्रेस कमेटी (एपीसीसी) के अध्यक्ष पद से इस्तीफा दे दिया है। इसके बाद वाई.एस. शर्मिला की इस पद पर नियुक्ति का रास्ता साफ हो गया है। राजू ने अपना इस्तीफा कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे को भेज दिया है। इससे पहले चर्चा थी कि कांग्रेस राज्य विधानसभा और लोकसभा के एक साथ होने वाले चुनाव से पहले शर्मिला को पार्टी प्रमुख नियुक्त कर सकती है। 2022 में एपीसीसी अध्यक्ष नियुक्त किए गए रुद्र राजू ने शर्मिला का कांग्रेस में स्वागत किया और उनके लिए पद छोड़ने की पेशकश की थी। शर्मिला आंध्र प्रदेश के मुख्यमंत्री वाई.एस. जगन मोहन रेड्डी की बहन हैं। शर्मिला ने 4 जनवरी को वाईएसआर तेलंगाना पार्टी (वाईएसआरटीपी) का कांग्रेस में विलय कर दिया था। आंध्र प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री वाई राजशेखर रेड्डी की बेटी शर्मिला मल्लिकार्जुन खड़गे और शीर्ष नेता राहुल गांधी की मौजूदगी में कांग्रेस में शामिल हुईं थी। शर्मिला ने उस समय कहा था कि जो भी जिम्मेदारी पार्टी उन्हें देगी, उसे वो उठाने को तैयार हैं।

## पीएम की सोच से बड़ी अर्थव्यवस्था के रूप में उभरा भारत : राजनाथ

**एजेंसी। लखनऊ**

रक्षामंत्री राजनाथ सिंह अपने संसदीय क्षेत्र के नागरिकों के बीच सोमवार की सुबह व्यापारी स्नेह मिलन कार्यक्रम में शामिल हुए। इस मौके पर उन्होंने कहा कि देश में व्यापार बढ़ा है, व्यापारी समृद्ध हुआ है और आज प्रधानमंत्री की सोच से भारत बड़ी अर्थव्यवस्था बनकर उभरा है ।बालागंज क्षेत्र में देवलोक लॉन में आयोजित कार्यक्रम में रक्षामंत्री राजनाथ सिंह ने व्यापारियों से कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने देश के व्यापारी वर्ग, उद्यमी वर्ग के लिए तमाम योजनाओं को लाकर उन्हें ताकत दी है। देश में व्यापारी अपने को सुरक्षित समझता है। देश में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी तो उत्तर प्रदेश में योगी आदित्यनाथ की सरकार ने माफियाओं पर कार्रवाई कर व्यापारियों को सुरक्षा प्रदान की है। व्यापारी के साथ लूट, रंगदारी जैसी घटनाओं को रोकने का कार्य किया है। व्यापारियों के कार्यक्रम में इंडिया आईटी मॉल पोर्टल की लॉन्चिंग करने के बाद रक्षामंत्री राजनाथ सिंह ने गोमती नगर में बिजनेस स्कूल आईएमआरटी में भाजपा



**रक्षा मंत्री ने व्यापारियों से कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने देश के व्यापारी वर्ग को योजनाएं लाकर ताकत दी है।**

के पूर्व पार्षद, प्रबुद्धजनों को सम्बोधित किया। राजनाथ सिंह ने कहा कि देश में वर्ष 2014 के बाद से बदलाव हुआ है। भारत पूरे विश्व में एक बड़ी शक्ति बनकर उभरा है। दूसरे देशों से भारत सहयोग लेता था, अब भारत दूसरे देशों को सहयोग दे रहा है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का नाम विश्व के शीर्ष नेताओं आया है। कार्यक्रमों के दौरान रक्षामंत्री राजनाथ सिंह के साथ भाजपा के महानगर अध्यक्ष आनंद द्विवेदी, एमएलसी मुकेश शर्मा सहित तमाम भाजपा पदाधिकारी, कार्यकर्ता और समाज के प्रबुद्धवर्ग के लोग मौजूद रहे।

### अकेले दम पर 2024 का लोकसभा चुनाव लड़ेगी बसपा : मायावती

**लखनऊ।** बहुजन समाज पार्टी (बसपा) की राष्ट्रीय अध्यक्ष व उत्तर प्रदेश की पूर्व मुख्यमंत्री मायावती ने अपने जन्मदिन के अवसर पर सोमवार को पत्रकार वार्ता कर कहा कि राजनीति से विराम लेने की खबरों में कोई सच्चाई नहीं है। उन्होंने गठबंधन की चचाओं को भी खारिज करते हुए कहा कि 2024 का लोकसभा चुनाव सभी वर्ग जाति विशेष के बल पर उनकी पार्टी अकेले दम पर चुनाव लड़ेगी। साथ ही अयोध्या में प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम पर कहा कि उनकी पार्टी 22 जनवरी के कार्य का स्वागत करती है। पूर्व मुख्यमंत्री मायावती ने कहा कि पूरे देश में पार्टी के कार्यकर्ता और पदाधिकारी मेरा जन्मदिन जनकल्याणकारी दिवस के रूप में मना रहे हैं। मैं उन सभी का हृदय से धन्यवाद देती हूं। लोकसभा चुनाव पर उन्होंने कहा कि वह किसी भी गठबंधन में शामिल नहीं होंगी। न ही वह किसी सरकार में शामिल होने जा रही हैं।




### अभूतपूर्व कोहरे के कारण दिल्ली एयरपोर्ट का संचालन कुछ देर के लिए हुआ बंद : सिंधिया

**नई दिल्ली।** सोमवार की सुबह कोहरे के कारण दिल्ली हवाई अड्डे पर भीड़ और उड़ान संचालन में देरी के बाद, केंद्रीय नागरिक उड्डयन मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने कैट थ्री रनवे सहित हवाई अड्डे के संचालन को अस्थायी रूप से बंद करने की बात कही। यात्री सुरक्षा के लिए चिंता व्यक्त करते हुए, सिंधिया ने निर्णय के बारे में एक्स को बताया। कल, दिल्ली में अभूतपूर्व कोहरा देखा गया, इसमें कई घंटों तक दृश्यता में उतार-चढ़ाव रहा, सुबह 5 बजे से 9 बजे के बीच यह शून्य तक गिर गई। इसलिए, अधिकारियों को कैट थ्री पर भी कुछ समय के लिए परिचालन बंद करने के लिए मजबूर होना पड़ा। स्थिति से निपटने के लिए, सिंधिया ने सक्रिय उपायों की रूपरेखा तैयार की।



### ड्रग्स के खिलाफ लड़ाई केवल जनता के समर्थन से जीती जा सकती है: जम्मू-कश्मीर डीजीपी

**श्रीनगर।** जम्मू-कश्मीर के पुलिस महानिदेशक (डीजीपी) आर.आर. स्वैन ने सोमवार को कहा कि ड्रग्स के खिलाफ युद्ध केवल जनता के समर्थन से ही जीता जा सकता है। कुपवाड़ा जिले में एक आधिकारिक समारोह के मौके पर पुलिस प्रमुख ने कहा, नशीले पदार्थों के खिलाफ युद्ध केवल जनता के समर्थन से ही जीता जा सकता है। यह इस व्यापार में शामिल लोगों के खिलाफ और शांतिपूर्ण माहौल को खराब करने में शामिल लोगों के खिलाफ एक युद्ध है। उन्होंने दोहराया कि नशीली दवाओं के खिलाफ और इस व्यापार में शामिल मास्टरमाइंडों के खिलाफ युद्ध में जनता का सहयोग बहुत जरूरी है। उन्होंने कहा, मेरे अधिकारी हमेशा कहते हैं कि हम लोगों के सहयोग के बिना काम नहीं कर सकते, यह देखते हुए कि पुलिस एक सेवा है।




## पहल — नरेंद्र मोदी आज एक्स डे का भी करेंगे दौरा

# पीएम करेंगे एनएसीआईएन परिसर का उद्घाटन

**एजेंसी। पटना**

अमरावती। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी आंध्र प्रदेश के श्री सत्य साईं जिले के पलासमुद्रम में मंगलवार को राष्ट्रीय सीमा शुल्क, अप्रत्यक्ष कर और नारकोटिक्स अकादमी (एनएसीआईएन) के नए परिसर का उद्घाटन करेंगे। मोदी भारतीय राजस्व सेवा (सीमा शुल्क और अप्रत्यक्ष कर) के 74वें और 75वें बैच के अधिकारी प्रशिक्षुओं के साथ-साथ भूटान की रॉयल सिविल सेवा के अधिकारी प्रशिक्षुओं के साथ भी बातचीत करेंगे।

वह एनएसीआईएन में प्राचीन वस्तुओं की तस्करी अध्ययन केंद्र, नारकोटिक्स अध्ययन केंद्र और वन्यजीव अपराध जांच केंद्र का दौरा करेंगे। मोदी एक्स-डे का भी दौरा करेंगे और सुविधा केंद्र पर स्क्रीनिंग सेंटर का निरीक्षण करेंगे। वह एक पौधा भी लगाएंगे और निर्माण श्रमिकों के साथ बातचीत करेंगे। वह फ्लोरा ऑफ पलासमुद्रम नामक पुस्तक का विमोचन भी करेंगे। सार्वजनिक समारोह में वह एनएसीआईएन को मान्यता प्रमाणपत्र सौंपेंगे और सभा को संबोधित करेंगे। कार्यक्रम में आंध्र प्रदेश के राज्यपाल एस.ए. नजीर, मुख्यमंत्री वाई.एस. जगन मोहन रेड्डी और केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण के भी भाग लेने की संभावना है। अपने आगमन के तुरंत बाद, दोपहर लगभग 1:30 बजे, प्रधानमंत्री लेपाक्षी में वीरभद्र मंदिर का दौरा करेंगे।

बाद में वह एनएसीआईएन के नए परिसर का उद्घाटन करने के लिए पलासमुद्रम पहुंचेंगे। अधिकारियों ने प्रधानमंत्री की यात्रा के लिए विस्तृत व्यवस्था की है। जिला कलेक्टर पी. अरुण बाबू और पुलिस अधीक्षक माधव रेड्डी ने व्यवस्थाओं की समीक्षा की।



### नड्डा ने शुरू किया 'वॉल राइटिंग' अभियान

**नई दिल्ली।** 2024 के लोकसभा चुनाव की तैयारियों के मद्देनजर नई दिल्ली की एक दीवार पर 'एक बार फिर से मोदी सरकार' के नारे के साथ भाजपा राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा ने सोमवार को 'वॉल राइटिंग' अभियान का शुभारंभ कर दिया। नड्डा ने स्वयं दीवार पर पार्टी का चुनाव चिन्ह 'कमल' बनाकर नई दिल्ली से इस अभियान का शुभारंभ किया। अभियान का शुभारंभ करने के बाद मीडिया से बात करते हुए नड्डा ने कहा कि आज से देशभर में 'वॉल राइटिंग' कार्यक्रम प्रारंभ हो रहा है। 'एक बार फिर से मोदी सरकार' के नारे के साथ यह अभियान देशभर के हरेक बूथ पर प्रारंभ होगा।

## लड़के की हत्या के बाद डायन के शक में महिला को मार डाला

**एजेंसी। पटना**

बिहार के रोहतास जिले में रविवार की रात चार वर्षीय लड़के की हत्या से गुस्साए पीड़ित परिवार और अन्य ग्रामीणों ने डायन होने का आरोप लगाते हुए एक महिला की पीट-पीटकर हत्या कर दी। चार वर्षीय शिवम कुमार रविवार शाम को अपने घर से गायब हो गया था। उसका शव अग्रेर थाना अंतर्गत आकांशी गांव में जूट के थैले में छिपा हुआ दशरथ सिंह नामक व्यक्ति के घर के पास मिला। एक ग्रामीण ने कहा, ?हमने गांव में हर जगह तलाश की, लेकिन शिवम कहीं नहीं मिला। रविवार रात करीब 10 बजे हमने दशरथ सिंह के घर के पास जोरदार धमाके की आवाज सुनी। जब हम जांच करने के लिए वहां पहुंचे, तो हमें एक जूट का थैला मिला जिसमें शिवम का शव था। चूंकि जूट का थैला दशरथ सिंह के घर के पास मिला था, इसलिए ग्रामीणों ने मान लिया कि



हत्या में वह या उसके परिवार के सदस्य शामिल हैं। गांव वाले दशरथ सिंह की पत्नी चिंता देवी पर डायन होने का आरोप लगाते थे और उसी को बच्चे की हत्या का जिम्मेदार ठहराया। बच्चे के पिता जग्गू सिंह के परिवार के सदस्यों और कुछ ग्रामीणों ने एकजुट होकर चिंता देवी की पीट-पीट कर हत्या कर दी। रोहतास के एसपी विनित कुमार ने कहा, बच्चा रविवार शाम को लापता हो गया और उसका शव दशरथ सिंह नामक व्यक्ति के घर के पास पाया गया।

# झारखंड में बढ़ती सड़क दुर्घटनायें खतरनाक चेतावनी

झारखंड में कोरोना के बाद सड़क दुर्घटनाओं ने फिए से गति पकड़ ली है। साल 2021 की तुलना में 2022 में 16 फीसदी सड़क हादसे बढ़े हैं। यहां सड़क हादसों से हुए मौत के मामलों में 11 प्रतिशत की बढ़ोतरी दर्ज की गई थी। जबकि घायलों की संख्या में 16 प्रतिशत की बढ़ोतरी हुई है। गत वर्ष सरकार ने इसपर संज्ञान लेकर संबंधित अधिकारियों से सड़क हादसों में कमी लाने के लिए किए जा रहे प्रयासों को पूरी मुस्तैदी से करने का निर्देश दिया था। उन्होंने चिह्नित ब्लैक स्पॉट पर सुरक्षात्मक उपायों को पूरा करने, जागरूकता और यातायात नियमों की अनदेखी करने वालों के खिलाफ सख्ती करने का निर्देश दिया था।

**राज्य में 2021 के दौरान 4,728 सड़क दुर्घटनाओं में 3,513 लोगों की जान गई। जबकि 3,227 घायल हो गए। वहीं दूसरी ओर 2022 के दौरान राज्य भर में 5,174 सड़क दुर्घटनाएं हुई। इनमें 3,898 लोगों की मौत हो गई और 3,745 घायल हुए हैं। 2021 की तुलना में 2022 के दौरान सड़क दुर्घटनाएं 449 (9.50 ) अधिक हुई। इसी प्रकार मौत के मामले 387 (11.02 ) बढ़ गए। वहीं घायलों की संख्या भी 519 (16.08 ) अधिक रिपोर्ट हुई हैं। परिवहन विभाग के अंतर्गत सड़क सुरक्षा की रिपोर्ट के मुताबिक 2022 के दौरान 45 फीसदी हादसों में दोपहिया वाहन शामिल थे।**

दरअसल, राज्य में 2021 के दौरान 4,728 सड़क दुर्घटनाओं में 3,513 लोगों की जान गई। जबकि 3,227 घायल हो गए। वहीं दूसरी ओर 2022 के दौरान राज्य भर में 5,174 सड़क दुर्घटनाएं हुई। इनमें 3,898 लोगों की मौत हो गई और 3,745 घायल हुए हैं। 2021 की तुलना में 2022 के दौरान सड़क दुर्घटनाएं 449 (9.50 ) अधिक हुई। इसी प्रकार मौत के मामले 387 (11.02 ) बढ़ गए। वहीं घायलों की संख्या भी 519 (16.08 ) अधिक रिपोर्ट हुई हैं। परिवहन विभाग के अंतर्गत सड़क सुरक्षा की रिपोर्ट के मुताबिक 2022 के दौरान 45 फीसदी हादसों में दोपहिया वाहन शामिल थे। वहीं कार, जीप, वैन, टैक्सी से 13 प्रतिशत और ट्रक, लॉरी से 12 फीसदी सड़क हादसे रिपोर्ट किए गए हैं। इन दुर्घटनाओं के रिसर्च के आधार पर पाया गया है कि, करीब 80 फीसदी हादसों में 18 साल या इससे कम उम्र के किशोर, नौजवानों की मौत हुई है। सुप्रीम कोर्ट के आदेश पर बनी सड़क सुरक्षा समिति के सदस्यों ने निरीक्षण शुरू कर दिया है। समिति के सदस्यों ने रांची, बोकारो, जमशेदपुर, धनबाद के ब्लैक स्पॉट पर सुधार के उपायों का जायजा लिया भी। राष्ट्रीय राजमार्गों पर 42 प्रतिशत मामले दर्ज किए गए। जबकि राज्य की अन्य सड़कों पर 46 प्रतिशत सड़क दुर्घटना हुई हैं। स्टेट हाईवे पर 12 प्रतिशत दुर्घटनाएं रिपोर्ट की गई है। इसी प्रकार सर्वाधिक 43 फीसदी मौत राज्य की अन्य सड़कों पर देखी गई है। इसी प्रकार 42 फीसदी मौत राष्ट्रीय राजमार्गों पर और 15 फीसदी मौत स्टेट हाईवे पर हुआ है। राज्य के ब्लैक स्पॉट पर सुरक्षात्मक उपाय किए जा रहे हैं। कम समय में किए जाने वाले उपायों में साइनेज बोर्ड लगाना, चेतावनी, रम्बल स्ट्रीप आदि के अलावा लंबे समय में किए जाने वाले उपायों सड़क चौड़ीकरण, फ्लाईओवर, अंडर पास आदि भी योजना बनाकर किए जाने हैं। इसके अलावा इस साल जनवरी से मार्च तक 7,368 बिना ड्राइविंग लाइसेंस चलने वालों को पकड़ कर चालान किया गया। वहीं ओवर स्पीड वाले 1,643 पकड़े गए। साथ ही लाल बत्ती जंप करने वाले 1,4218 का चालान काटा गया।

इन दिनों

# श्रीराम मंदिर सांस्कृतिक पुनर्जागरण का अमृतकाल



श्याम जाजू



***अयोध्या*** में श्रीराम मंदिर का पुनर्निर्माण और प्रभु श्रीराम की मूर्ति की प्राण प्रतिष्ठा मात्र एक धार्मिक आयोजन नहीं, बल्कि यह भारत के सांस्कृतिक पुनर्जागरण और अभ्युदय का अमृतकाल है। सांस्कृतिक विविधता और समृद्धि से भरे हमारे देश में सांस्कृतिक धरोहर हमारी पहचान है। धर्म, भाषा, रूपरेखा, शैली और विविध संस्कृतियों और जीवन शैलियों के बाद भी भारत एक है। उसकी आत्मा एक है। हम सब एक-दूसरे से अपनी सांस्कृतिक पहचान से जुड़े हुए हैं। इसी जुड़ाव को बढ़ाने की दिशा में प्रभु श्रीराम के मंदिर का निर्माण एक महत्वपूर्ण कदम है। अयोध्या में भव्य श्रीराम मंदिर हमें अपनी साझी धार्मिक और सांस्कृतिक धरोहर को अक्षुण्ण रखने में मदद देगा। श्रीराम भारतीय संस्कृति के प्रेरणा पुरुष हैं। एक आदर्श राजा, आदर्श पुत्र, आदर्श भाई, आदर्श पति, आदर्श मित्र हैं। हम भारतीय जिन सात्विक मानवीय गुणों को सदियों से पूजते आये हैं, वे सभी राम के व्यक्तित्व में निहित हैं। इसीलिए श्रीराम, मर्यादा पुरुषोत्तम हैं और हमारी आस्था के केंद्र में हैं। हमारे चेतन-अवचेतन मन में हैं और चिरकाल से इस देश के मानस में बसे हुए हैं। यहां राम सब के हैं और सब राम के हैं। चाहे पूरब हो या पश्चिम, उत्तर हो या दक्षिण, राम हमारे मानस में समाये हुए हैं। देश के किसी भी हिस्से में जाएं और आपको लोगों के नाम में राम मिलेगा-दक्षिण में रामय्या, रामचन्द्रन या रामनाथन हो या उत्तर में रामशरण, राम सिंह या रामदास, राम सभी में हैं। सुबह की राम-राम से लेकर जय सिया राम और जय श्रीराम हमारे लिए अभिवादन और अभिनन्दन हमारे व्यवहार में समाहित/सन्निहित हैं। भारत ही नहीं राम का संदेश भौगोलिक सीमाओं से परे, सार्वभौम और कालातीत है, उनकी प्रासंगिकता महज भारतीय उपमहाद्वीप तक ही सीमित नहीं है। रामकथा के अनगिनत संस्करण दक्षिण पूर्वी एशिया के देशों जैसे थाईलैंड, इंडोनेशिया, कंबोडिया, म्यांमार, लाओस में आज भी प्रचलित हैं। आज भी, भगवान राम और देवी सीता का चरित्र चित्रण इन देशों की लोक परंपराओं का हिस्सा हैं। आज यही राम हमारे मानस से निकल कर प्राकट्य में आ रहे हैं। परिणामतः पूरा देश राममय हो गया है। राम के विग्रह की प्राण-प्रतिष्ठा हो रही है। अयोध्या अपने पुरातन वैभव की पुनः पाते हुए हमारी सांस्कृतिक राजधानी के रूम में प्रतिष्ठापित हो रही है। यह पूरे देश के लिए गौरव बोध का समय है। राम के आदर्शों के प्रति हमारी प्रतिबद्धता एक लोकहितकारी न्यायपूर्ण शासन व्यवस्था को जिसमे सभी के लिए शांति, न्याय और समानता हो, सुनिश्चित करती है। इसीलिए श्रीराम मंदिर का निर्माण न केवल भारतीय सांस्कृतिक एकता का एक अद्वितीय प्रतीक है, यह सुशासन और सामाजिक समरसता की ओर प्रवृत्त करने की दिशा में एक महती प्रयास भी है। मंदिर ही एक वह जगह होती है जहां सभी वर्गों, जातियों, और समुदायों के लोग एकत्र होते हैं और साझा व्यवहार करते हैं जिससे धर्मिक एकता का संवर्धन होता है। रामायण में श्रीराम की कथा ने सभी वर्गों और समुदायों को एक साथ लाने का संदेश दिया है तथा भारतीय समाज में धर्म, नैतिकता और सत्य के मूल्यों को प्रोत्साहित किया है। परिणामतः श्रीराम मंदिर निर्माण एक बड़े सामाजिक, राजनीतिक और धार्मिक संवाद का हिस्सा बन गया है जो भारतीय समाज को धार्मिक और सांस्कृतिक आधारों पर मजबूत करने का प्रयास कर रहा है।

**श्रीराम भारतीय संस्कृति के प्रेरणा पुरुष हैं। एक आदर्श राजा, आदर्श पुत्र, आदर्श भाई, आदर्श पति, आदर्श मित्र हैं। हम भारतीय जिन सात्विक मानवीय गुणों को सदियों से पूजते आये हैं, वे सभी राम के व्यक्तित्व में निहित हैं। इसीलिए श्रीराम, मर्यादा पुरुषोत्तम हैं और हमारी आस्था के केंद्र में हैं। चाहे पूरब हो या पश्चिम, उत्तर हो या दक्षिण, राम हमारे मानस में समाये हुए हैं। देश के किसी भी हिस्से में जाएं और आपको लोगों के नाम में राम मिलेगा-दक्षिण में रामय्या, रामचन्द्रन या रामनाथन हो या उत्तर में रामशरण, राम सिंह या रामदास, राम सभी में हैं।**

निःसंदेह समाज में एकता और सभी धर्म-सम्प्रदायों के बीच समरसता की ओर यह एक महत्वपूर्ण कदम है। इसी 22 जनवरी को होने वाले प्रतिष्ठा समारोह में वाल्मीकि और रविदास मंदिर के पुजारियों की उपस्थिति और महर्षि वाल्मीकि के नाम पर अयोध्याधाम हवाई अड्डे का नामकरण, माता शबरी के नाम पर भोजनालय, निषादराज के नाम पर अतिथि निवास, सामाजिक एकता, न्याय और सद्भाव का ही एक उदाहरण है। बौद्ध और जैन परंपराओं में भी इस नगरी का विशेष महात्म्य है। साथ ही अयोध्या के मुस्लिम समुदाय का मंदिर निर्माण की तैयारियों में बढ़चढ़ कर हिस्सा लेना और फारूक अब्दुल्ला जैसों का यह कहना, कि 'राम केवल हिंदुओं के नहीं हैं, राम सभी के हैं', सचमुच एक महान परिवर्तन है। अयोध्या में नव निर्मित राममन्दिर मात्र मंदिर न केवल करोड़ों लोगों की आस्था, विश्वास और भारत के पुनर्जागरण का प्रतीक है बल्कि यह भारत की सोयी अस्मिता और आत्मविश्वास के जागरण का प्रतीक भी है। श्रीराम जन्म भूमि का आंदोलन हिन्दू समाज का आत्म साक्षात्कार है। यह इस बात का प्रमाण है कि अपने लक्ष्य की प्राप्ति के लिए हिन्दू साढ़े पांच सौ बरस की लंबी लड़ाई लड़ और जीत सकते हैं। सच में अयोध्या में रामलला का भव्य और दिव्य मंदिर का निर्माण सभी भारतीय नागरिकों के लिए सदियों पुराने सपने के पूरे होने जैसा है। पांच सौ वर्षों बाद रामनगरी का वैभव व कीर्ति लौट रही है। श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र के प्रमुख महंत श्री नृत्य गोपाल दास के शब्दों में, 'मंदिर निर्माण के साथ सिर्फ अयोध्या ही नहीं, बल्कि संपूर्ण भारत के भाग्य का नया सूर्य उदित होगा। निःसंदेह यह अवसर हर्ष और उल्लास का है। अयोध्या इस तरह प्रसन्न है, जैसे कि अपने आराध्य का पुनः प्राकट्य हो रहा हो है।' सच में सामूहिक चेतना से जो काम होते हैं, उनमें अलग ही आनंद की अनुभूति होती है। आज सम्पूर्ण देश प्रसन्न है। जनमानस आह्लादित है। जिन असंख्य लोगों ने राममंदिर आंदोलन में अपने प्राणों की आहुति दी है, उनकी आत्माएं प्रसन्न हो रही होंगी, क्योंकि उनका बलिदान अब सार्थक होने जा रहा है।

## आपकी बात

### सड़कों पर स्टंटबाजी खतरनाक शौक



कुमार उत्कर्ष

राजधानी रांची के रिंग रोड और अन्य हाइवे पर खास तौर पर सुबह मेन कुछ युवाओं को खतरनाक स्टंट करते देखा जाता है । कुछ तो रील बनाने के लिए या सोशल मीडिया में डालने के लिए बहुत ही खतरनाक करतब दिखाते हैं जैसे बिना हैंडिल पकड़े बाइक चलाना और एक पहिये पर बाइक चलाना। ऐसे में देश में ही नहीं रांची मेन अनेक दर्दनाक दुर्घटनाएँ घाटी हैं जिसमें युवा ही मारे गए हैं। हमें याद रखना चाहिए कि स्टंट एक विधा है एक आर्ट है और बहुत ही कुशल प्रशिक्षक की देखरेख में किया जाता है वो भी जैसे दिखता है वैसे नहीं बल्कि ट्रिक होती है और विशेष प्रकार के ड्रेस या सुरक्षा उपकरणों के सहारे जिसमें खतरा का प्रतिशत लगभग शून्य होता है जबकि खुली सड़क पर ठीक उल्टा होता है 99 प्रतिशत खतरा रहता है । विशवास न हो तो यूट्यूब पर देख लें कैसे स्टंट मास्टर स्टंट करते हैं जिसके उनको पैसे मिलते हैं जबकि इसमें मौत मिलती है । **(पत्रकारिता विभाग, रांची विश्वविद्यालय)**

### शीत लहर से लोगों परेशानी



अमिताभ चंद्र सिंह

मेदिनीनगर पलामू का पारा गिरते हुए रविवार को पांच डिग्री से सेल्सियस पर पहुंच गया। इससे इस सीजन का सबसे ठंडा दिन 15 जनवरी बन गया है। तेज धूप के बावजूद रविवार को दिनभर ठंडी हवा कंपकपाता रहा। साथ ही शाम होते ही सर्दी ज्यादा सताने लगी है। ठंड बढ़ने से बीमार लोगों का अस्पताल पहुंचने की घटनाएं भी बढ़ गई है। ठंड लगने के कारण अस्पताल में पहुंचने वाले मरीजों की संख्या बढ़ने से मेदिनीनगर में प्रत्येक दिन करीब आठ सौ मरीज पहुंच रहे हैं। सतबरवा प्रखंड में पलामू टाइगर रिजर्व से सटे क्षेत्र में ठंड मेदिनीनगर से भी ज्यादा पड़ रही है। रविवार को न्यूनतम तापमान गिरकर करीब तीन डिग्री सेल्सियस से नीचे चला गया। खेत, खलिहान और खुली धरती बर्फ की बेहद पतली परत रविवार की अल सुबह में देखने को मिली। पोंची गांव के सामाजिक कार्यकर्ता सह किसान संजय मेहता ने बताया कि पाला गिरने से फसल को नुकसान पहुंचने की आशंका बढ़ गई है। ठंड से सर्वाधिक परेशानी गरीबों को हो रही है। समुचित संसाधनों के अभाव में वे ठिठुरते हुए रात बिताने को विवश हैं। प्रकृति के कोप के आगे सभी बेबस नजर आ रहें हैं। **(अधिवक्ता) मेदिनीनगर**

अपने पत्र हमें इमेल कर सकते हैं-article.rnmail@gmail.com

संगीत की दुनिया

# 'दुख भी ला सकती है लेकिन जनवरी अच्छी लगी'



मुकुंद

**बेहद** अजीम और अजीज शायर मुनव्वर राणा तहजीबी शहर लखनऊ की सरजमीं पर सोमवार को सुपुर्द-ए-खाक कर दिये गये। रविवार देररात दिल का दौरा पड़ने से राणा ने इसी शहर में फानी दुनिया को अलविदा कहा। मुशायरों की महफिल को लूटने वाले मुनव्वर उर्दू को ही नहीं उसकी बहन हिन्दी को भी गहरी उदासी के समंदर में डुबो गये। मुशायरों और दीगर महफिलों में भी मुनव्वर राणा से मां पर केंद्रित उनकी गजलों को हजारों बार सुनाया गया। 71 वर्षीय राणा के चाहने वाले सदमे में हैं। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने मुनव्वर राणा के निधन पर शोक व्यक्त किया है। उन्होंने कहा कि उत्तर प्रदेश में जन्मे मुनव्वर राणा ने उर्दू साहित्य में समृद्ध योगदान दिया है। प्रधानमंत्री ने एक्स हैंडल पर कहा, 'श्री मुनव्वर राणा जी के निधन से दुख हुआ। उन्होंने उर्दू साहित्य और काव्य में समृद्ध योगदान दिया। उनके परिवार और प्रशंसकों के प्रति मेरी संवेदनाएं हैं।' मुनव्वर राणा ने अपनी शायरी, गजल, नज्म और कविताओं से हर किसी के दिल को छुआ है। उन्होंने मां और पुत्र के पवित्र रिश्ते, मां के प्रेम और करुणा के अहसास को अपनी रचनाओं के जरिये बयां किया है। इस फनकार के न रहने पर उनकी गजल की यह चंद पंक्तियां जेहन में उभर आईं-''दुख भी ला सकती है लेकिन जनवरी अच्छी लगी/जिस तरह बच्चों को जलती फुलझड़ी अच्छी लगी/रो रहे थे सब, तो मैं भी फूटकर रोने लगा/मुझको अपनी मां की, मैली ओढ़नी अच्छी लगी।'' यह वो पंक्तियां हैं, जिन्होंने मुनव्वर को रातों-रात देश-दुनिया में शोहरत प्रदान की। यह भी इत्तेफाक है कि 2024 में जनवरी आई और एक अजीम शख्सियत दुनिया से उठ गया। लेकिन यह जनवरी मुनव्वर की उस ख्वाहिश को पूरा कर गई, जो उन्होंने अपनी मां की मौत पर भरभराई आवाज में कहा था-''मेरी ख्वाहिश है कि मैं फिर से फरिश्ता हो जाऊं/ मां से इस तरह से लिपट जाऊं की बच्चा हो जाऊं।'' मुनव्वर राणा के न रहने की बात जैसे ही अस्पताल से बाहर आई, रात सोने के लिए बिस्तरों पर पहुंच चुके उनके चाहने वाले लाखों लोग हड़बड़ाकर उठ बैठे। उनकी नींद उड़ गई। इन्हीं में से एक हैं वरिष्ठ शायर और पत्रकार हसन काजमी। वो उनके हम प्याला-हम निवाला रहे हैं।

**मुशायरों व दीगर महफिलों में भी मुनव्वर राणा से मां पर केंद्रित उनकी गजलों को हजारों बार सुनाया गया। 71 वर्षीय राणा के चाहने वाले सदमे में हैं। प्रधानमंत्री ने मुनव्वर राणा के निधन पर शोक व्यक्त किया है।**



बोधि वृक्ष

# पशुपतिनाथ व्रत की विधि व कथा

**6.** पंचाभिषेक करने के बाद शिवलिंग पर बेलपत्र, मंदार के फूल आदि पूजन सामग्री चढ़ाकर मिठाई चढ़ाएं।

**7.** ध्यान रहे कि शिवलिंग से हमेशा धूप, दीप आदि कुछ दूरी पर रखना चाहिए। देखा गया है कि भक्त अक्सर शिवलिंग पर ही अगरबत्ती आदि लगाते हैं, जो सर्वथा अनुचित है। इसके बाद घर आकर फलाहार करें।

**8.** शाम को दोबारा मंदिर जाएं और 6 दीपक भी साथ ले जाएं। इनमें से 5 दीपक मंदिर में ही जला लें और आखिरी यानी छठा दीपक अपने साथ घर ले आएं। घर आकर इस दीपक को प्रवेश द्वार पर अपने दाहिने हाथ से यानी दरवाजे के दाहिने तरफ जलाएं।

**9.** जो मिठाई आप मंदिर ले गए थे उसे तीन भागों में बांट लें, दो भाग मंदिर में ही भोग लगाएं और तीसरा भाग घर में लाकर भगवान शिव को अर्पित कर प्रसाद के रूप में ग्रहण करें। अब आप व्रत का पारण कर सकते हैं, लेकिन ध्यान रहे कि नमक का प्रयोग न करें।

**10.** यह क्रम लगातार पांच सोमवार तक करें। पाशुपति व्रत पांचवें सोमवार को मनाया जाता है।

पशुपतिनाथ व्रत विधि - उपवास के दौरान रखें ये सावधानियां

**1.** पूजन सामग्री में शुद्धता का विशेष ध्यान रखें।

**2.** शिवलिंग पर चढ़ाए जाने वाले पत्र, मंदार के फूल आदि साफ होने चाहिए और ध्यान रहे कि पत्ते कटे या फटे नहीं होने चाहिए।

कुछ धार्मिक मान्यताओं के अनुसार सोमवार के दिन बेलपत्र नहीं तोड़ना चाहिए, इसके लिए एक दिन पहले यानी रविवार के दिन बेलपत्र तोड़कर सुरक्षित रख लें।

**(क्रमशः)**

## फेसबुक वॉल से

**Vinod Kumar**
2 h
16 जनवरी। शहादत दिवस। संकल्प सभा। बगोदर। 12 बजे। आप सभी सादर आमंत्रित है।



201 · 54 comments 8 shares
Like · Comment · Send · Share

**Pankaj Mitra**
Like Reply

**Aman Rathore**
जननायक आप आज भी हैं अपने विचारों के रूप में ,,लोगों के दिलों में !! लाल सलाम 🙏🙏💐💐
Like Reply

## X - से

Post

**Ministry of Culture**
@MinOfCultureGoI

#MyGov presents the culinary treasures of #Ayodhya, just days before the auspicious 22 January. Plan your visit to Ayodhya post this date to seek the blessings of Ram Lalla & make sure to explore these delightful food spots.

#ShriRamJanmbhoomi #AmritMahotsav #CultureUnitesAll



11:42 AM · 15/01/24 From Earth · 961 Views

13 Reposts 21 Likes

# भारत में फिर से श्रीराम बिराजें- 09

## ।।।। जो सुखधाम राम अस नामा ।।।।



डॉ. मयंक मुरारी
चिंतक और आध्यात्मिक लेखक

***जब*** कोई व्यक्ति अपने कर्मो के कारण दुख उठाता है, वह दुखियारा कहलाता है। वह समाज की संवेदना का कारण बन जाता है। वहीं जब कोई व्यक्ति अपने जीवन में उच्च आदर्शों के लिए दुख उठाता है, तो वह परम सुखी कहलाता है। श्रीराम ने अपने जीवन में इस महान सत्य को समाज के समक्ष रखा। राम का आचरण जीवन में संबंधों की प्रतिष्ठा का प्रतीक है। अपने जीवन में संबंधों की समरसता और संतुलन को स्थापित करने वाले तथा अपने समस्त सुखों का समाज के लिए त्याग करने वाले श्रीराम को तुलसीदास ने सुखधाम कहा है। कहा गया है कि- जो सुखधाम राम अस नामा। अखिल लोकदायक विश्रामा। अर्थात जो सुख का भवन और संपूर्ण लोकों को शांति देने वाला है। उसका ही नाम राम है। इस पृथ्वी पर भगवान के विविध अवतार हुए। उसमें सर्वाधिक दुख उठानेवाले हमारे प्रभु श्रीराम है। वह दुख उठाते हैं, लेकिन कभी भी किसी को दुख नहीं देते हैं। वह सदैव अपने आचरण में घोर कष्ट को सहते हुए भी श्रेष्ठ सामाजिक मूल्यों को प्रतिस्थापित किया। मनुष्य के जीवन को उन्होंने अपने चरित्र से दैवीय सार्थकता प्रदान की है। आदमी का इस अस्तित्व में अहमियत नगण्य है। अस्तित्व जैसा चाहता है, वैसा होता है। वैसा ही हमको बनाता है और हम कार्यशील होते हैं। मानस में वर्णन है कि नारद जैसे महाज्ञानी एवं भगवद्भक्त भी जीवन के मोह में फंस जाता है। महादेव ने माता पार्वती को बताया कि न कोई ज्ञान होता हैं, न कोई मूर्ख। राम जब जिसको जैसा करते हैं, वह उसी क्षण वैसा ही हो जाता है। ज्ञान को दुख में ज्ञान होता है और सामान्यजन दुख आने पर अपने भाग्य को कोसता है। दुख में मूढ़ और दुखी होता है और विवेकवान इस प्रपंच पर हंसता है। लेकिन मन में अखंड विश्वास नहीं हो, तो यह मानना कठिन होता है कि प्रभु स्मरण से दुख दूर होता है। प्रायः मनुष्य को अपने दुख में विश्वास होता है। यह विश्वास देवों को भी रहता है। जब धरती पर भक्तों पर अत्याचार बढ़ गया तो जीवन में धीरज के लिए लोग प्रभु का स्मरण कर रहे थे। मानस में वर्णन है कि ब्रह्मा ने कहा कि प्रभु तुम्हारी कठिनाईयों को दूर करेंगे। अब ऐसे प्रभु की खोज कहां किया जाए। यह सवाल दोनों के मन में है। मनुष्य भी परेशान और देवता भी आशंकित।

**जो सुखधाम राम अस नामा। अखिल लोकदायक विश्रामा। अर्थात जो सुख का भवन और संपूर्ण लोकों को शांति देने वाला है। उसका ही नाम राम है। इस पृथ्वी पर भगवान के विविध अवतार हुए।**

## टेक वर्ल्ड

# गायब हुई तस्वीरों को रिकवर करने का तरीका

**- तृतीय-पक्ष सॉफ्टवेयर का इस्तेमाल करें:** कई तृतीय-पक्ष सॉफ्टवेयर उपलब्ध हैं जो गूगल फोटोज से डिलीट हुई तस्वीरों को वापस पाने में मदद कर सकते हैं। इनमें से कुछ नाम हैं
- DiskDigger, Stellar Photo Recovery, EaseUS Data Recovery Wizrd, आदि।



**- गूगल सपोर्ट से संपर्क करें:** अगर आपको लगता है कि आपकी तस्वीरें गूगल फोटोज से गलती से हट गई हैं और आप उन्हें स्थानीय बैकअप या अन्य तरीकों से वापस नहीं ला सकते हैं, तो गूगल सपोर्ट से संपर्क करके मदद ले सकते हैं। तो यह थे कुछ आसान तरीके जिनसे आप अपनी गूगल फोटोज से गलती से हटाई गई तस्वीरें वापस पा सकते हैं। अब जब आप जानते हैं कि कैसे करें रिकवर, तो फिर किसी भी महत्वपूर्ण तस्वीर को खोने का डर नहीं।

**- अनिमेष शर्मा (समाप्त)**

### Chrome की जगह DuckDuckGo का कर सकते हैं इस्तेमाल, प्राइवेसी को नहीं पहुंचायेगा नुकसान

DuckDuck Go ब्राउजर में मिनिमल इंटरफेस मिलता है और इसमें किसी भी एक टैप से डेटा को हटाया जा सकता है। एंड्रॉयड यूजर्स सामान्य तौर पर गूगल क्रोम ब्राउजर का ही इस्तेमाल करते हैं। अगर आप भी ब्राउजर का इस्तेमाल करके बोर हो गये हैं तो DuckDuckGo का उपयोग कर सकते हैं। इससे आपकी प्राइवेसी को कोई नुकसान नहीं होगा। आजकल एंड्रॉयड यूजर्स के लिए वेब ब्राउजर्स के ढेरों ऑप्शन मार्केट में मिलते हैं।

**(क्रमशः)**

स्वामी, परिजात माइनिंग इण्डस्ट्रीज (इण्डिया) प्रा. लि. की ओर से इसके पब्लिकेशन डिवीजन, रेड़मा मेदिनीनगर (डालटनगंज), से हर्षवर्द्धन बजाज द्वारा प्रकाशित एवं एस एच प्रिंटर्स प्राइवेट लिमिटेड (पूर्व में शिवासाईं पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड), नियर टेंडर बागीचा पेट्रोल पम्प, रातू, रांची-835222, झारखंड द्वारा मुद्रित. रजिस्ट्रेशन नं. RNI. 61316/94 पोस्टल रजिस्ट्रेशन नं.-13 । प्रधान संपादक : सुरेश बजाज, संपादक : हर्षवर्द्धन बजाज, कार्यकारी संपादक : सुनील सिंह 'बादल'*, प्रेस कार्यालय : रांची रोड, रेड़मा, मेदिनीनगर, (डालटनगंज) पलामू-822102, फोन नम्बर : 06562-796018, रांची कार्यालय : 502बी, पांचवी मंजिल मंगलमूर्ति हाईट्स, रानी बागान, हरमू रोड, रांची-83001, फोन नं.- 0651-3553943, गढ़वा कार्यालय : मेन रोड, गढ़वा-822114, फोन : 9430164580, लोहरदगा कार्यालय : सरस्वती निवास, तेली धर्मशाला के सामने, कृषि मार्केट, लोहरदगा। - फोन : 7903891779, ई-मेल : news.rnmail@gmail.com, article.rnmail@gmail.com (*पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेवार।)

# सोते-सोते नहीं टूटेंगे आपके बाल, फॉलो करें ये टिप्स

मिताली जैन

आमतौर पर, सोते समय तकिए से रगड़ने से होने वाले घर्षण के कारण हेयर प्रोब्लम्स हो सकती हैं। इसलिए, कोशिश करें कि आप सोने से पहले बालों में हेयर सीरम जरूर लगाएं। इससे आपको हेयर फॉल व अन्य प्रोब्लम्स को कम करने में मदद मिलेगी। हम सभी यही मानते हैं कि हीट स्टाइलिंग प्रोडक्ट्स या फिर केमिकल्स के कारण हमारे बाल डैमेज होते हैं। लेकिन सच तो यह है कि बालों के टूटने की कई वजहें हो सकती हैं। मसलन, अगर रात को सोने से पहले बालों की सही तरह से देखभाल ना की जाए तो इससे भी बाल टूटने व झड़ने शुरू हो जाते हैं। इसलिए, नाइट हेयर केयर रूटीन फॉलो करना बेहद जरूरी है। ऐसे कई छोटे-छोटे टिप्स हैं, जो रात में सोते समय आपके बालों की केयर करने में मदद करेंगे।

## बालों को जरूर सुलझाएं

रात में सोने से पहले अपने बालों को ब्रश करना और उसे सुलझाना बेहद जरूरी है। जब आप बालों में कंघी करते हैं तो स्कैल्प का नेचुरल ऑयल जड़ों से सिरे तक समान रूप से फैलता है। कोशिश करें कि इसके लिए आप चौड़े दांतों वाली कंघी का उपयोग करें, जो बालों को टूटने से बचाने में मदद करेगी।

## लाइट हेयर सीरम का करें इस्तेमाल

आमतौर पर, सोते समय तकिए से रगड़ने से होने वाले घर्षण के कारण हेयर प्रोब्लम्स हो सकती हैं। इसलिए, कोशिश करें कि आप सोने से पहले बालों में हेयर सीरम जरूर लगाएं। इससे आपको हेयर फॉल व अन्य प्रोब्लम्स को कम करने में मदद मिलेगी।

## सही हो पिलोकवर

गलत प्रकार का तकिया व उसका कवर भी आपके बालों को काफी डैमेज कर सकता है। इसलिए, अगर आप अपने बालों की केयर करना चाहते हैं तो ऐसे में साटन या रेशम के तकिए का इसतेमाल करें। वे अन्य कपड़ों की तुलना में चिकने होते हैं और इसलिए हेयर डैमेज को मिनिमम करते हैं।

## खुले ना हों बाल

कई बार हम यूं ही खुले बालों में बेड पर चले जाते हैं। इससे बालों को काफी नुकसान होता है। ऐसे में आप हमेशा यह कोशिश करें कि सोने से पहले बालों में कोई प्रोटेक्टिव हेयर स्टाइल जरूर बनाएं। आप पोनीटेल से लेकर ब्रेड्स या बन बनाने पर विचार कर सकती हैं। हेयर स्टाइल ऐसा होना चाहिए जो बहुत अधिक टाइट ना हो। साथ ही साथ, उसमें आपको सोने में भी कंफर्टेबल फील हो।



# सर्दियों में रूखे हो जाते हैं नाखून तो ऐसे रखें ख्याल

आपने देखा होगा कि सर्दियों में नाखून काफी रूखे हो जाते हैं। इस कारण नाखूनों का ध्यान रखना काफी जरूरी होता है। ऐसे में नाखूनों की देखभाल के कुछ जरूरी टिप्स। इन टिप्स को फॉलो कर अपने नेल्स का ध्यान रख सकती हैं।

सर्दियों का मौसम लगभग हर किसी को पसंद है। क्योंकि घूमने-फिरने से लेकर खाने-पीने तक के लिए सर्दियों का मौसम परफेक्ट होता है। लेकिन इस मौसम में अपनी त्वचा का खास ख्याल रखना पड़ता है। ऐसा न करने पर इची स्कैल्प, त्वचा का रूखापन, बाल झड़ना आदि की समस्या होने लगती है। इसलिए सर्दियों के मौसम में अपनी त्वचा और बालों का खास ख्याल रखने की सलाह दी जाती है।

लेकिन बालों और त्वचा का ख्याल रखते-रखते हम शरीर के दूसरे जरूरी अंगों के बारे में भूल जाते हैं। वह हमारे नाखून हैं। आपने देखा होगा कि सर्दियों में नाखून काफी रूखे हो जाते हैं। इस कारण नाखूनों का ध्यान रखना काफी जरूरी होता है। क्योंकि अगर आप अपने नाखूनों का ध्यान नहीं रखते हैं। तो यह टूटने लगते हैं। ऐसे में नाखूनों की देखभाल के कुछ जरूरी टिप्स। आप भी इन टिप्स को फॉलो कर आप अपने नेल्स का ध्यान रख सकती हैं।



## मॉइस्चराइज करना है जरूरी

सर्दियों के मौसम में नाखून ड्राई हो जाते हैं। ऐसे में नाखूनों की नमी को बरकरार रखने के लिए आप बादाम या फिर नारियल के तेल से अपने नाखूनों को मॉइस्चराइज कर सकते हैं।

## बेस कोट लगाएं

अपने नाखूनों पर आपको हमेशा बेस कोट लगाकर रखना चाहिए। ऐसा करने से आपके नेल्स धूल और गंदगी से बचे रहेंगे। साथ ही आपके नाखून भी इससे मजबूत होंगे।

## क्यूटिकल क्रीम

कई बार नाखून साफ करने के दौरान क्यूटिकल्स को काट देते हैं। लेकिन ऐसा करने से बचना चाहिए। बता दें कि क्यूटिकल्स को काटने की जगह उस पर लोशन या फिर क्यूटिकल क्रीम अप्लाई कर उनका ख्याल रखना चाहिए।

## नेल मास्क

अगर आप अच्छे तरीके से नाखूनों का ध्यान रखना चाहते हैं, तो आप नींबू के साथ बेकिंग सोडा या अंडे और शहद को मिलाकर अपने नाखूनों पर लगाएं। यह नाखूनों के लिए काफी अच्छा नेल मास्क है।

## पानी को करें इग्नोर

सर्दियों में मौसम में पानी का काम कम से कम करना चाहिए। क्योंकि नाखूनों के ज्यादा भीगने से इनमें ड्राईनेस आने लगती है। इससे आपके नाखून कमजोर हो सकते हैं।

नाखूनों को लेने दें सांस

अगर आप सर्दियों के मौसम में हमेशा नेल पेंट लगाकर रखती हैं, तो बता दें कि इससे आपके नाखूनों को सांस लेने में समस्या होगी। इसलिए कई बार अपने नाखूनों को बिना नेल पेंट्स के भी रहने देना चाहिए।



# सेलिब्रिटीज जैसे वाइब्रेंट स्किन पाने के लिए अपनाएं ये टिप्स

अनन्या मिश्रा

कई लोगों का मानना होता है कि खूबसूरत दिखने के लिए ढेर सारे पैसे खर्च करने होते हैं। लेकिन ऐसा जरूरी नहीं होता है। अगर आप भी सेलिब्रिटीज जैसी ग्लोइंग स्किन पाना चाहते हैं। आप भी इन टिप्स को अपनाकर हेल्दी और ग्लोइंग स्किन पा सकती हैं। अपने फेवरेट एक्टर या एक्ट्रेस की खूबसूरत और ग्लोइंग स्किन आपको भी काफी अच्छी लगती होगी। तो वहीं कुछ सेलिब्रिटीज बिना मेकअप के भी काफी अच्छे नजर आते हैं। ऐसे में आपके मन में यह सवाल जरूर आता होगा कि उनकी स्किन इतनी ग्लोइंग कैसे नजर आती है। ज्यादातर लोगों का मानना होता है कि खूबसूरत दिखने के लिए ढेर सारे पैसे खर्च करने होते हैं। लेकिन ऐसा जरूरी नहीं होता है। महंगे ट्रीटमेंट या खास उत्पाद नैचुरल ब्यूटी के लिए जरूरी नहीं होती है। बल्कि कुछ ऐसी आदतें होती हैं, जिनकी मदद से आप भी सेलिब्रिटी जैसी स्किन पा सकते हैं। सिलेब्रिटीज जैसी स्किन पाने के लिए आपको सबसे पहले यह समझने की जरूरत है कि आपकी त्वचा कैसी है। वहीं एक्टर या एक्ट्रेस को भी ड्राई स्किन, मुंहासे और सनबर्न जैसी समस्याओं का सामना करना पड़ता है। वहीं लाइट, मेकअप और केमिकल्स के संपर्क में स्किन ज्यादा आती है। इसलिए उनको स्किन संबंधी कई तरह की समस्याएं अधिक होती हैं। मेकअप से बचने के लिए एक्टर और एक्ट्रेस को अपनी स्किन का खास ख्याल रखना पड़ता है।

**खूब पानी पिएं :** आपने भी अधिकतर सिलेब्रिटीज को पानी की बोतल के साथ देखा होगा। क्योंकि स्किन को हेल्दी और ग्लोइंग बनाने के लिए पानी का पर्याप्त मात्रा में सेवन करना बेहद जरूरी होता है। पर्याप्त मात्रा में पानी के सेवन से आपकी स्किन हाइड्रेट रहती है। साथ ही पानी के सेवन से बॉडी से विषाक्त पदार्थ आसानी से बाहर निकल जाते हैं। जिससे स्किन हेल्दी और ग्लोइंग बनती है।

**डाइट में करें सुधार :** आपको बता दें कि एक्टर व एक्ट्रेस की फिट और ग्लोइंग बॉडी का राज उनकी डाइट में छिपा होता है। क्योंकि डाइट का सीधा असर हमारी स्किन पर पड़ता है। ऐसे में अगर आप ज्यादा तला-भुना या मिर्च मसाले वाला खाना खाते हैं, तो आपको पिगमेंटेशन या फिर पिंपल की समस्या हो सकती है। इसलिए अपनी डाइट में आपको प्रोटीन, फाइबर रिच फूड्स और हरी सब्जियों को शामिल करें।

**नींद है जरूरी :** शरीर को सेहतमंद बनाए रखने के लिए हर व्यक्ति को 7-8 घंटे की नींद लेना जरूरी होता है। बिजी लाइफस्टाइल के बाद भी आपको पर्याप्त नींद लेनी चाहिए। क्योंकि नींद पूरी न होने पर हार्मोन्स असंतुलित हो जाते हैं, जो न सिर्फ शरीर बल्कि स्किन के लिए भी सही नहीं होता है। अच्छी नींद न लेने से आंखों में सूजन, काले घेरे और डल स्किन की समस्या होने लगती है।

**स्किन को रखें साफ :** अगर आप भी सिलेब्रिटीज जैसी स्किन पाना चाहते हैं तो अपनी स्किन को साफ रखें। इसके लिए सप्ताह में 2 बार स्किन को स्क्रब जरूर करें। वहीं स्किन पर ज्यादा देर के लिए मेकअप न लगा रहने दें। अपनी स्किन को साफ करने के लिए सुबह-शाम फेसवॉश का इस्तेमाल करें। वहीं रात में सोने से पहले चेहरे पर क्रीम या लोशन जरूर लगाएं।

**एक्सरसाइज भी है जरूरी :** आपने देखा होगा कि सिलेब्रिटीज रोजाना एक्सरसाइज करते हैं। यह उनकी खूबसूरती का सबसे बड़ा राज होता है। स्किन में कसाव बनाए रखने के लिए एक्सरसाइज और योगा को अपनी डेली रूटीन में शामिल करना चाहिए। आप मत्स्यासन, हलासन, धनुरासन, अधोमुख श्वानासन, पश्चिमोत्तानासन आदि आसन का अभ्यास कर सकते हैं। इसके अलावा आप रोजाना 40 मिनट जरूर पैदल चलें।

# ऐसे बनाएं बाजार जैसा टेस्टी कढ़ाई पनीर



कढ़ाई पनीर के टेस्ट को बेहतर बनाने का एक बेहतर तरीका यह भी है कि आप सभी साबुत मसालों जैसे धनिया, जीरा और सूखी लाल मिर्च को पीसने से पहले उन्हें सूखा भून लें। इससे स्वाद बढ़ जाता है। हालांकि, मसालों को सूखा भूनते समय थोड़ा सावधान रहें। पनीर का नाम सुनते ही हम सभी के मुंह में पानी आ जाता है। इससे हम कई तरह की रेसिपीज बनाना और खाना पसंद करते हैं। खासतौर से, कढ़ाई पनीर खाने का एक अलग ही टेस्ट होता है। लोग अक्सर रेस्त्रां से कढ़ाई पनीर ऑर्डर करना पसंद करते हैं। कभी-कभी लोग इसे घर पर भी बनाते हैं। हालांकि, घर पर कढ़ाई पनीर का वह टेस्ट नहीं आता है, जो रेस्त्रां में होता है। इसलिए, यह जरूरी है कि जब आप घर पर कढ़ाई पनीर बनाएं, तो कुछ छोटे-छोटे टिप्स अपनाएं।

## पनीर की क्वालिटी

अगर आप चाहते हैं कि कढ़ाई पनीर का टेस्ट अच्छा आए तो आपको पनीर की क्वालिटी पर खासतौर से ध्यान दें। हमेशा फ्रेश पनीर ही लें और उन्हें एक समान पकाने के लिए समान आकार के क्यूब्स में काटें। हमेशा ध्यान रखें कि आप पनीर को ज्यादा न पकाएं, क्योंकि इससे यह रबरयुक्त हो सकता है। आप पनीर को हमेशा खाना पकाने की प्रक्रिया के अंत में ही डालें।

## मसाले को करें ड्राई रोस्ट

कढ़ाई पनीर के टेस्ट को बेहतर बनाने का एक बेहतर तरीका यह भी है कि आप सभी साबुत मसालों जैसे धनिया, जीरा और सूखी लाल मिर्च को पीसने से पहले उन्हें सूखा भून लें। इससे स्वाद बढ़ जाता है। हालांकि, मसालों को सूखा भूनते समय थोड़ा सावधान रहें। अगर मसाले जल जाते हैं तो इससे सब्जी का स्वाद कड़वा हो सकता है।

## सही हो कढ़ाई

कढ़ाई पनीर को आप किस तरह के बर्तन में पका रहे हैं, यह भी काफी अहम है। हमेशा सब्जी को समान रूप से पकाने और जलने से बचाने के लिए मोटे तले वाली कढ़ाई का उपयोग करें।

## तेल की क्वांटिटी

अक्सर यह देखने में आता है कि कढ़ाई पनीर बनाते समय अक्सर लोग बहुत अधिक ऑयल का इस्तेमाल करते हैं। इसे डिश भले ही टेस्टी बन जाए, लेकिन यह काफी हैवी हो जाती है। जिससे आपको प्रोब्लम हो सकती है। इसलिए, तेल को हमेशा सीमित मात्रा में ही इस्तेमाल करें।

## पानी का रखें ख्याल

जब आप घर पर कढ़ाई पनीर बना रहे हैं और उसे एकदम बाजार जैसा टेस्ट व टेक्सचर देना चाहते हैं तो आपको बहुत अधिक पानी डालने से बचना चाहिए। दरअसल, जब आप कढ़ाई पनीर में बहुत अधिक पानी डालते हैं तो इससे वह बहुत पतली हो जाती है। जबकि कढ़ाई पनीर की कंसिस्टेंसी सेमी ड्राई होती है।

## सूडोकु नवताल- 6946

सरल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 4 | | 7 | | 1 | | | 3 |
| 3 | | 5 | | 4 | | 1 | | |
| | 2 | | | | 8 | | | |
| 4 | | 3 | | | | | | |
| | 8 | | | 2 | | | 1 | |
| | | | | | | 8 | | 6 |
| | | | 2 | | | | 3 | |
| | | 9 | | 8 | | 2 | | 4 |
| 1 | | | 4 | | 6 | | 9 | |

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते.
- पहेली का केवल एक ही हल है.

सूडोकु नवताल -6945 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 9 | 2 | 7 | 4 | 8 | 6 | 5 | 3 | 1 |
| 5 | 1 | 6 | 3 | 2 | 9 | 4 | 8 | 7 |
| 3 | 4 | 8 | 7 | 1 | 5 | 9 | 6 | 2 |
| 8 | 3 | 4 | 9 | 5 | 1 | 2 | 7 | 6 |
| 7 | 6 | 5 | 8 | 4 | 2 | 3 | 1 | 9 |
| 1 | 9 | 2 | 6 | 3 | 7 | 8 | 5 | 4 |
| 6 | 7 | 3 | 2 | 9 | 8 | 1 | 4 | 5 |
| 2 | 8 | 1 | 5 | 7 | 4 | 6 | 9 | 3 |
| 4 | 5 | 9 | 1 | 6 | 3 | 7 | 2 | 8 |

## दैनिक पंचांग

16 जनवरी 2024 को सूर्योदय के समय की ग्रह स्थिति




मंगलवार 2024 वर्ष का 16 वां दिन दिशाशूल उत्तर ऋतु शिशिर। विक्रम संवत् 2080 शक संवत् 1945 मास पौष पक्ष शुक्ल तिथि षष्ठी 23.58 बजे को समाप्त। नक्षत्र उत्तराभाद्रपदा 04.38 बजे प्रात:को समाप्त। योग परिघ 20.01 बजे को समाप्त। करण कौलव 13.05 बजे तदनन्तर तैतिल 23.58 बजे को समाप्त। चन्द्रायु 4.5 घण्टे रवि क्रान्ति दक्षिण 21° 04' सूर्य उत्तरायन कलि अहर्गण 1871860 जूलियन दिन 2460325.5 कलियुग संवत् 5125 कल्पारंभ संवत् 1972949123 सृष्टि ग्रहारंभ संवत् 1955885123 वीरनिर्वाण संवत् 2550 हिजरी सन् 1445 महीना रज्जब तारीख 04 विशेष स्कंद षष्ठी, माघ बिहू।

| ग्रह स्थिति | | लग्नारंभ समय | |
|---|---|---|---|
| सूर्य | मकर में | मकर | 06.43 बजे से |
| चंद्र | मीन में | कुंभ | 08.29 बजे से |
| मंगल | धनु में | मीन | 10.02 बजे से |
| बुध | धनु में | मेष | 11.33 बजे से |
| गुरु | मेष में | वृष | 13.13 बजे से |
| शुक्र | वृश्चिक में | मिथुन | 15.11 बजे से |
| शनि | कुंभ में | कर्क | 17.24 बजे से |
| राहु | मीन में | सिंह | 19.40 बजे से |
| केतु | कन्या में | कन्या | 21.52 बजे से |
| राहुकाल | 3.00 से 4.30 बजे तक | तुला | 00.03 बजे से |
| | | वृश्चिक | 02.18 ब.से |
| | | धनु | 04.34 बजे से |

| दिन का चौघड़िया | | | रात का चौघड़िया | | |
|---|---|---|---|---|---|
| रोग | 05.53 से | 07.22 बजे तक | काल | 05.42 से | 07.13 बजे तक |
| उद्वेग | 07.22 से | 08.15 बजे तक | लाभ | 07.13 से | 08.45 बजे तक |
| चर | 08.15 से | 10.19 बजे तक | उद्वेग | 08.45 से | 10.16 बजे तक |
| लाभ | 10.19 से | 11.48 बजे तक | शुभ | 10.16 से | 11.48 बजे तक |
| अमृत | 11.48 से | 01.16 बजे तक | अमृत | 11.48 से | 01.19 बजे तक |
| काल | 01.16 से | 02.45 बजे तक | चर | 01.19 से | 02.51 बजे तक |
| शुभ | 02.45 से | 04.13 बजे तक | रोग | 02.51 से | 04.22 बजे तक |
| रोग | 04.13 से | 05.42 बजे तक | काल | 04.22 से | 05.54 बजे तक |

चौघड़िया शुभाशुभ- शुभत्व श्रेष्ठ शुभ, अमृत व लाभ, मध्यम चर, अशुभ उद्वेग, रोग व काल। सभी समय भारतीय मानक समय की मध्य रेखा बिन्दु के आधार पर है अत: आप अपने स्थानीय समयानुसार ही देखें।

## शब्द पहेली - 8008

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| ■ | 1 | | 2 | ■ | 3 | | 4 | ■ |
| 5 | | ■ | | ■ | | ■ | 6 | 7 |
| | ■ | 8 | | 9 | | ■ | ■ | |
| 10 | | 11 | ■ | | ■ | 12 | | |
| ■ | ■ | 13 | | ■ | 14 | | ■ | ■ |
| 15 | | | ■ | 16 | ■ | 17 | | 18 |
| | ■ | ■ | 19 | | 20 | | ■ | |
| 21 | 22 | ■ | | ■ | | ■ | 23 | |
| ■ | 24 | | | ■ | 25 | | | ■ |

**बाएँ से दाएँ**

1. तरंग,हिलोर-3
3. झगड़ा,द्वेष,कहासुनी-3
5. पार्थिव देह-2
6. जरा,थोड़ा-2
8. रहस्य जानने वाला-4
10. दरवेश, औलिया,पीर-3
12. बहुतांश-3
13. राजनीतिक पार्टी-2
14. हिरासत-2
15. साजन,प्रेमी-3
17. देवर्षि-3
19. भगवान,रब,करतार -4
21. श्रवणेंद्रिय-2
23. प्राण,जीवन तत्व-2
24. द्रव पदार्थ-3
25. डोली उठाने वाले-4

**ऊपर से नीचे**

1. भगवान राम का एक पुत्र-2
2. दया,करुणा-3
3. शर्ट,बुशर्ट-3
4. अधिकार-2
5. भद्र,कुलीन-3
7. बड़ा भवन,कोठी-3
8. हमेशा,हर पल-4
9. यात्री,पथिक,राहगीर-2
12. कुख्यात-2,2
15. तमीज,तहजीब-3
16. रात्रि,रजनी-2
18. शोषण करना,दबाना-3
19. आसान,सीधा-3
20. नाव चलाने वाला-3
22. झुका हुआ-2
23. मर्तबान,रूस का राजा-2

शब्द पहेली -8007 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| म | न | ■ | श | री | र | ■ | ज | ला |
| त | ■ | ह | र | म | ■ | न | हा | ना |
| ■ | आ | रा | म | ■ | रा | ज | न | ■ |
| क | स | म | ■ | ल | ह | र | ■ | त |
| र | न | ■ | ग | ल | त | ■ | भ | ला |
| म | ■ | स | ब | क | ■ | का | र | क |
| ■ | आ | ब | रु | ■ | ह | र | ना | ■ |
| म | ह | ल | ■ | का | र | ण | ■ | त |
| न | ट | ■ | क | ल | म | ■ | शा | न |

## आज का राशिफल

**मेष राशि :** रुका हुआ लाभ आज प्राप्त हो सकता है। पूर्व नियोजित कार्यक्रम सरलता से संपन्न हो जाएंगे। जोखिम से दूर रहना ही बुद्धिमानी होगी। शुभ कार्यों की प्रवृत्ति बनेगी और शुभ समाचार भी मिलेंगे।

**वृष राशि :** कुछ एकाग्रता की प्रवृत्ति बनेगी। कामकाज की व्यस्तता से सुख-आराम प्रभावित होगा। धर्म-कर्म के प्रति रुचि जागृत होगी। मानसिक एवं शारीरिक शिथिलता पैदा होगी।

**मिथुन राशि :** जीवनसाथी का परामर्श लाभदायक रहेगा। हित के काम में आ रही बाधा मध्याह्न पश्चात दूर हो जाएगी। परिवारजनों के सहयोग से काम बनाना आसान रहेगा।

**कर्क राशि :** परिवारजन का सहयोग व समन्वय से काम बनाना आसान करेगा। आय-व्यय की स्थिति समान रहेगी आर्थिक लाभ हेतु किये गए कार्यों का तत्काल प्रतिफल मिलेगा।

**सिंह राशि :** मेहमानों का आगमन होगा। राजकीय कार्यों से लाभ होगा। पैतृक सम्पत्ति से लाभ मिलेगा। नैतिक दायरे में रहें। मेहमानों का आगमन होगा।

**कन्या राशि :** शत्रुपक्ष पर आप हावी रहेंगे। पारिवारिक परेशानी बढ़ेगी। कुछ प्रतिकूल गोचर का क्षोभ दिन-भर रहेगा। यश-प्रतिष्ठा में वृद्धि होगी।

**तुला राशि :** कुछ प्रतिकूल गोचर का क्षोभ दिन-भर रहेगा। सुबह-सुबह की महत्वपूर्ण सिद्धि के बाद दिन-भर उत्साह बना रहेगा। किसी लाभदायक कार्य के लिए व्ययकारक स्थितियां पैदा होंगी।

**वृश्चिक राशि :** स्वास्थ्य और जीवन स्तर में सुधार की अपेक्षा रहेगी। ज्ञान-विज्ञान की वृद्धि होगी और सज्जनों का साथ भी रहेगा। कुछ कार्य भी सिद्ध होंगे।

**धनु राशि :** महत्वपूर्ण कार्य को समय पर बना लें तो अच्छा ही होगा। आशा और उत्साह के कारण सक्रियता बढ़ेगी। आगे बढ़ने के अवसर लाभकारी सिद्ध होंगे।

**मकर राशि :** धार्मिक आस्थाएं फलीभूत होंगी। सुख-आनंद कारक समय है। लाभदायक कार्यों की चेष्टाएं प्रबल होंगी। बुद्धितत्व की सक्रियता से अल्प लाभ का हर्ष होगा।

**कुंभ राशि :** शुभ कार्यों का लाभदायक परिणाम होगा। कामकाज की अधिकता रहेगी। लाभ भी होगा और पुराने मित्रों से समागम भी होगा। व्यवसायिक अभ्युदय भी होगा और प्रसन्नताएं भी बढ़ेंगी।

**मीन राशि :** धर्म-कर्म के प्रति रुचि जागृत होगी। मानसिक एवं शारीरिक शिथिलता पैदा होगी। श्रेष्ठजनों की सहानुभूतियां होंगी। रुका हुआ लाभ आज प्राप्त हो सकता है।




## एक नजर

### अमित शाह की बड़ी बहन का निधन, थलतेज में अंतिम संस्कार

**अहमदाबाद।** केन्द्रीय गृह और सहकारिता मंत्री अमित शाह की बड़ी बहन राजेश्वरी शाह (65) का सोमवार को मुंबई के हॉस्पिटल में निधन हो गया। उनका पार्थिव शरीर अहमदाबाद लाया गया है। केन्द्रीय मंत्री के गुजरात में होने की वजह से वे अहमदाबाद में बहन के घर पर पहुंचे। सोमवार को बनासकांठा और गांधीनगर में होने वाला केंद्रीय गृहमंत्री का कार्यक्रम रद्द हो गया। अमित शाह की बड़ी बहन लंबे समय से फेफड़े की बीमारी से जूझ रही थीं।

### धूमधाम से मनाया उत्तरायणी पर्व

**हल्द्वानी।** मकर संक्रांति पर्व यानी उत्तरायणी सोमवार को धूमधाम से मनाया गया। श्रद्धालुओं ने तड़के नदियों में स्नान कर पूजा पाठ के साथ पर्व मनाया। घुघुतिया पर्व के लिए घरों में पकवान बनाए गए। बच्चों के साथ ही बुजुर्ग भी उत्साहित दिखे। रानीबाग स्थित गार्गी नदी में कड़ाके की ठंड के बावजूद सुबह से ही काफी संख्या में श्रद्धालु स्नान के लिए पहुंचे। स्थानीय लोगों के साथ ही पर्वतीय क्षेत्र से भी काफी लोग रानीबाग पहुंचे। बच्चों ने घुघुते की माला पहनकर काले कौवे काले घुघुति माला खाले बोला।

### शी चिनफिंग ने डेनमार्क के नए राजा को बधाई संदेश भेजा

**बीजिंग।** चीनी राष्ट्रपति शी चिनफिंग ने रविवार को डेनमार्क के नए राजा फ्रेडरिक एक्सक को बधाई संदेश भेजा। शी चिनफिंग ने कहा कि कूटनीतिक संबंधों की स्थापना के बाद पिछले 74 सालों में चीन-डेनमार्क संबंधों का विकास जारी रहा। विभिन्न क्षेत्रों में दोनों देशों के बीच सहयोग में उल्लेखनीय उपलब्धियां हासिल हुईं और लोगों के बीच मित्रता गहरी रही है।

### पंजाब में मान सरकार की मिलीभगत से जारी है अवैध खनन : सिद्धू

**नई दिल्ली।** कांग्रेस के वरिष्ठ नेता नवजोत सिंह सिद्धू ने कहा कि पंजाब में आम आदमी सरकार की मिलीभगत से अवैध खनन जारी है। आम आदमी पार्टी (आआपा) ने अवैध खनन से बीते दो वर्षों में चालीस हजार करोड़ रुपये की कमाई की है। सिद्धू ने सोमवार को दिल्ली में नेशनल ग्रीन ट्रिब्यूनल (एनजीटी) के सामने पंजाब के रोपड़ सहित अन्य जिलों में जारी अवैध खनन का मुद्दा उठाया और ट्रिब्यूनल के समक्ष अवैध खनन के साक्ष्य प्रस्तुत किए।

# श्रीरामलला की वर्तमान मूर्ति भी मूल मंदिर के गर्भ गृह में स्थापित होगी

**एजेंसी। अयोध्या**

श्री रामजन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के महासचिव चंपत राय ने कहा कि अयोध्या में वर्तमान में भगवान श्रीरामलला की मूर्ति की पूजा अर्चना की जा रही है, उन्हें भी नए मंदिर के गर्भ गृह में ही स्थापित किया जाएगा और नई प्रतिमा के साथ-साथ उनकी भी एक समान पूजा अर्चना की जाएगी। ट्रस्ट के महासचिव चंपत राय ने सोमवार को पत्रकारों से बातचीत में कहा कि भगवान की वर्तमान प्रतिमाएं जिनकी उपासना, सेवा, पूजा लगातार 70 साल (1950 से) से चली आ रही है, वो भी मूल मंदिर के मूल गर्भ गृह में ही उपस्थित रहेंगी। जैसे अभी उनकी पूजा और उपासना की जा रही है, वैसी ही 22 जनवरी से भी अनवरत की जाएगी।

उन्होंने यह भी बताया कि पुरानी प्रतिमाओं के साथ-साथ श्रीरामलला की नई प्रतिमा को भी अंग वस्त्र पहनाए जाएंगे। मालूम हो कि वर्तमान में जिस मंदिर में श्रीरामलला की पूजा होती है, वहां श्रीरामलला अपने तीनों भाइयों के संग विराजमान हैं। श्रीराम जन्मभूमि ट्रस्ट के महासचिव ने कहा कि राम मंदिर के गर्भगृह में रामलला की प्राण प्रतिष्ठा के लिए 16 जनवरी अर्थात मंगलवार से पूजा विधि प्रारंभ हो जाएगी। जो कि 21 जनवरी तक चलेगी। प्राण प्रतिष्ठा के समय गर्भगृह में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ के सर संघचालक मोहन भागवत, श्रीराम जन्मभूमि ट्रस्ट के अध्यक्ष महंत नृत्यगोपाल दास और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ मौजूद रहेंगे। उन्होंने बताया कि प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम में देश के गणमान्य लोगों को आमंत्रित किया गया है। इसमें खिलाड़ी, लेखक, वैज्ञानिक सहित अलग-अलग विधाओं के प्रतिष्ठित लोग शामिल हैं। 22 जनवरी के 'प्राण प्रतिष्ठा' समारोह में 150 से अधिक संतों, विभिन्न क्षेत्रों के विशेषज्ञों और पद्म पुरस्कार विजेताओं को भी आमंत्रित किया गया है।



## राम मंदिर के प्राण प्रतिष्ठा समारोह की सभी तैयारियां पूरी : चम्पत राय

श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के महामंत्री एवं विश्व हिन्दू परिषद के अंतरराष्ट्रीय उपाध्यक्ष चम्पत राय ने सोमवार को बताया कि 22 जनवरी को होने वाले राम मंदिर के प्राण प्रतिष्ठा समारोह की सभी तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। प्राण प्रतिष्ठा से संबंधित पूजा विधि 16 जनवरी से प्रारंभ हो जाएगी। अनुष्ठान के संयोजक आचार्य गणेश्वर शास्त्री द्रविड़ और प्रमुख आचार्य लक्ष्मी दीक्षित के नेतृत्व में 121 आचार्य अनुष्ठान संपन्न कराएंगे। चम्पत राय ने रामघाट स्थित कार्यशाला में आयोजित प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहा कि राम सबके, सब राम के, यह दृश्य 22 जनवरी को पूरी दुनिया में दिखना चाहिए। प्रभु श्रीराम की प्राण प्रतिष्ठा का यह शुभ अवसर प्रत्येक भारतवासी के लिए शताब्दी में होने वाला ऐसा गौरव का क्षण है जब हम संपूर्ण भारत के विभिन्न अंचलों और राज्यों से वहां के पारंपरिक वाद्यों का वादन रामलला के सम्मुख करने जा रहे हैं। विभिन्न राज्यों के 25 प्रमुख और दुर्लभ वाद्य यंत्रों के मंगल वादन से अयोध्या में यह प्रतिष्ठा महोत्सव संपन्न होगा। उन्होंने बताया कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी, राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के सरसंघचालक डॉ. मोहन भागवत, उत्तर प्रदेश की राज्यपाल आनंदीबेन पटेल, मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ सहित अन्य विशिष्ट जनों की उपस्थिति में प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम संपन्न होगा। श्रीराम जन्मभूमि मंदिर परिसर में प्राण प्रतिष्ठा के साक्षी बनने के लिए देश की सभी आध्यात्मिक एवं धार्मिक मत, पंथ, संप्रदाय, उपासना पद्धतियों व सभी अखाड़े के आचार्य, सभी संप्रदायों के आचार्य, 150 से अधिक परंपराओं के संत, महामंडलेश्वर, मंडलेश्वर, श्रीमहंत, महंत, नागा साथ ही 50 से अधिक वनवासी, गिरिवासी और जनजातीय परंपराओं की उपस्थिति रहेगी। प्राण प्रतिष्ठा समारोह में दुनिया के 50 देशों के 53 प्रतिनिधि भी शामिल होंगे।



### उज्जैन से 5 लाख लड्डू भेजने की तैयारी

**उज्जैन।** मध्य प्रदेश की धार्मिक नगरी उज्जैन से अयोध्या में राम मंदिर में रामलला की प्रतिमा की प्राण प्रतिष्ठा के अवसर पर पांच लाख लड्डू भेजे जाने वाले हैं। इन लड्डुओं को बनाने का काम जारी है। इस पुण्य काम में राज्य के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने भी हाथ बटाया। महाकालेश्वर प्रबंध समिति के अनुसार, अयोध्या में रामलला की मूर्ति की प्राण प्रतिष्ठा के अवसर पर उज्जैन से पांच लाख लड्डू प्रसाद स्वरूप भेजे जा रहे हैं, इनमें से चार लाख लड्डू बन चुके हैं तथा शेष एक लाख लड्डू बनाने का कार्य निरंतर जारी है। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने महाकालेश्वर प्रबंध समिति की चिंतामन स्थित लड्डू प्रसाद निर्माण इकाई पहुंचकर अयोध्या के लिए बन रहे लड्डूओं की निर्माण प्रक्रिया का अवलोकन किया। मुख्यमंत्री ने स्वयं भी लड्डू बनाए और उनकी पैकिंग भी की तथा लड्डू बना रहे कारीगरों से बातचीत भी की।



# सेना दिवस पर याद किये गए मातृभूमि के लिए प्राणों की आहुति देने वाले जांबाज

### वार्षिक सेना दिवस परेड मध्य कमान क्षेत्र के लखनऊ में हुई

### सैनिकों की देशभक्ति सभी नागरिकों के लिए प्रेरणास्रोत बनी

**एजेंसी। नई दिल्ली**

भारतीय सशस्त्र बलों की सर्वोच्च कमांडर द्रौपदी मुर्मू से लेकर प्रधानमंत्री, रक्षा मंत्री, सैन्य बलों के प्रमुख और तीनों सेना प्रमुखों ने सेना दिवस पर मातृभूमि के लिए अपने प्राणों की आहुति देने वाले बहादुरों को श्रद्धांजलि दी है। पारंपरिक रूप से दिल्ली में होने वाली वार्षिक सेना दिवस परेड को भारत के अलग-अलग शहरों में आयोजित करने के फैसले के मद्देनजर सोमवार को 76 वें सेना दिवस की परेड मध्य कमान क्षेत्र के लखनऊ में हुई है। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने अपने संदेश में कहा, सेना दिवस पर सेना के जवानों, पूर्व सैनिकों और उनके परिवारों को शुभकामनाएं! भारतीय सेना में अनुकरणीय बहादुरी की एक लंबी परंपरा है, जो अत्यंत समर्पण के साथ देश की सीमाओं की रक्षा करती है। उनकी देशभक्ति सभी नागरिकों के लिए प्रेरणा का एक बड़ा स्त्रोत बनी हुई है। संघर्ष के साथ-साथ शांति की स्थितियों में भी हमारे बहादुर सैनिक हर संभव तरीके से देश की सेवा करने के लिए तैयार रहते हैं। आज कृतज्ञ राष्ट्र मातृभूमि के लिए अपने प्राणों की आहुति देने वालों को श्रद्धांजलि देता है और भारतीय सेना के जज्बे को सलाम करता है।

रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने अपने संदेश में भारतीय सेना के सभी रैंकों, दिग्गजों और उनके परिवारों को हार्दिक बधाई और शुभकामनाएं दीं। उन्होंने कहा, राष्ट्र की सेवा में सेना के निस्वार्थ योगदान की बहुत बड़ी कीमत चुकानी पड़ी है। आज, हम अपने बहादुर बहादुरों को याद करते हैं और उन्हें श्रद्धांजलि देते हैं और उनके परिवारों के प्रति अपनी प्रतिबद्धता की पुष्टि करते हैं, जिन्होंने साहस और दृढ़ संकल्प के साथ अपने प्रियजनों के नुकसान को सहन किया है। हमारे सशस्त्र बलों के सबसे बड़े घटक के रूप में भारतीय सेना राष्ट्रीय सुरक्षा में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती रहेगी। सरकार भारतीय सेना के आधुनिकीकरण के लिए प्रतिबद्ध है। मुझे पूरा भरोसा है कि भारतीय सेना लगातार मजबूत होती जाएगी और देश को गौरवान्वित करती रहेगी। थलसेना प्रमुख जनरल मनोज पांडे ने कहा, स्थिर और सुरक्षित वातावरण सुनिश्चित करने में भारतीय सेना को महत्वपूर्ण भूमिका निभानी है, ताकि देश की प्रगति निरंतर जारी रहे। इसके प्रति हमारा संकल्प मजबूत रहना चाहिए और हर दिन मजबूत होना चाहिए। मैं 'ऑलिव ग्रीन' बिरादरी के प्रत्येक सदस्य से राष्ट्र के प्रति सुरक्षा खतरों का मुकाबला करने के लिए अटूट प्रतिबद्धता जारी रखने का आग्रह करता हूं।

युद्ध का चरित्र बदलता रहता है। भविष्य के लिए खुद को तैयार करने के लिए, हमने पिछले साल एक समग्र परिवर्तन प्रक्रिया शुरू की थी। हमने अच्छी प्रगति की है और कई उपलब्धियां हासिल की हैं। उन्होंने कहा, भारतीय सेना वर्ष 2024 को प्रौद्योगिकी अवशोषण वर्ष के रूप में मनाएगी। सेना के दिग्गजों, वीर नारियों और उनके परिवारों के प्रति हमारी जिम्मेदारी एक पवित्र प्रतिबद्धता बनी हुई है। कल्याणकारी पहलों को बढ़ाने, सक्रिय रूप से उन तक पहुंचने और उनकी शिकायतों का समाधान करने के प्रयासों को सभी स्तरों पर कमांडरों के लिए फोकस क्षेत्र रहना चाहिए। भारतीय सेना को राष्ट्रीय मानस पटल पर एक विशिष्ट कद प्राप्त है। मैं इस बात को लेकर आश्वस्त हूं कि राष्ट्र ने हम पर जो भरोसा जताया है, उसे बरकरार रखने के अपने संकल्प पर हम हमेशा दृढ़ रहेंगे।



### सेना राष्ट्र निर्माण में अथक योदान दे : सीडीएस

सैन्य बलों के प्रमुख (सीडीएस) जनरल अनिल चौहान ने सेना दिवस पर भारतीय सेना के सभी रैंकों, दिग्गजों, वीर नारियों और परिवारों को शुभकामनाएं दीं। उन्होंने कहा, हम उन बहादुरों को श्रद्धांजलि देते हैं, जिन्होंने कर्तव्य की पंक्ति में अपने जीवन का बलिदान दिया और उनके अदम्य साहस और वीरता को सलाम किया। कामना करता हूं कि भारतीय सेना हमारी मातृभूमि को और अधिक सफलता और गौरव दिलाती रहे और राष्ट्र निर्माण में अथक योगदान दे। हम अपने सशस्त्र बलों की विरासत, सम्मान, वीरता और कर्तव्य के प्रति दृढ़ प्रतिबद्धता पर आधारित विरासत पर विचार करें। मुझे विश्वास है कि भारतीय सेना लगातार सशक्त होती जाएगी और राष्ट्र की आकांक्षाओं को पूरा करती रहेगी।

# प्रधानमंत्री संग्रहालय में मोदी को समर्पित गैलरी की शुरूआत, राष्ट्रपति मुर्मू ने किया उद्घाटन

**एजेंसी। नई दिल्ली**

प्रधानमंत्रियों के संग्रहालय में सोमवार को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के जीवन और उनकी उपलब्धियों को सूचीबद्ध करती एक विशेष गैलरी का उद्घाटन राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने किया। संग्रहालय में विशेष गैलरी का अवलोकन के बाद राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने सोशल मीडिया एक्स पर कहा कि प्रधानमंत्रियों के संग्रहालय की मेरी यात्रा एक सुखद और ज्ञानवर्धक अनुभव रहा। भारत के पूर्व प्रधानमंत्रियों को समर्पित दीर्घाओं ने न केवल कई यादें ताजा कीं बल्कि हमारे अतीत से जुड़ने के नए तरीके भी पेश किए। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को समर्पित गैलरी के पहले आगंतुक के रूप में, मुझे राष्ट्र निर्माण के विभिन्न क्षेत्रों में उनके योगदान को एक ही स्थान पर सुसंगत रूप से प्रदर्शित होते देखकर खुशी हुई। उन्नत प्रौद्योगिकी का उपयोग सामग्री को और अधिक आकर्षक बनाता है।



## लालू के घर 'दही-चूड़ा भोज' का आनंद लेने पहुंचे नीतीश कुमार

**एजेंसी। पटना**

मकर संक्रांति पर सोमवार को दही-चूड़ा भोज के लिए बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार राजद प्रमुख लालू प्रसाद यादव के घर गए। नीतीश कुमार निकलने से पहले करीब 10 मिनट तक रुके और दोनों दिग्गज नेताओं के बीच ज्यादा बातचीत नहीं हुई। लालू प्रसाद यादव ने नीतीश कुमार को तिलक नहीं लगाया। उपमुख्यमंत्री तेजस्वी यादव ने कहा कि बिहार में इंडिया गुट एकजुट है। उन्होंने इन अटकलों का खंडन किया कि राजद और जद-यू के बीच संबंध खराब हो गए हैं, उन्होंने कहा कि इन सभी सवालों का कोई मतलब नहीं है। उन्होंने कहा, "हमने बार-बार इस सवाल का जवाब दिया है कि बिहार में सब कुछ ठीक है। जब से बिहार में महागठबंधन की सरकार बनी है और जिस तरह से हमने राज्य के युवाओं को रोजगार देने का वादा किया है, उससे बीजेपी के नेता सदमे में हैं। जब लालू प्रसाद यादव और नीतीश कुमार एक साथ आ गए, इससे बीजेपी नेता चिंतित थे।" उन्होंने कहा, "हमने लाखों नौकरियां दी हैं, जातिगत सर्वेक्षण कराया, आरक्षण बढ़ाया, वजीफा बढ़ाया और अब बिहार में निवेश आ रहा है, इसलिए वे इससे डरे हुए हैं।"



## तेलंगाना में सड़क दुर्घटना में एक ही परिवार के 4 की मौत

**हैदराबाद।** तेलंगाना के महबूबाबाद जिले में एक कार और ऑटो रिक्शा में हुई जोरदार टक्कर के बाद एक ही परिवार के चार सदस्यों की मौत हो गई। घायलों को महबूबाबाद के सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया गया है, जहां उनमें से दो की हालत गंभीर बताई जा रही है। संक्रांति के दिन जिले के गुडुरु मंडल के चिन्नयेल्लापुर गांव के रहने वाले एक परिवार पर तब विपत्ति आई जब वे नागार्जुन सागर के पास एक मंदिर के दर्शन करने के बाद रविवार रात ऑटो रिक्शा से घर लौट रहे थे। जिले के लोगों का एक अन्य समूह भी गुंजेडू में एक मंदिर के दर्शन के बाद कार में घर लौट रहा था।

### विदेश मंत्री डॉ. एस जयशंकर ईरान यात्रा पर

## उत्तर-दक्षिण परिवहन गलियारे और चाबहार पोर्ट पर हुई चर्चा



**एजेंसी। नई दिल्ली**

विदेश मंत्री डॉ. एस. जयशंकर ईरान यात्रा पर हैं। डॉ. जयशंकर ने सोमवार को ईरान के सड़क एवं शहरी विकास मंत्री मेहरदाद बजरपाश के साथ उत्तर-दक्षिण परिवहन गलियारे और चाबहार पोर्ट के बारे में चर्चा की। विदेश मंत्री ने सोशल मीडिया पोस्ट में इसकी जानकारी दी। उन्होंने कहा कि तेहरान (ईरान) में अपने कार्यक्रमों की शुरूआत सड़क एवं शहरी विकास मंत्री से मुलाकात के साथ हुई। चाबहार बंदरगाह के संबंध में दीर्घकालिक सहयोग ढांचा स्थापित करने पर विस्तृत और सार्थक चर्चा हुई। अंतरराष्ट्रीय उत्तर-दक्षिण परिवहन गलियारे पर भी विचारों का आदान-प्रदान किया। विदेश मंत्री यहां शीर्ष नेतृत्व से मुलाकात करेंगे।

# उत्तर कोरिया के बैलिस्टिक मिसाइल परीक्षण से कई देशों की नींद उड़ी

**एजेंसी। प्योंगयांग**

उत्तर कोरिया के हाइपरसोनिक वारहेड युक्त मध्यवर्ती दूरी की ठोस-ईंधन बैलिस्टिक मिसाइल के परीक्षण ने कई देशों की नींद उड़ा दी है। इस पर उत्तर कोरिया की आधिकारिक कोरियन सेंट्रल न्यूज एजेंसी ने कहा कि रविवार दोपहर हुए इस प्रक्षेपण का उद्देश्य मिसाइल के ठोस-ईंधन इंजन की विश्वसनीयता और हाइपरसोनिक वारहेड की गतिशील उड़ान क्षमताओं की पुष्टि करना था। यह परीक्षण सफल रहा। केसीएनए के अनुसार, इस परीक्षण से किसी भी पड़ोसी देश की सुरक्षा पर कोई असर नहीं पड़ा और इसका क्षेत्रीय स्थिति से कोई लेना-देना नहीं है। यह परीक्षण रक्षा विज्ञान संस्थानों की शक्तिशाली हथियार प्रणालियों को विकसित करने की नियमित गतिविधियों का एक हिस्सा है। इस परीक्षण पर दक्षिण कोरिया ने सोमवार को बड़ा दावा किया। जापान टुडे की रिपोर्ट के अनुसार दक्षिण कोरिया ने कहा है कि यह मिसाइल दूरस्थ अमेरिकी लक्ष्यों पर हमला करने के लिए डिजाइन की गई है। इससे गुआम और जापान में स्थित अमेरिकी सैन्य अड्डों को लक्षित किया जा सकता है। दक्षिण कोरिया के ज्वाइंट चीफ्स ऑफ स्टाफ ने कहा कि उत्तर कोरिया की इस मिसाइल ने कोरियाई प्रायद्वीप और जापान के बीच पानी में उतरने से पहले लगभग 1,000 किलोमीटर (620 मील) की उड़ान भरी। रिपोर्ट के अनुसार, उत्तर कोरिया 2021 से हाइपरसोनिक हथियारों का परीक्षण कर रहा है। उन्हें मैक 5 से अधिक या ध्वनि की गति से पांच गुना अधिक गति से उड़ने के लिए डिजाइन किया गया है। केसीएनए की एक रिपोर्ट के अनुसार विदेश मंत्री चोए सन हुई के नेतृत्व में एक उत्तर कोरियाई प्रतिनिधिमंडल रूस के विदेश मंत्री के निमंत्रण पर रूस की यात्रा के लिए रविवार को प्योंगयांग से रवाना हुआ है। जापान टुडे की रिपोर्ट के अनुसार अमेरिका और दक्षिण कोरिया की सरकारों का दावा है कि उत्तर कोरिया, रूस को यूक्रेन पर आक्रमण के लिए तोपखाने और मिसाइलों सहित अन्य हथियारों की आपूर्ति कर रहा है।



### फिल्म जगत

## बिग बी ने घर बनाने के लिए अयोध्या में राम मंदिर के पास खरीदा प्लॉट

**मुंबई।** मेगास्टार अमिताभ बच्चन ने 22 जनवरी को होने वाले भगवान राम मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा से कुछ दिन पहले, अयोध्या में लगभग 930 वर्ग मीटर (10,000 वर्ग फीट) जमीन का एक टुकड़ा खरीदा है। अधिकारियों ने यह जानकारी सोमवार को दी। बॉलीवुड के दिग्गज ने द हाउस ऑफ अभिनंदन लोढ़ा (एचओएबीएल) मुंबई की आगामी योजना में 14.50 करोड़ रुपये की लागत से पवित्र तीर्थ नगरी में प्लॉट खरीदा है। वह 'वैश्विक आध्यात्मिक राजधानी' कहे जाने वाले क्षेत्र में घर बनाने की योजना बना रहे हैं। यह संपत्ति भगवान राम मंदिर से बमुश्किल 15 मिनट की दूरी पर और नए महर्षि वाल्मिकी अंतरराष्ट्रीय एयरपोर्ट से 30 मिनट की दूरी पर है। कंपनी के एक प्रवक्ता ने कहा, "सरयू नदी के तट के पास 'द सरयू' नामक 7-स्टार रेटेड 51 एकड़ का मिश्रित उपयोग वाला पॉश कॉम्प्लेक्स, एचओएबीएल द्वारा विकसित किया जा रहा है। बच्चन ने कहा, "मैं अयोध्या में 'द हाउस ऑफ अभिनंदन लोढ़ा' के साथ 'द सरयू' के साथ इस यात्रा को शुरू करने के लिए उत्सुक हूं, जो मेरे दिल में एक विशेष स्थान रखती है।







मकर संक्रांति के पावन अवसर पर भाजपा प्रदेश अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी ने आज साहेबगंज के पवित्र गंगा तट पर स्नान किया। राज्यवासियों के सुख-समृद्धि की कामना की। वहीं मंदिर की साफ-सफाई भी की।

# बाबूलाल मरांडी ने साहिबगंज और कर्मवीर सिंह ने रांची में किया 'दीवार लेखन'

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

भाजपा ने राष्ट्रीय स्तर पर सोमवार से दीवार लेखन अभियान शुरू किया है। नई दिल्ली में राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा ने इसका विधिवत शुभारंभ किया। झारखंड में प्रदेश भाजपा अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने साहिबगंज में और रांची में प्रदेश संगठन महामंत्री कर्मवीर सिंह ने अभियान की शुरूआत की। प्रदेश महामंत्री एवं सांसद आदित्य साहू, डॉ प्रदीप वर्मा, बालमुकुंद सहाय भी दीवार लेखन अभियान में शामिल हुए। अभियान के संचालन के लिए प्रदेश स्तरीय कमेटी के संयोजक सरोज सिंह बनाए गए हैं तथा सह संयोजक के रूप में अमित सिंह, सूरज चौरसिया और अमित साहू शामिल हैं। अभियान की जानकारी देते हुए सरोज सिंह ने बताया कि झारखंड के 29 हजार बूथों पर प्रदेश, जिला, मंडल बूथ के कार्यकताओं के साथ दीवार लेखन अभियान चलाया जाएगा। सांसद और विधायक भी अपने-अपने बूथों पर अभियान में शमिल होते हुए दीवार लेखन करेंगे। उन्होंने बताया कि दीवार लेखन अभियान में पार्टी का कमल निशान बनाते एकबार फिर से मोदी सरकार का नारा लिखा जायेगा। प्रत्येक बूथ के 5 स्थानों पर कार्यकर्ता दीवार लेखन करेंगे। 16 से 20 जनवरी तक प्रदेश पदाधिकारी, केंद्रीय मंत्री गण, सांसद, विधायक, जिला मंडल और बूथ स्तर के पदाधिकारी और कार्यकर्ता अपने लोकसभा क्षेत्र में बूथों पर दीवार लेखन करेंगे।

## संक्षिप्त खबरें

### सीसीएल में जस्ट ट्रांजिशन इन इंडिया कोल सेक्टर-वे फॉरवर्ड पर पैनल डिस्कशन का आयोजन




**रांची।** रांची स्थित सीसीएल मुख्यालय में 'जस्ट ट्रांजिशन इन इंडिया कोल सेक्टर-वे फॉरवर्ड' पर सोमवार को पैनल डिस्कशन का आयोजन किया गया। इसका मुख्य उद्देश्य सस्टेनेबल खनन कर ग्लोबल टम्प्रेचर को 2 डिग्री से कम करने का लक्ष्य हासिल करने पर था। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए सीसीएल के सीएमडी डॉ बी वीरा रेड्डी ने बताया कि जस्ट ट्रांजिशन से संबंधित कार्य चल रहा है और एफएमसी प्रोजेक्ट, भूमिगत खदान आदि के माध्यम से सस्टेनेबल माइनिंग की जा रही है। खनन क्षेत्र में रहने वाले स्टेकहोल्डर्स को भी इसके संबंध में जागरूक किया जायेगा। इस अवसर पर जेटीटीएफ के चेयरमैन एके रस्तोगी, निदेशक तकनीकी (संचालन) आरबी प्रसाद, निदेशक तकनीकी (योजना-परियोजना), इसीएल एनके सिंह, निदेशक तकनीकी (योजना-परियोजना) बीसीसीएल, एसके सिंह, सीईओ सीड, रामापति कुमार, निदेशक (कार्मिक) हर्ष नाथ मिश्र, सीवीओ, सीसीएल, पंकज कुमार ने अपने-अपने संबोधन में जस्ट ट्रांजिशन के बारे में विस्तार से चर्चा करते हुए कहा कि एनर्जी ट्रांजिशन होना निश्चित है और हम सभी लोगों को अभी से इस क्षेत्र में कार्य करना है।

### मुख्यमंत्री सोरेन ने गृह मंत्री अमित शाह की बहन के निधन पर जताया दुख

**रांची।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह की बहन राजेश्वरीबेन के निधन पर दुख व्यक्त किया है। मुख्यमंत्री सोरेन ने एक्स पोस्ट में कहा कि गृह मंत्री अमित शाह जी की बहन राजेश्वरीबेन के निधन का दुःखद समाचार मिला। परमात्मा दिवंगत आत्मा को शांति प्रदान कर शोकाकुल परिवारजनों को दुःख की यह विकट घड़ी सहन करने की शक्ति दे।

### सीएम को मिला खासदेशपिड महोत्सव का आमंत्रण

**रांची।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से सोमवार को कांके रोड रांची स्थित मुख्यमंत्री आवासीय कार्यालय में उड़ीसा से आए नेताजी क्लब के प्रतिनिधिमंडल ने मुलाकात की। इस अवसर पर मुख्यमंत्री को उन्होंने आगामी 23 एवं 24 जनवरी 2024 को मयूरभंज, उड़ीसा में आयोजित होने वाले ₹खासदेशपिड महोत्सव 2024 के अवसर पर सम्मिलित होने के लिए आमंत्रित किया। इस अवसर पर अंजनी सोरेन मरांडी, दुबराज नाग, मनोरंजन मुर्मू, रामचंद्र मार्डी, पूर्णचंद्र हांसदा, संखई मुर्मू, अनिल कुमार हेंब्रम, मनोज मुर्मू एवं जयराम हेंब्रम व अन्य शामिल थे।

### रांची लोकसभा समन्वय समिति एनएसयूआई के संयोजक बने इंद्रजीत सिंह

**रांची।** कांग्रेस रांची लोकसभा समन्वय समिति के संयोजक अनादी ब्रह्म व केशव महतो कमलेश के निर्देश पर कांग्रेस आउटरीच सेल के प्रदेश चेयरमैन इंद्रजीत सिंह को लोकसभा संसदीय क्षेत्र (रांची जिला ग्रामीण, रांची महानगर, सरायकेला- खरसावां) एनएसयूआई समन्वय समिति का संयोजक बनाया गया है। इंद्रजीत सिंह को कांग्रेस की नीतियों व कार्यक्रमों के अनुसार तथा समन्वय समिति के कार्य सूची के अनुरूप कार्य करने को कहा गया है। खासकर के पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे व राहुल गांधी के संदेशों का व्यापक प्रचार प्रसार करने को कहा गया है।

# हेमंत के होटवार जाने का समय आ गया है : बाबूलाल

**नवीन मेल संवाददाता। साहिबगंज**

भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष व पूर्व मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी ने कहा कि झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के होटवार जाने का समय आ गया है, इसलिए अब उनकी बातों पर विश्वास नहीं करें। वह मकर संक्रांति के अवसर पर गांधी चौक स्थित नगर परिषद मार्केट के बैंक्विट हाल में भाजपा के मिलन समारोह में कार्यकर्ताओं को संबोधित कर रहे थे। बाबूलाल ने कहा कि हेमंत सोरेन अक्सर युवाओं को रोजगार देने की बात कहते हैं। नौकरी न देने पर बेरोजगारी भत्ता देने का आश्वासन देते हैं, लेकिन चार वर्ष बीच जाने के बाद भी ना तो किसी को नौकरी दी और न ही बेरोजगारी भत्ता। अब डेढ़ माह में क्या देंगे। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी हमेशा जनता की भलाई व विकास के लिए काम कर रहे हैं। उनके शासनकाल में गरीब कल्याण योजनाएं चलाई जा रही है।

# इस साल की दीपावली अपने नए पक्के मकान में मनाएं : पीएम

## दो माह पहले बिरसा मुंडा की जयंती पर खूंटी से जन मन महाअभियान की हुई थी शुरूआत



## विभिन्न योजनाओं में 23000 करोड़ से ज्यादा खर्च करने जा रही सरकार



**नवीन मेल संवाददाता। गुमला**

प्रधानमंत्री ने जन समुदाय को संबोधित करते हुए कहा कि नमस्कार, जोहार, राम-राम। आज पूरा देश उत्सव मना रहा है। अयोध्या में दीपावली का माहौल है। आज देश के 1 लाख अति पिछड़े जनजातीय परिवार को घर बनाने के लिए पैसे ट्रांसफर किए जा रहे हैं। घरों का निर्माण कार्य जल्द शुरू हो और जनजातीय परिवार के लोग इस साल की दीपावली अपने नए पक्के मकान में मनाए। उन्होंने कहा कि 10 साल में 4 करोड़ गरीबों को पक्का मकान दिया गया है। अंतिम व्यक्ति तक योजनाओं का लाभ पहुंचे यह सरकार की प्राथमिकता है। आज से दो माह पहले बिरसा मुंडा की जयंती पर खूंटी से जन मन महाअभियान की शुरूआत की गई थी। जिसके तहत विभिन्न योजनाओं में 23000 करोड़ से ज्यादा खर्च करने सरकार जा रही है। सरकार का मानना है कि विकास तभी संभव है जब कोई व्यक्ति छूटे नहीं। मोदी की गारंटी मतलब गारंटी के पूरा होने की गारंटी। जनजाति परिवार के लोगों को एक-एक घर बनाने के लिए 2.5 लाख रुपया दिया जाएगा।

**22 तक सभी मंदिरों में सफाई अभियान चलाने की अपील**

प्रधानमंत्री ने कहा कि आगामी 22 जनवरी को अयोध्या में राम लल्ला अपने दिव्य मंदिर में दर्शन देंगे। इस अवसर पर प्राण प्रतिष्ठा हेतु मुझे भी आमंत्रण मिला है। मैं 11 दिन व्रत अनुष्ठान कर रहा हूं। मकर संक्रांति से लेकर 22 जनवरी तक सभी मंदिरों में विशेष सफाई अभियान चलाएं। उल्लेखनीय है कि अंत्योदय मिशन के तहत, समाज के अंतिम पायदान पर खड़े अंतिम व्यक्ति को सशक्त बनाने के उद्देश्य से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के प्रयासों के तहत जनजातीय गौरव दिवस के अवसर पर 15 नवंबर 2023 को विशेष रूप से कमजोर जनजातीय समूहों के सामाजिक-आर्थिक कल्याण के लिए पीएम-जनमन योजना की शरुआत की गई थी। दो माह के पूर्ण होने एवं आज देश भर के विभिन्न हिस्सों में विभिन्न त्योहारों के अवसर पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सोमवार को विडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से प्रधानमंत्री जनजाति आदिवासी न्याय महा अभियान (पीएम जनमन) के तहत प्रधानमंत्री आवास योजना- ग्रामीण के एक लाख लाभार्थियों को पहली किस्त जारी की।

**केंद्रीय मंत्री अर्जुन मुंडा ने किया परिसंपत्तियों का किया वितरण :** जनजातीय मामले सह कृषि विभाग के केंद्रीय मंत्री अर्जुन मुंडा ने कार्यक्रम में लाभुकों के बीच करोड़ों रुपए की परिसंपत्ति का वितरण किया। उन्होंने कहा कि 75 पीवीटीजी जाति के 39 लाख आबादी तक सरकार की योजनाओं का लाभ पहुंचाने के उद्देश्य से यह कार्यक्रम आयोजित है। दो माह पूर्व महाअभियान की शुरूआत हुई और 8000 से अधिक गांव में कैंप लगाए गए। आजादी के 75 साल तक कोई लाभ नहीं मिला था लेकिन प्रधानमंत्री के लक्ष्य निर्धारण का परिणाम है कि आज गांव गांव तक योजनाओं का लाभ पहुंच रहा है।

### केंद्रीय मंत्री ने किया स्टॉल का निरीक्षण

केंद्रीय मंत्री अर्जुन मुंडा, सांसद सुदर्शन भगत, राज्यसभा सांसद समीर उरांव सहित अन्य अतिथियों ने संयुक्त रूप से कार्यक्रम स्थल में विभिन्न विभागों द्वारा लगाए गए स्टॉल का निरीक्षण किया। इसके उपरांत मेडिकल यूनिट वैन को हरी झंडी दिखलाकर रवाना किया। मेडिकल यूनिट वैन गांव गांव पहुंच कर ग्रामीणों का निशुल्क उपचार करेगी। वही स्टॉल का निरीक्षण करने के उपरांत मीडिया से मुखातिब हुए।

22 को अवकाश के लिए सांसद ने सीएम को लिखा पत्र

# झारखंड से भी रहा है रामलला का अनन्य प्रेम

## 22 को मांस-मदिरा की बिक्री प्रतिबंधित की जाए

*हनुमान जी की जन्मस्थली है झारखंड*

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**



श्री रामलला की प्राण प्रतिष्ठा को लेकर सांसद संजय सेठ ने मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को पत्र लिखा है। मुख्यमंत्री को लिखे पत्र में सांसद ने कहा है कि 22 जनवरी को झारखंड सरकार को अवकाश घोषित करना चाहिए। इसके साथ ही उसे दिन मांस और मदिरा की बिक्री पर प्रतिबंध लगाना चाहिए। अपने पत्र में सेठ ने कहा है कि 22 जनवरी 2024, भारतीय इतिहास का वह दिन है, जिसकी प्रतिक्षा सदियों से भारत का जनमानस कर रहा था। यह दिन इतने लंबे समय के संघर्ष, त्याग और तपस्या के बाद हम सबको मिला है। इस दिन को लेकर हमारा गौरव इसलिए भी बढ़ जाता है क्योंकि झारखंड से भगवान श्रीराम का भी अनन्य प्रेम रहा है। भगवान राम के अनन्य भक्त श्री हनुमान जी की जन्मस्थली भी झारखंड ही है।

# ईडी के समन से आदिवासियों में आक्रोश, उठाएंगे ढेला मुगरा : बंधु

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

प्रदेश कांग्रेस के कार्यकारी अध्यक्ष बंधु तिर्की ने कहा कि आदिवासी समाज ईडी को कुछ नहीं समझता है। भाजपा और आरएसएस झारखंड में नरेटिव सेट करती है। एक चुनी हुई सरकार को ईडी द्वारा बार-बार समन भेज कर परेशान किया जा रहा है। लेकिन यह सरकार किसी से डरनेवाले नहीं है। चूंकि यहां आदिवासी मुख्यमंत्री हैं, इसलिए बार-बार समन भेजा जा रहा है, जो आदिवासी समाज किसी भी कीमत पर बर्दाश्त नहीं करेगा। यदि ऐसा ही रवैया रहा, तो आदिवासी समाज ढेला मुगरा उठाएंगे। बंधु तिर्की ने कहा कि इनको पता नहीं कि 12 साल में जनी शिकार होती है। आदिवासियों में काफी आक्रोश है, आक्रोश में आदिवासी ढेला मुगरा पर निकलते हैं। यदि ऐसा हुआ तो बहुत दिक्कत हो जाएगी।

### आदिवासी एकता महारैली के आयोजन को लेकर कार्यशाला का आयोजन




**रांची।** आदिवासी संगठनों की ओर से आदिवासी एकता महारैली का आयोजन 4 फरवरी को मोरहाबादी मैदान में किया जाएगा। इसे लेकर संगम गार्डन में एकदिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। जिसमें झारखंड के विभिन्न जिलों से आए आदिवासी मुद्दों के विशेषज्ञों, आंदोलनकारियों, विभिन्न आदिवासी संगठनों के प्रतिनिधियों ने भागीदारी निभायी। कार्यशाला भाजपा व आरएसएस की आदिवासी विरोधी नीतियां और आदिवासियों को आपस में लड़ाने के षडयंत्र पर गंभीरता पूर्वक चर्चा की गयी। यूनिफॉर्म सिविल कोड, वन संरक्षण अधिनियम 2023, प्रकृति पूजक आदिवासियों के लिए अलग सरना धर्म कोड, आदिवासी समुदाय की घटती जनसंख्या, आदिवासी जमीन की लूट-खसोट, आदिवासियों के प्रदत्त संवैधानिक हक-अधिकारों पर लगातार हमला, आदिवासी समुदाय के परंपरागत कानून, पांचवीं अनुसूची, पेसा कानून, आदिवासी समुदाय की सामाजिक एकता तोड़ने की साज़िश, पूर्व मुख्यमंत्री रघुवर दास की भूमि बैंक को रद्द करने जैसे गंभीर विषयों पर विमर्श हुई।



भारतीय क्रिकेट टीम के कश्मिाई पूर्व कप्तान महेंद्र सिंह धोनी को राम लला की प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम में शामिल होने का आमंत्रण पत्र मिला है। 22जनवरी को अयोध्या में होने वाले इस कार्यक्रम का आमंत्रण कैप्टन कूल को उनके आवास में आरएसएस के सह प्रांत कार्यवाह धनंजय सिंह व भाजपा के प्रदेश संगठन महामंत्री कर्मवीर सिंह ने दिया।

### श्री कृष्ण प्रणामी सेवाधाम ने बांटा गर्म कपड़े

**रांची।** एमआरएस श्री कृष्ण प्रणामी सेवा धाम ट्रस्ट एवं स्वामी सदानंद प्रणामी चैरिटेबल ट्रस्ट के सयुंक्त तत्वावधान मे महिला समिति की सदस्यों ने गर्म कपड़ों का वितरण किया। शिवगंज हरमू रोड स्थित सत्संग भवन के प्रांगण मे विभिन्न मोहल्लों से आयी हुई 91 जरूरतमंद महिलाओं के बीच मकर सक्रांति पर 91 कंबल, 91 उनी टोपी, 91 उनी मोजा और 91 उनी मफलर एवं तिलकुट चूड़ा का निशुल्क वितरण किया गया। जरूरतमंद महिलाएं पुरानी रांची, कुम्हार टोली, ईरगू रोड, पहाड़ी, आनन्द नगर एवं विद्यानगर से आई हुए 91 महिलाओं को गर्म वस्त्र दिया गया। संस्था के अध्यक्ष डूंगरमल अग्रवाल, राजेंद्र प्रसाद अग्रवाल, मनोज कुमार चौधरी, विधा देवी अग्रवाल, सुधा सुलतानिया, शकुंतला केजरीवाल, उर्मिला पाडिया, शारदा पोद्दार, सुनीता अग्रवाल, शकुंतला देवी, सीता देवी शर्मा तथा नंदकिशोर चौधरी उपस्थित थे।

## पृष्ठ एक के शेष

**मुख्यमंत्री ने फिर नहीं गये ईडी...**

का हवाला दिया था। ईडी ने मुख्यमंत्री को बताया है कि ईडी के पूर्व के सात समन की उनके माध्यम से अवहेलना की गई है। ईडी का समन संवैधानिक है और समन की अवहेलना मामले में ईडी पीएमएल अधिनियम के तहत कार्रवाई को स्वतंत्रत है। ईडी ने उन्हें पत्र लिखते हुए कहा है कि वे 16 से 20 जनवरी के बीच यह बताएं कि वे स्वयं ईडी कार्यालय जाएंगे या वे यह भी बताएं कि ईडी के अधिकारी उनसे कहां और कब पूछताछ कर सकते हैं। ईडी ने बताया है कि जमीन घोटला प्रकरण में उनसे पूछताछ किया जाना अनिवार्य है।

**14 अगस्त से सीएम को भेजा रहा समन :** इडी ने फर्जी दस्तावेज के आधार पर जमीन खरीद बिक्री की जांच के दौरान बड़गाईं अंचल के राजस्व कर्मचारी भानु प्रताप प्रसाद के घर छापा मारा था। उसके घर से जमीन के दस्तावेज जब्त किये गये थे। इस सिलसिले में ईडी ने पीएमएलए की धारा 66(2) के तहत राज्य सरकार के साथ सूचनाएं साझा की थी। इसके बाद राज्य सरकार ने इस मामले में प्राथमिकी दर्ज करायी थी। ईडी ने इस प्राथमिकी को इसीआइआर दर्ज की। इसी प्राथमिकी की जांच के दौरान ईडी ने मुख्यमंत्री को अगस्त से समन भेजना शुरू किया। मुख्यमंत्री की ओर से इडी के समन को सुप्रीम कोर्ट में चुनौती दी गयी। सुप्रीम कोर्ट ने याचिका रद्द करते हुए उन्हें हाइकोर्ट में याचिका दायर करने की अनुमति दी, लेकिन हाइकोर्ट से भी राहत नहीं मिली।

**आर्किटेक्ट विनोद सिंह ईडी के...**

अवैध खनन मामले में 12 ठिकानों पर एक साथ तीन जनवरी को छापेमारी की थी। इस दौरान ईडी ने विभिन्न आपत्तिजनक डिजिटल उपकरण, दस्तावेज, रिकॉर्ड और रुपये की नकदी बरामद की। साहिबगंज के डीसी राम निवास यादव के कैंप कार्यालय से 7.25 लाख रुपये सहित 36.99 लाख रुपये बरामद किये गये थे।

**मेरी सरकार के 10 साल गरीबों को...**

कोई छूटे नहीं, हर किसी तक सरकार की योजनाओं का लाभ पहुंचे। सरकार पूरी ताकत लगा रही है कि हमारे अति पिछड़े जनजातीय भाई-बहनों तक सरकार की हर योजना जल्द से जल्द पहुंचे। मेरा कोई अति पिछड़ा भाई-बहन अब सरकार की योजना के लाभ से छूटेगा नहीं। उन्होंने कहा कि आज देश में वो सरकार है जो सबसे पहले गरीबों के बारे में सोचती है। उन्होंने कहा, आज देश में बो सरकार है जो सबसे पहले आप गरीबों के बारे में सौचती है। आज देश में वो सरकार है जो गरीबों की मुश्किलों कम करने के लिए काम करती है। जिनके पास कुछ नहीं है सबसे पहले हम उनके सुख दुख की चिंता कर रहे हैं। मोदी ने कहा कि केंद्र सरकार जो आकांक्षी जिला प्रोग्राम चला रही है उसका सबसे बड़ा लाभ हमारे आदिवासी भाई-बहनों को ही मिला है। हमने आदिवासी इलाकों तक बिजली और सड़क पहुंचायी है। हमने ऐसी व्यवस्था की है कि एक राज्य का राशन कार्ड दूसरे राज्य में भी चल जाए। ऐसे ही आयुष्मान भारत योजना है। इस योजना के तहत आपको देशभर में कहीं भी मुफ्त इलाज मिलेगी ही मिलेगा। प्रधानमंत्री ने कहा कि विकसित भारत संकल्प यात्रा के दौरान भी स्किल सेल की जांच की जा रही है। स्किल सेल अनीमिया के खतरों से आप सभी अच्छी तरह परिचित हैं। इस बीमारी से आदिवासी समाज की कई-कई पीढ़ियां प्रभावित रही हैं। अब सरकार कोशिश में जुटी है कि एक पीढ़ि से दूसरी पीढ़ी में जाने वाली ये बीमारी जड़ से समाप्त हो।उन्होंने कहा कि मेरे आदिवासी भाई बहन भले ही दूर दराज के इलाकों में रहते हों, लेकिन दूरदृष्टि कमाल की होती है। आज आदिवासी समाज देख और समझ रहा है कि कैसे हमारी सरकार जनजातीय संस्कृति और उनके सम्मान के लिए काम कर रही है।

**प्रधानमंत्री शशि किरण...**

पर आश्रित थे। अपने रोजगार के मार्ग को सशक्त करने के लिए वह सखी मंडल से जुड़ी एवं पीएम सम्मान निधि योजना के तहत लोन लेकर फोटो कॉपी मशीन व सिलाई मशीन खरीदी । वह फोटो कॉपी करने का कार्य कर अपना रोजगार चला रहीं है। उन्होंने बताया कि उनके ग्राम में सभी को पीएम उज्जवला योजना, जल जीवन योजना ,सड़क ,बिजली, पीएम किसान योजना, पीएम आवास योजना आदि के तहत लाभ प्राप्त हुआ है, जिससे उनका गांव विकास के मार्ग पर अग्रसर है। वे बताती हैं कि वह अपने सखी मंडल की महिलाओं के साथ पीएम कौशल विकास योजना के तहत दोना पत्तल बनाने का कार्य सीख कर नए रोजगार की भी शुरूआत करेंगी। शशि किरण ने जिले के पीवीटीजी समुदाय के विकास को लेकर केंद्र सरकार की विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं का लाभ देने के लिए माननीय प्रधानमंत्री को जिले वासियों की ओर से आभार प्रकट किया।

**पलामू के तीन युवकों सहित...**

खबर लगते ही ग्रामीण आक्रोशित हो उठे तथा कार सवारों को घेरकर उनकी पिटायी शुरू कर दी। पिटायी से मुजाहिद राइन, चमन मंसूरी, अरमान अंसारी की जहां मौत हो गयी। वहीं मो. वकील और अजीत शर्मा की हालत नाजुक बनी हुई है। वारदात की सूचना मिलने पर नबीनगर थानाध्यक्ष मनोज कुमार पांडे मौके पर पहुंचे और यथास्थिति का जायजा लिया। उन्होंने मामले की सूचना सदर एसडीओ मो. अमानुल्लाह खान को दी। घटना स्थल पर एफएसएल की टीम भी पहुंच चुकी है। घटना की खबर लगते ही पलामू में हड़कंप मचा है। परिजन बदहवास हो गये हैं। पुलिस ने मृतकों का शव पोस्टमार्टम के लिये औरंगाबाद सदर अस्पताल भेज दिया है। मृतकों के परिजन भी औरंगाबाद पहुंच गये हैं।

**पलामू में स्वच्छ मोहल्ला, स्वच्छ ग्राम...**

महापौर मंगल सिंह, प्रदेश कार्यसमिति सदस्य विभाकर नारायण पांडे, अविनाश वर्मा, प्रफुल्ल सिंह और जिला मीडिया प्रभारी सोमेश सिंह ने भी सांसद के साथ मंदिर परिसर में झाड़ू लगाया। कार्यक्रम की अध्यक्षता ग्रामीण मंडल के अध्यक्ष सुनील पांडे ने की। सांसद श्री राम ने कहा कि पीएम नरेंद्र मोदी ने 30 दिसंबर को अयोध्या से आह्वान किया था कि स्वच्छ मोहल्ला, स्वच्छ ग्राम, अयोध्या धाम। पीएम मोदी ने स्वयं इस अभियान की शुरूआत पंचवटी से की थी, जहां भगवान राम अपने वनवास के दौरान सबसे लंबे समय तक रहे थे। प्रदेश प्रशिक्षण प्रमुख मनोज सिंह ने 22 जनवरी को मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान श्रीराम के प्राण प्रतिष्ठा वाले दिन मंदिरों में भजन-कीर्तन तथा सायंकाल दीपावली मनाने के लिए संकल्प दिलाया। इस मौके पर जिला सांसद प्रतिनिधि विजय ओझा, किसान मोर्चा जिला अध्यक्ष जितेंद्र तिवारी, युवा मोर्चा जिला महामंत्री श्वेतांक गर्ग, ग्रामीण मंडल उपाध्यक्ष छोटू सिंह, जनकपुरी ट्रस्ट के अध्यक्ष लोक तिवारी, श्यामलाल तिवारी, मनोज तिवारी, सुधीर तिवारी उपस्थित रहे।

**सुरक्षाबलों व टीएसपीसी नक्सलियों में...**

भारी मात्रा में सामान बरामद किया गया है। पुलिस अधीक्षक राकेश रंजन ने बताया कि गुप्त सूचना मिली थी कि 15 लाख के इनामी प्रतिबंधित टीएसपीसी रीजनल कमांडर आक्रमण गंझू और 10 लाख के इनामी जोनल कमांडर शशिकांत उर्फ आरिफ का हथियारबंद दस्ता क्षेत्र में किसी बड़ी घटना को अंजाम देने के उद्देश्य से चतरा-पलामू बॉर्डर पर भ्रमणशील है। इसके बाद चतरा पुलिस, सीआरपीएफ 190 बटालियन और झारखंड जगुआर के अधिकारियों और जवानों की संयुक्त टीम बनाकर सर्च अभियान चलाया गया। इसी दौरान कुंदा थाना क्षेत्र अंतर्गत अनगड़ा-केदल के बीच भैंसमारा जंगल में सुरक्षा बलों को देख नक्सलियों ने फायरिंग शुरू कर दी। इस पर जवानों ने भी तत्परता से मोर्चा संभाल नक्सलियों को मुंहतोड़ जवाब देते हुए उन्हें पीछे हटने पर मजबूर कर दिया। एसपी ने आगे बताया कि खुद पर पुलिस को भारी पड़ता देख नक्सली जंगल का लाभ उठाकर भाग निकले। इसके बाद क्षेत्र की घेराबंदी कर चलाए गए सघन सर्च अभियान में पुलिस से लूटे गये एक 315 बोर का थ्री नॉट थ्री रायफल, एक अमेरिकन सिंगल शॉट, एक देसी बंदूक, 2 किलो बारूद, 10 पिट्ठू बैग, दवाई, मोबाइल फोन व चार्जर समेत दैनिक उपयोग के भारी मात्रा में सामान बरामद किया गया।

**छह माह में हुआ दूसरा इनकाउंटर :** कुंदा थाना क्षेत्र के अनगड़ा इलाके में 6 माह के भीतर नक्सलियों की दूसरी बार पुलिस के साथ भीषण मुठभेड़ हुई है। करीब छह माह पूर्व भाकपा माओवादी नक्सलियों के साथ सीआरपीएफ और जिला बल के जवानों का मुठभेड़ हुई थी। इस मुठभेड़ में सीआरपीएफ के एक जवान चितरंजन यादव को गोली लगी थी, जो इलाज के दौरान शहीद हो गये थे। वहीं सोमवार तड़के सुबह टीएसपीसी नक्सलियों के साथ सुरक्षा बलों की मुठभेड़ हुई है। एसपी ने कहा है कि नक्सलियों के विरुद्ध पुलिस का अभियान निरंतर जारी रहेगा। किसी भी परिस्थिति में नक्सलियों को इलाके में पनपने नहीं दिया जाएगा।

# अंतरराष्ट्रीय हॉकी में वापसी का लुत्फ उठा रही हैं ब्यूटी डुंगडुंग

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

भारतीय महिला हॉकी टीम की मिडफील्डर ब्यूटी डुंगडुंग की मौजूदा एफआईएच हॉकी ओलंपिक क्वालीफायर रांची 2024 में राष्ट्रीय टीम में वापसी हुई है।

मेजबान भारत, जिसे पूल बी में रखा गया है। रविवार को प्रतियोगिता के अपने दूसरे मैच में न्यूजीलैंड पर 3-1 से जोरदार जीत हासिल की जिसमें उदिता और संगीता कुमारी के साथ ब्यूटी डुंगडुंग ने भी एक गोल किया। शनिवार को अपने पहले मैच में संयुक्त राज्य अमेरिका से 0-1 से हार के बाद, ब्लैक स्टिक्स पर महत्वपूर्ण जीत ने भारत को 16 जनवरी को इटली के खिलाफ होने वाले अपने अंतिम पूल गेम से पहले आत्मविश्वास बढ़ाया है।

**भारत 16 जुलाई, 2024 को भारतीय समयानुसार 19:30 बजे इटली का सामना करेगी।**

ब्यूटी, जिन्होंने आखिरी बार भारत के लिए जनवरी 2023 में केपटाउन में दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ टेस्ट मैचों में भाग लिया था, ने कहा कि वह टीम में अपनी वापसी का आनंद ले रही हैं और खुश हैं कि वह रविवार को भारत की जीत में योगदान देने में सक्षम रहीं। उन्होंने कहा मैं टीम में अपनी वापसी का आनंद ले रही हूं। मुझे टीम का हिस्सा बने हुए काफी समय हो गया है। इसलिए, यह अच्छा लगता है कि मैं चोट के बाद टीम में वापसी करने में और टीम की जीत में योगदान देने में सक्षम रही।



21 वर्षीय खिलाड़ी को पिछले साल फरवरी की शुरूआत में बड़ी चोट लगी थी और मार्च में सर्जरी करानी पड़ी थी। ब्यूटी ने कठिन पुनर्वास अवधि के बारे में खुलकर बात की और बताया कि कैसे टीम के साथियों और कोचिंग स्टॉफ के समर्थन ने उन्हें प्रेरित किया।

उन्होंने कहा, ऑपरेशन के एक सप्ताह बाद, मैंने पुनर्वास प्रक्रिया शुरू की। मुझे दर्द का अनुभव हो रहा था लेकिन मैं खुद को प्रेरित करता रहा। मैं नियमित रूप से फिजियोथेरेपी अभ्यास कर रहा थी, जिसकी मुझे मेडिकल स्टाफ ने सिफारिश की थी। मुझे एहसास हुआ कि इसमें बहुत अधिक ध्यान देने की आवश्यकता है। जब तक आप वापस लौटने की मानसिकता रखें, तो यह और भी कठिन हो जाता है।

उन्होंने कहा मैं खुश हूं कि यह ओलंपिक क्वालीफायर है और मुझे अपने घरेलू दर्शकों और अपने राज्य के सामने खेलने का मौका मिल रहा है। मैं यहां खेलने की आदी हूं, इसलिए यहां की परिस्थितियों से अभ्यस्त होना मेरे लिए तुलनात्मक रूप से आसान रहा है। मैं उत्साहित हूं क्योंकि मेरे दोस्तों और परिवार के सदस्यों को भी मेरे मैच देखने को मिल रहे हैं। उन्होंने आगे स्वीकार किया कि घरेलू राज्य में खेलने से दबाव बढ़ता है और उन्होंने बताया कि टीम खेल के मानसिक पहलुओं के लिए कैसे तैयारी करती है। उन्होंने कहा हमेशा दबाव रहता है क्योंकि मैं चोट के बाद सीधे एक बड़ा टूर्नामेंट खेल रही हूं लेकिन अगर हम इस दबाव को अपने दिमाग पर हावी होने देते हैं, तो यह हमारे संघर्ष को बढ़ा देगा।

## झारखंड की संघमित्रा और अमित ने कांस्य पदक जीते









**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

भारतीय एथलेटिक्स संघ और बिहार एथलेटिक्स एसोसिएशन के तत्वावधान में सोमवार को गया (बिहार) में संपन्न 58वीं राष्ट्रीय क्रॉस कंट्री चैंपियनशिप में झारखंड के एथलीटों ने दो कांस्य पदक जीते हैं। बालिका अंडर 20 के छह किलो मीटर दौड़ में झारखंड की संघमित्रा महथा ने 21:14.00 समय के साथ कांस्य पदक जीता।

इस स्पर्धा में बेबी (उत्तर प्रदेश) ने 20:50.0 समय के साथ स्वर्ण और सोनम (दिल्ली) 21:10.0 समय के साथ रजत पदक जीता।

बालक अंडर 16 आयु वर्ग में दो किलो मीटर दौड़ में झारखंड के अमित कुमार महतो ने 5:42.00 समय के साथ कांस्य पदक जीता। इस स्पर्धा का स्वर्ण सचिन रावत (दिल्ली) ने 5:37.0 समय और रजत अनिल कुमार ने (उत्तर प्रदेश) 5:39.0 समय के साथ जीता। इस उपलब्धि पर खेल संघ के पदाधिकारियों ने विजेता खिलाड़ियों को बधाई दी।

# बीसीसीआई ने पुरुष चयन समिति में चयनकर्ता के लिए मांगे आवेदन

## वर्तमान चयन समिति से बाहर हो सकते हैं सलिल अंकोला

**एजेंसी। मुंबई**

भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) ने सोमवार को एक चयनकर्ता (वरिष्ठ पुरुष) पद के लिए आवेदन आमंत्रित किया है हालांकि बीसीसीआई ने यह स्पष्ट नहीं किया है कि अजीत आगरकर के नेतृत्व वाली वर्तमान पांच सदस्यीय चयन समिति से कौन चयनकर्ता बाहर जायेगा।

ऐसी अटकलें हैं कि बाहर होने वाले चयनकर्ता पूर्व तेज गेंदबाज सलिल अंकोला हो सकते हैं क्योंकि मुख्य चयनकर्ता, पूर्व भारतीय तेज गेंदबाज अजीत



अगरकर भी मुंबई और पश्चिम क्षेत्र से हैं। बीसीसीआई आम तौर पर पांच क्षेत्रों में से प्रत्येक से पांच चयनकर्ताओं की नियुक्ति करता है। अंकोला और अगरकर के अलावा एसएस दास, सुब्रतो बनर्जी और





एस शरथ समिति का हिस्सा हैं। अगरकर को पिछले साल 4 जुलाई को चयन समिति का अध्यक्ष नियुक्त किया गया था। अंकोला को 7 जनवरी, 2023 को राष्ट्रीय चयनकर्ता नियुक्त किया गया था।

इससे पहले, दिसंबर 2020 से, वह मुंबई के मुख्य चयनकर्ता थे।

विज्ञापन के अनुसार, एक चयनकर्ता को कम से कम सात टेस्ट, या 30 प्रथम श्रेणी मैच, या 10 वनडे और 20 प्रथम श्रेणी मैच खेलने चाहिए। उन्हें कम से कम पांच साल पहले खेल से संन्यास ले लेना चाहिए था। कोई भी व्यक्ति जो कुल पांच वर्षों तक किसी क्रिकेट समिति का सदस्य रहा हो, पुरुष चयन समिति का सदस्य बनने के लिए पात्र नहीं होगा। आवेदन जमा करने की अंतिम तिथि 25 जनवरी निर्धारित की गई है।

## छावनी फुटबॉल मैदान में क्रिकेट अकादमी का हुआ उदघाटन

**नवीन मेल संवाददाता। रामगढ़**

छावनी फुटबॉल मैदान में 15 जनवरी को रामगढ़ स्पोर्ट्स अकैडमी द्वारा क्रिकेट खिलाड़ियों को बेहतर प्रशिक्षण देने के लिए एक क्रिकेट अकादमी का उदघाटन किया गया। क्रिकेट अकादमी का उदघाटन मुख्य अतिथि दक्षिणी छोटानागपुर के जोनल आईजी अखिलेश झा द्वारा किया गया।

उन्होंने कहा इस तरह के टर्फ विकेट और व्यवस्थित अकादमी क्रिकेटरों का स्किल डेवलप करेगा। जिससे रामगढ़ जिला को अच्छे-अच्छे खिलाड़ी मिल सकेंगे। उन्होंने अकादमी के व्यवस्था को देखकर प्रसन्नता जाहिर की और अकादमी के संचालक आलोक शर्मा, मो कैफ आलम एवं रोहित कुमार को शुभकामना देते हुए कहा कि कम से कम फीस रखकर बेहतर प्रशिक्षण दें। जिससे रामगढ़ जिला में अच्छे खिलाड़ी उभरकर राज्य स्तर के खिलाड़ी बन सकें। इससे पूर्व मुख्य अतिथि का बुके देकर स्वागत किया गया।

**अकादमी के खिलाड़ी अपनी प्रतिभा दिखा सकेंगे: अखिलेश झा**



क्रिकेट अकादमी के उद्घाटन के मौके पर जेएससीए के संयुक्त सचिव पीएन सिंह, राजकुमार शर्मा, रंजीत कुमार सिंह, रणंजय कुमार, रामगढ़ मुख्यालय डीएसपी संजीव मिश्रा, राजीव जायसवाल, रामगढ़ क्रिकेट एसोसिएशन के संरक्षक रमन मेहरा, अध्यक्ष अशोक कुमार जैन, कार्यकारी अध्यक्ष रविंद्र साहू, उपाध्यक्ष गिरधारी गोप, मानद सचिव अरुण कुमार राय, संयुक्त सचिव रोहित कुमार, सह सचिव उपेंद्र प्रसाद सिंह, सदस्य परशुराम शाह, शिवनंदन सिंह, डॉक्टर राहुल सिंह, महावीर अग्रवाल, जावेद खान, अतुलेश कुमार सिंह, सागर मुंडा सहित सैकड़ों की संख्या में प्रशिक्षण पाने वाले जूनियर क्रिकेट खिलाड़ी उपस्थित थे। मुख्य अतिथि को सर्वप्रथम कैफ आलम एवं रोहित कुमार के द्वारा बुके देकर स्वागत किया गया था।

## पर्थ स्कॉर्चर्स ने बीबीएल के मार्कस हैरिस के साथ किया करार



**एजेंसी। पर्थ**

बिग बैश लीग (बीबीएल) के अंतिम चरण के लिए गत चैंपियन पर्थ स्कॉर्चर्स ने ऑस्ट्रेलियाई क्रिकेटर मार्कस हैरिस के साथ प्रतिस्थापन खिलाड़ी के रूप में करार किया है। स्कॉर्चर्स ने जैक क्रॉली को पहले ही खो दिया है, जिन्हें भारत के खिलाफ टेस्ट श्रृंखला के लिए इंग्लैंड टेस्ट टीम में शामिल किया गया है, वहीं, लॉरी इवांस भी फाइनल में टीम का हिस्सा नहीं होंगे क्योंकि उनके पास आईएलटी-20 डील है। स्कॉर्चर्स ने घायल झाय रिचर्डसन के प्रतिस्थापन के रूप में हैरिस को लाकर अपने विकल्पों को मजबूत कर लिया है।

## भारत के सीम आक्रमण का सामना करना कठिन : बेन डकेट

**एजेंसी। नई दिल्ली**

इंग्लैंड और भारत के बीच आगामी पांच मैचों की टेस्ट सीरीज के लिए इंग्लिश बल्लेबाजों और भारत के प्रसिद्ध स्पिन आक्रमण के बीच लड़ाई पर काफी चर्चा हैं। इंग्लैंड के सलामी बल्लेबाज बेन डकेट ने कहा कि मेजबान टीम के तेज गेंदबाजों से भी उन्हें काफी चुनौती मिलेगी। पिछली बार जब इंग्लैंड ने 2021 में भारत का दौरा किया था, तो उन्होंने चेन्नई में शुरूआती मैच जीता था।

इसके बाद रविचंद्रन अश्विन और अक्षर पटेल की स्पिन जोड़ी ने इंग्लिश बल्लेबाजों को रन बनाने का कोई मौका नहीं दिया। भारतीय स्पिन जोड़ी ने मिलकर 60 विकेट लिए और भारत को 3-1 से जीत दिलाई। आगामी श्रृंखला के लिए अश्विन और पटेल के साथ स्पिन विभाग में रवींद्र जडेजा और कुलदीप यादव शामिल होंगे। तेज



गेंदबाजी इकाई में चोटिल मोहम्मद शमी की कमी खल रही है, लेकिन, भारत के पास जसप्रीत बुमराह, मोहम्मद सिराज, मुकेश कुमार और आवेश खान जैसे खतरनाक गेंदबाज अब भी मौजूद हैं। बेन डकेट ने कहा लोग इस बारे में बात करते हैं कि भारत की स्पिन गेंदबाजी कितनी अच्छी है लेकिन उनके सीम आक्रमण के खिलाफ विरोधी टॉप क्रम को भी काफी चुनौतियों का सामना करना पड़ेगा।

## क्योटो तीरंदाजी टूर्नामेंट में युवतियों का जलवा

**एजेंसी। क्योटो (जापान)**

जापान के पश्चिमी प्रांत यमाशिरों की राजधानी क्योटो में रविवार को प्रसिद्ध बौद्ध मंदिर संजूसांगेन्डो में वार्षिक नववर्ष तीरंदाजी टूर्नामेंट (जापानी में क्यूडो) का आयोजन किया गया। इसमें लगभग 1700 युवाओं ने हिस्सा लिया। इनमें युवतियों की संख्या अधिक रही। जापानी समाचार पत्र जापान टुडे



की रिपोर्ट के अनुसार, प्रतिभागियों को 60 मीटर दूर एक मीटर चौड़े लक्ष्य पर निशाना लगाना होता है।

## जापान ने वियतनाम को दी शिकस्त

**दोहा।** ताकुमी मिनामिनो के दो गोल की मदद से शीर्ष वरीय जापान ने रविवार को यहां एएफसी एशियाई कप में ग्रुप डी के पहले दौर में वियतनाम को 4-2 से हरा दिया। गुयेन दिन्ह बाक और फाम के दो गोलों से चार बार के चैंपियन को चौंका दिया।

## प्रखर चतुर्वेदी ने फाइनल में ठोके 400 रन

**एजेंसी। शिवमोग्गा**

प्रखर चतुर्वेदी ने अंडर-19 पुरुषों के लिए भारत के प्रमुख मल्टी-डे टूर्नामेंट कूच बिहार ट्रॉफी के फाइनल में मुंबई के खिलाफ 400 रन बनाकर भारतीय क्रिकेट इतिहास में अपना नाम दर्ज करा लिया। कूच बिहार ट्रॉफी के फाइनल में युवराज सिंह के सर्वोच्च व्यक्तिगत स्कोर के रिकॉर्ड को तोड़ते हुए, प्रखर चतुर्वेदी ने न केवल पहली पारी की बढ़त के आधार पर कर्नाटक के लिए जीत हासिल की, बल्कि क्रिकेट की दुनिया में भी अपना नाम दर्ज कराया।

**युवी का 25 साल पुराना रिकॉर्ड तोड़ा**



## डीएवी के वेद शाहदेव को शूटिंग में स्वर्ण

**नवीन मेल। रांची**

लाल गोपाल नाथ शाहदेव के पोते और लाल विनय ग्राम कुजरा, लोहरदगा के पुत्र वेद शाहदेव ने हरियाणा के फरीदाबाद में आयोजित डीएवी नेशनल में शूटिंग में स्वर्ण पदक जीता।



## रुपे प्राइम वॉलीबॉल 3 के ब्रांड एंबेसडर बने ऋतिक

**एजेंसी। मुंबई**

वॉलीबॉल का रोमांचक खेल हिंदी सिनेमा के स्वाद से सराबोर होने को तैयार है क्योंकि हिंदी सिनेमा के चहेते सुपरस्टार ऋतिक रोशन ब्रांड एंबेसडर के तौर पर ए23 द्वारा संचालित रूपे प्राइम वॉलीबॉल लीग के तीसरे सीजन के साथ जुड़ रहे हैं। अपने शानदार अभिनय के लिए कई पुरस्कार जीत चुके ऋतिक ने पिछले कुछ दशकों में अपनी



फिटनेस और डाइट प्लान को लेकर काफी प्रतिष्ठा हासिल की है।

# मुझमें सर्वश्रेष्ठ लाने का श्रेय सीएसके और धोनी को जाता है : शिवम दूबे

**एजेंसी। इंदौर**

शिवम दूबे ने 32 गेंदों में नाबाद 63 रनों की पारी खेलकर भारत को अफगानिस्तान के खिलाफ तीन मैचों की टी20 सीरीज में 2-0 की अजेय बढ़त दिलाई। अपने शानदार प्रदर्शन का श्रेय इस खिलाड़ी ने अपनी आईपीएल टीम सीएसके और कप्तान एमएस धोनी को दिया।

शिवम दूबे को आईपीएल 2022 से पहले सीएसके ने चार करोड़ रुपये में खरीदा था लेकिन यह 2023 सीजन था। जहां उन्होंने टीम को चैंपियन बनाने के अभियान में अपनी चमक बिखेरी।

दूबे ने 16 मैचों में 158.33 की स्ट्राइक-रेट से 418 रन बनाए। उन्होंने टूर्नामेंट में 35 छक्के लगाने से लेकर बीच के ओवरों में एक स्पिन-हिटर की भूमिका में दमदार प्रदर्शन किया।



उस प्रदर्शन ने उन्हें पिछले साल आयरलैंड दौरे में भारत की टी20 टीम में वापसी कराई। अब आईपीएल 2024 से पहले यह खिलाड़ी एक बार फिर शानदार लय में नजर आ रहा है।

अफगानिस्तान के खिलाफ चल रही श्रृंखला में दूबे ने लगातार अर्द्धशतक जड़ा। पिछले दोनों मैचों में उन्होंने नाबाद 60 और नाबाद 63 रन बनाये हैं। साथ ही दोनों मैचों में एक-एक विकेट भी अपने नाम किये।

दूबे ने कहा जैसे-जैसे मैं आगे बढ़ रहा हूं। अपने प्रदर्शन में सुधार करते रहना खुशी की बात है। मेरे पास जो रेंज है वह भगवान की देन है। मैंने इस मुकाम तक पहुंचने के लिए काफी मेहनत भी की है। दूबे ने जियोसिनेमा से बातचीत में कहा इसका श्रेय चेन्नई सुपर किंग्स (सीएसके) और माही भाई (एमएस धोनी) को जाता है क्योंकि मेरे अंदर क्षमता थी लेकिन उन्होंने मेरे अंदर से सर्वश्रेष्ठ को बाहर निकाला है।

पुरुष टी20 विश्व कप छह महीने से भी कम दूर होने के कारण दुबे ने भविष्य में क्या हो सकता है। इसके बारे में सोचने के बजाय वर्तमान पर ध्यान देने के बारे में सोचने पर जोर दिया।

दूबे ने कहा अतीत में मैंने भविष्य के बारे में बहुत सोचा है। लेकिन मुझे एहसास हुआ कि मुझे वर्तमान पर ध्यान केंद्रित करना है। मुझे इस बात पर ध्यान देना है कि मैं अपने कौशल को कैसे सुधारूं इसलिए यह मेरे लिए अधिक महत्वपूर्ण है।

## खबरें व्यापार जगत की

### कर्ज की मांग में तेजी की उम्मीद, बैंकों ने पूरी की तैयारी





**एजेंसी। नई दिल्ली**

समाप्त हुए साल 2023 में देश में निजी प्लेसमेंट के आधार पर कॉर्पोरेट बॉन्ड के जरिए 9.58 लाख करोड़ रुपए का फंड जुटाया गया। यह अब तक का रिकॉर्ड है। 920 संस्थानों और कंपनियों ने यह राशि जुटाई है। इससे पिछला रिकॉर्ड साल 2020 में बना था, तब बॉन्ड के जरिए 7.94 लाख करोड़ रुपए जुटाए गए थे। विशेषज्ञों के मुताबिक, मजबूत आर्थिक विकास की उम्मीद और बैंकिंग प्रणाली में सीमित लिक्विडिटी के चलते आने वाली कर्ज की मांग को पूरा करने के लिए बॉन्ड के जरिए पूंजी जुटाई जा रही है। यह अच्छी अर्थव्यवस्था का संकेत है। बॉन्ड, पूंजी बाजार से पैसे जुटाने का एक इन्स्ट्रूमेंट होता है। इसे फिक्स्ड इनकम एसेट के रूप में वगीर्कृत किया जाता है। इसमें बॉन्ड जारी करने वाली कंपनी निवेशकों से पूंजी उधार लेती है और बदले में ब्याज समेत मूलधन चुकाने का वचन देती है। बॉन्ड धारकों को ब्याज का भुगतान मासिक, त्रैमासिक, वार्षिक जैसे नियमित अंतराल पर किया जाता है, जिसे बॉन्ड के कूपन के रूप में भी जाना जाता है। बॉन्ड के मैच्योर होने पर बचे हुए ब्याज के साथ मूलधन लौटा दिया जाता है। प्राइमरी पूंजी बाजार पर भारत के प्रमुख डेटाबेस प्राइमडेटाबेस के अनुसार, देश के 920 संस्थानों और कंपनियों ने मिलकर यह पूंजी बॉन्ड बाजार से जुटाई है। कुल एकत्र पूंजी 9.58 लाख करोड़ रुपए में से 7.10 लाख करोड़ रुपए सरकारी और प्राइवेट बैंक और नॉन-बैंकिंग फाइनेंस कंपनियों (एनबीएफसी) ने जुटाए हैं, जो कुल रकम का तीन-चौथाई है। पिछले साल बैंक और एनबीएफसी ने कुल 5.59 लाख रुपए बॉन्ड इश्यू कर जुटाए थे। यानी इस साल बैंकों ने 26 फीसदी ज्यादा पूंजी जुटा ली है। हाउसिंग, सिविल कंस्ट्रक्शन और रियल एस्टेट क्षेत्र 55,379 करोड़ रुपए जुटाकर दूसरे स्थान (6%) पर है। देश की प्रमुख फिनटेक बैंकबाजार डॉट कॉम के संस्थापक और सीईओ आदिल शेट्टी कहते हैं, कॉरपोरेट बॉन्ड में इस अभूतपूर्व उछाल का श्रेय कई कारकों के साथ आने को दिया जा सकता है। सबसे पहले, पिछले साल रिटेल लोन की मांग में 18% की वृद्धि आई थी, जो उपभोक्ता विश्वास और आर्थिक जीवंतता में वृद्धि का स्पष्ट संकेतक है। रिटेल लोन में इस तरह की प्रवृत्ति आम जनता के बीच वित्तीय उत्पादों के प्रति स्वस्थ भूख को रेखांकित करती है। इसके अतिरिक्त, अल्पकालिक छोटे कर्ज के परिदृश्य में सख्ती का दौर देखा जा रहा है। यह बदलाव संभवतः संस्थानों और कॉरपोरेट्स को उनकी पूंजी आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए कॉरपोरेट बॉन्ड जैसे अन्य विकल्पों की ओर प्रोत्साहित कर रहा है। एक क्षेत्र में सख्ती अक्सर दूसरे क्षेत्र में विस्तार की ओर ले जाती है। बीते एक साल के दौरान सबसे अधिक पूंजी एचडीएफसी (74,062 करोड़) ने जुटाई, इसके बाद नाबार्ड (63,164 करोड़), पीएफसी (52,575 करोड़), आरईसी (51,354) और एसबीआई (51,080 करोड़) का नंबर रहा। इन टॉप-5 संस्थानों ने मिलकर 2,92,235 करोड़ जुटाए, जो कुल राशि का 31 फीसदी है। इन कंपनियों ने कुल राशि का 59 फीसदी (5.61 लाख करोड़ रुपए) 7-8 फीसदी कूपन रेंज में जुटाए हैं। इश्यू हुए बॉन्ड्स की अवधि के बारे में बात करें तो सबसे अधिक राशि 10 वर्ष की परिपक्वता अवधि के बॉन्ड जारी करके जुटाई गई। कुल 3.46 लाख करोड़ रुपए 10 वर्ष की परिपक्वता वाले बॉन्ड के जरिए जुटाए गए, जो कि कुल राशि का 36 फीसदी है।

### क्रिप्टो करेंसी मार्केट में भगदड़, बिटकॉइन 43 हजार डॉलर से भी नीचे आया

**नई दिल्ली।** क्रिप्टो करेंसी मार्केट में आज कोहराम मचा हुआ है। मार्केट कैप के लिहाज से टॉप-10 में शामिल क्रिप्टो करेंसीज में से सिर्फ 2 तेजी के साथ ग्रीन जोन में हैं, जबकि 8 गिरावट के साथ रेड जोन में कारोबार करते नजर आ रही हैं। पिछले सप्ताह 49 हजार डॉलर के स्तर पर पहुंचने वाली दुनिया की सबसे बड़ी क्रिप्टो करेंसी बिटकॉइन लगातार गिरावट का सामना करते हुए आज 43 हजार डॉलर के स्तर से भी नीचे पहुंच गई। कीमत में गिरावट के साथ ही इसका मार्केट शेयर भी गिर कर 50 प्रतिशत से नीचे चला गया है। बिटकॉइन की तरह ही दुनिया की दूसरी सबसे बड़ी क्रिप्टो करेंसी एथेरियम की चमक भी आज फीकी पड़ी है। भारत में क्रिप्टो करेंसी का कारोबार करने के लिए अधिकृत एजेंसी कॉइन मार्केट कैप के मुताबिक भारतीय समय के हिसाब से आज शाम 5 बजे तक बिटकॉइन 0.84 प्रतिशत की गिरावट के साथ 42,542.17 डॉलर यानी 35.23 लाख रुपये के स्तर पर कारोबार कर रहा था। इसी तरह दुनिया की दूसरी सबसे बड़ी क्रिप्टो करेंसी एथेरियम की कीमत भी आज 0.35 प्रतिशत की कमजोरी के साथ गिर कर 2,535.68 डॉलर के स्तर पर आ गई थी।

### शेयर बाजार ने तोड़े सारे पिछले रिकॉर्ड नए शिखर पर पहुंचे सेंसेक्स और निफ्टी

**नई दिल्ली।** घरेलू शेयर बाजार में मजबूती का रिकॉर्ड बनाने का सिलसिला आज सप्ताह के पहले कारोबारी दिन भी जारी रहा। आज सेंसेक्स पहली बार 73 हजार अंक के ऊपर खुला और अभी तक के सर्वोच्च स्तर तक पहुंचने के बाद 73 हजार अंक के ऊपर ही आज के कारोबार का अंत किया। इसी तरह निफ्टी भी पहली बार 22 हजार अंक के ऊपर खुला और ऑल टाइम हाई का नया रिकार्ड बनाने के बाद 22 हजार अंक के ऊपर ही बंद हुआ। पूरे दिन के कारोबार के बाद सेंसेक्स 1.05 प्रतिशत और निफ्टी 0.93 प्रतिशत की मजबूती के साथ बंद हुए। आज के कारोबार के दौरान मेटल को छोड़ कर सभी सेक्टोरल इंडेक्स में तेजी बनी रही। पब्लिक सेक्टर एंटरप्राइज, आईटी और इंफ्रास्ट्रक्चर सेक्टर के शेयरों में आज जम कर खरीदारी होती रही। इसी तरह एफएमसीजी और फार्मास्यूटिकल इंडेक्स भी बढ़त के साथ बंद हुए। ब्रॉडर मार्केट में भी आज लगातार खरीदारी होती रही, जिसके कारण बीएसई का मिडकैप इंडेक्स 0.67 प्रतिशत की मजबूती के साथ बंद हुआ। इसी तरह स्मॉलकैप इंडेक्स ने 0.11 प्रतिशत की तेजी के साथ आज के कारोबार का अंत किया।

### रामलला के प्राण प्रतिष्ठा समारोह से देश में एक लाख करोड़ के व्यापार का अनुमान

**नई दिल्ली।** कन्फेडरेशन ऑफ ऑल इंडिया ट्रेडर्स (कैट) ने अयोध्या में अगामी 22 जनवरी को भगवान रामलला की प्राण प्रतिष्ठा समारोह से पहले देश में एक लाख करोड़ रुपये के व्यापार का अनुमान लगाया है। कैट ने अकेले दिल्ली में ही 20 हजार करोड़ रुपये से अधिक का कारोबार होने की संभावना जताई है। कैट के राष्ट्रीय महामंत्री प्रवीण खंडेलवाल ने सोमवार को एक बयान में दावा किया कि 22 जनवरी से पहले देशभर में व्यापारी एवं दूसरे सामाजिक संगठनों द्वारा लगभग 30 हजार से अधिक कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। अयोध्या में आगामी 22 जनवरी को प्राण प्रतिष्ठा समारोह के चलते देशभर में व्यापार में भारी वृद्धि होने का अनुमान है। खंडेलवाल के मुताबिक इससे पहले कैट ने 50 हजार करोड़ रुपये के कारोबार का अनुमान लगाया था, लेकिन जिस तरह राजधानी दिल्ली सहित देशभर के लोगों में रामलला के प्राण प्रतिष्ठा समारोह को लेकर उत्साह है, उसको देखकर कहा जा सकता है कि देश में एक लाख करोड़ रुपये का कारोबार होने की उम्मीद है।